www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 28 मार्च, 2025 | वर्ष-17 | अंक -349 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





लोकतंत्र के लिए यह खतरनाक समय : राउत 02
■ स्पीकर छिपा रहे डबल इंजन सरकार की नाकामी
■ 'आप' ने अपने कार्यकाल में दिल्लीवालों को भ्रमित... 03
■ बलूचिस्तान में 6 पंजाबी मजदूरों की हत्या
■ यमन की राजधानी पर अमेरिकी सेना ने किए... 07
धमकियों से नहीं डरता, सब ईश्वर पर छोड़ दिया 10




विपक्ष ने महंगाई, बेरोजगारी पर सरकार को घेरा

# ट्रम्प के टैरिफ लगाने का होगा नकारात्मक असर

## चिदंबरम ने राज्यसभा में कहा, सरकार अर्थव्यवस्था का सफलतापूर्वक प्रबंधन नहीं कर पा रही

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (एजेंसियां)। विपक्षी सदस्यों विशेषकर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और द्रविड मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्यों ने वित्त वर्ष 2025-26 के आम बजट की कड़ी आलोचना करते हुए गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि इसमें बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से निपटने के लिए कोई उपाय नहीं किए गए हैं और राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है तथा अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाए जाने को देश की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कांग्रेस सदस्य एवं पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने विनियोग (संख्यांक तीन) विधेयक 2025 और वित्त विधेयक 2025 पर सदन में चर्चा की शुरूआत करते हुये कहा कि बजट करीब आठ सप्ताह पहले पेश किया गया लेकिन इसपर कहीं कोई चर्चा नहीं हो रही है। उन्होंने कहा मैं जहां भी जाता हूं, जहां भी बोलता हूं, कोई भी बजट को याद नहीं रखता, कोई भी इस पर चर्चा नहीं करता।

**राजकोषीय घाटा बढ़कर 4.8 फीसदी पर पहुंचा**

उन्होंने मोदी सरकार की राजकोषीय नीति को सराहना योग्य बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार के ऋण को सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में कम करने का इरादा अच्छा है लेकिन जब मई 2014 में इस सरकार ने सत्ता संभाली थी, तो राजकोषीय घाटा 4.5 प्रतिशत था जो 2018-19 में कम होकर 3.4 प्रतिशत पर आ गया लेकिन वित्त वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर फिर से 4.8 प्रतिशत पर पहुंच गया जिससे साफ पता चला है कि सरकार अर्थव्यवस्था का सफलतापूर्वक प्रबंधन नहीं कर पा रही है। हर सरकार को संकट का सामना करना पड़ता है। तृणमूल कांग्रेस की सागरिका घोष ने बजट की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि पिछले दशक में आम लोगों की आय में वास्तव में कोई वृद्धि नहीं हुई है।



### टैरिफ पर मोदी ने अब तक एक शब्द नहीं बोला

चिदंबरम ने अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रम्प द्वारा दो अप्रैल 2025 से भारतीय उत्पादों पर कर बढ़ाए जाने की घोषणा का उल्लेख करते हुए कहा कि बजट में अमेरिका के कई उत्पादों को ध्यान में रखकर टैरिफ कम किए जाने के बावजूद ट्रम्प मानने को तैयार नहीं है। इससे देश को आर्थिक नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि श्री ट्रम्प द्वारा शुल्क बढ़ाए जाने का कनाडा ने पुरजोर विरोध किया है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अब तक एक शब्द नहीं बोला है।

### ओम बिरला से मिले विपक्षी गठबंधन के नेता

**विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जा रहा**

विपक्षी पार्टियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। इस मुलाकात में विपक्षी नेताओं ने लोकसभा में नेता विपक्ष को बोलने नहीं देने का आरोप लगाते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की। लोकसभा में कांग्रेस के उप-नेता गौरव गोगोई ने कहा कि इंडी गठबंधन, जिसमें कांग्रेस, सपा, टीएमसपी, डीएमके, केरल कांग्रेस, राजद, आईयूएमएल, आरएलपी और एमडीएमके के सांसद मौजूद रहे आज शून्य काल के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिले। गौरव गोगोई ने कहा कि हमने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र सौंपा, जिसमें कई पार्टियों के नेताओं के हस्ताक्षर हैं। इनमें आरएसपी और शिवेसना यूबीटी भी शामिल हैं। हमने लोकसभा अध्यक्ष के सामने अपनी चिंता जाहिर की कि किस तरह से सत्ताधारी दल नियमों और परंपराओं का उल्लंघन कर रहा है।

### लोकसभा में इमिग्रेशन बिल पास

लोकसभा में गुरुवार को इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पास हो गया। बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, पश्चिम बंगाल से बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की घुसपैठ हो रही है। ऐसे में जो लोग भारत की व्यवस्था में योगदान करने, व्यापार और शिक्षा के लिए आते हैं, ऐसे सभी लोगों का स्वागत है। लेकिन चाहे रोहिंग्या हो या बांग्लादेशी अगर यहां अशांति फैलाने के लिए आते हैं, तो ऐसे लोगों के साथ बड़ी कठोरता के साथ व्यवहार होगा। अगर कोई भारत को नुकसान पहुंचाने की मानसिकता के साथ आता है तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा।



शाह बोले, बांग्लादेशियों से सख्ती से निपटेंगे

# तमिलनाडु विधानसभा में वक्फ बिल के खिलाफ प्रस्ताव पारित

## स्टालिन बोले, ये मुसलमानों के अधिकार खत्म करेगा

**चेन्नई,** 27 मार्च (एजेंसियां)। तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने गुरुवार को वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने प्रस्ताव के विरोध में कहा- ये बिल मुसलमानों के अधिकारों को खत्म कर देगा।

हमारी मांग है कि केंद्र सरकार बिल वापस ले। स्टालिन ने कहा कि, 'केंद्र सरकार ऐसी योजनाएं ला रही है जो राज्य के अधिकारों, संस्कृति और परंपरा के खिलाफ हैं। वक्फ संशोधन बिल मुसलमानों के अधिकारों को नष्ट कर रहा है। केंद्र सरकार ने कभी मुसलमानों के कल्याण और उनके अधिकारों के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने कहा- संशोधन में कहा गया है कि दो गैर मुस्लिम लोग को वक्फ का हिस्सा होना चाहिए। मुसलमानों को डर है कि यह सरकार का वक्फ संपत्तियों को हड़पने का एक तरीका है और यह धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ है।

**स्टालिन वोट बैंक की राजनीति कर रहे : विपक्ष**

वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ राज्य सरकार के विधानसभा से प्रस्ताव पारित करवाने पर भाजपा विधायक वनथी श्रीनिवासन ने कहा- भाजपा इस प्रस्ताव का विरोध करती है। केंद्र सरकार के पास संशोधन लाने का अधिकार है। वक्फ से जुड़ी कई शिकायतें थीं, जिसके बाद इसमें केंद्र सरकार संशोधन कर रही है। वहीं तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी दल एआईएडीएमके के प्रवक्ता कोवई सत्यन ने कहा- ऐसा लगता है कि डीएमके धर्म और भाषा के आधार पर एक नैरेटिव सेट करने की जल्दी में है। वोट बैंक की राजनीति के लिए लोगों को भड़काने की कोशिश करना बेहद निंदनीय है।



## सार संक्षेप

### कन्नड़ एक्ट्रेस राान्या की जमानत अर्जी खारिज



**बेंगलुरु।** गोल्ड स्मगलिंग केस में गिरफ्तार कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव की जमानत याचिका गुरुवार को बेंगलुरु की सेशन कोर्ट ने खारिज कर दी। यह तीसरी बार है, जब कोर्ट ने रान्या को जमानत देने से इनकार किया है। इससे पहले 12 और 14 मार्च को दो बार कोर्ट ने रान्या को जमानत नहीं दी थी। उधर, मामले में 26 मार्च को राजस्व खुफिया निदेशालय ने बेल्लारी से सोना व्यापारी साहिल सकारिया जैन को अरेस्ट किया।

### ईडी ने बिहार में आठ लोगों के ठिकानों पर मारा छापा

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी संजीव हंस से जुड़े धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले में बिहार भवन निर्माण विभाग के अभियंता समेत आठ लोगों के अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि छापेमारी गुरुवार सुबह भवन निर्माण विभाग के अभियंता के पटना स्थित आवास पर शुरु हुई। इस दौरान अभियंता के आवास से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई है। विभिन्न स्थानों पर की गई छापेमारी के दौरान कुछ दस्तावेज भी बरामद किए गए।

### कुणाल कामरा को पुलिस ने 31 मार्च को बुलाया



**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के पैरोडी सॉन्ग के बाद विवादों में घिरे कॉमेडियन कुणाल कामरा को पुलिस ने 31 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। पुलिस अब तक उन्हें दो समन जारी कर चुकी है। उधर, अपने वीडियो में मिस्टर इंडिया फिल्म के गाने पर पैराडी करने की वजह से कुणाल को टी-सीरीज ने कॉपीराइट नोटिस भेजा है। खुद कुणाल ने एक्स पर यह जानकारी दी।

### नर्सिंग छात्रा के 'उत्पीड़न' पर केरल सरकार से मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने केरल के कासरगोड जिले में एक छात्रावास में वार्डन द्वारा कथित उत्पीड़न के चलते तीसरे वर्ष की नर्सिंग छात्रा के कमरे में आत्महत्या के प्रयास और अंततः उसकी मृत्यु के मामले से जुड़ी घटना पर राज्य सरकार को नोटस भेज कर चार सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है।

जज कैश मामला

# जस्टिस वर्मा का तबादला रोकने की मांग

## सीजेआई से मिले छह बार एसोसिएशन के पदाधिकारी

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर करने के फैसले पर पुनर्विचार हो सकता है। 6 हाईकोर्ट के बार एसोसिएशन के पदाधिकारी गुरुवार को दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना से मिले और तबादला पर विचार करने की मांग की। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने कहा कि सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना से हम लोगों ने मुलाकात कर अपनी मांग रखी है। उन्होंने कहा है कि जस्टिस वर्मा के तबादले की कॉलेजियम की सिफारिश को वापस लेने की मांग पर विचार करेंगे। सदस्यों ने सीजेआई और कॉलेजियम को एक मेमोरेंडम दिया। इसमें दावा किया गया कि दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की रिपोर्ट के मुताबिक, 14 मार्च को जस्टिस यशवंत वर्मा के घर आग लगी थी। इसके एक दिन बाद किसी ने उनके घर से सामान हटा दिया था। ऐसे मामलों में अन्य लोगों के शामिल होने और एफआईआर दर्ज नहीं होने से जांच पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। सीजेआई से इलाहाबाद, गुजरात, केरल, जबलपुर, कर्नाटक और लखनऊ हाईकोर्ट के बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने दोपहर में मुलाकात की।



■ एफआईआर न दर्ज होने पर सवाल उठाए
■ चीफ जस्टिस खन्ना बोले, विचार करेंगे

### 14 मार्च को जज के घर अधजले नोट मिले थे

जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित सरकारी बंगले के स्टोर रूम में 14 मार्च को होली के दिन आग लग गई थी। फायर सर्विस की टीम जब उसे बुझाने गई तो स्टोर रूम में उन्हें बोरियों में भरे 500-500 रुपए के अधजले नोट मिले थे। इसका वीडियो भी सामने आया था।

# भाजपा और आरएसएस दोनों से हमारी लड़ाई : खरगे

## जिला कांग्रेस कमेटियों के प्रमुखों से बोले, हमें इसे सड़क तक ले जाना होगा

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यों में चुनाव जीतने के लिए दीर्घकालिक रणनीति के साथ एकजुट होकर काम करने के वास्ते पार्टी की जिला इकाई प्रमुखों का बृहस्पतिवार को आह्वान किया और कहा कि संगठन की विचारधारा मजबूत है, लेकिन इसे सत्ता के बिना देश में लागू नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि बीजेपी और आरएसएस के खिलाफ कांग्रेस की लड़ाई संसद के अंदर और बाहर दोनों जगह जारी है। कांग्रेस प्रमुख ने कहा, 'हमें इस लड़ाई को सड़कों पर ले जाना चाहिए।' जिला अध्यक्षों की भूमिका के महत्व पर जोर देते हुए खड़गे ने कहा कि वे सिर्फ दूत नहीं हैं, बल्कि कांग्रेस पार्टी के सेनापति हैं, जो जमीन पर आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं। डीसीसी अध्यक्षों की बैठक तीन दिनों में अलग-अलग चरण में हो रही है। गुरुवार बैठक में 13 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के डीसीसी प्रमुख शामिल हुए।

उन्होंने राहुल गांधी की उपस्थिति में कहा स्थानीय नेताओं की सिफारिशों के आधार पर चयन करने के बजाय इन पदों पर सबसे सक्षम, प्रतिबद्ध और मेहनती व्यक्तियों को नियुक्त करना आवश्यक है। खड़गे ने कहा, 'हमारे 'संविधान बचाओ' अभियान ने संविधान को बदलने की बीजेपी-आरएसएस की गुप्त मंशा को उजागर कर दिया है। आज, बीजेपी के पास बहुमत नहीं है और वह दो घटक दलों पर निर्भर है। एक प्रधानमंत्री ने अहंकारपूर्वक दावा किया था कि वह 400 सीट जीतेंगे, लेकिन उन्हें हमारे द्वारा एक बड़ा झटका दिया गया।'



### ओडिशा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं-पुलिस की झड़प

ओडिशा में कांग्रेस ने अपने सभी 14 विधायकों के निलंबन के विरोध में गुरुवार को प्रदर्शन किया। विधानसभा घेरने के लिए कार्यकर्ता विधानसभा की ओर बढ़ रहे थे। इस दौरान पुलिस से उनकी झड़प हुई। दरअसल 25 मार्च को कांग्रेस के 12 विधायक निलंबित कर दिए गए थे। इसके बावजूद विधायक प्रदर्शन करते रहे और पूरी रात सदन में बिताई। विधानसभा के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करते रहे।

### 20-30 सीट और मिल जाती तो सरकार बन जाती

खड़गे ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन की पार्टियों ने बीजेपी और उसके सहयोगियों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़ी, जिससे बीजेपी को 240 सीट तक सीमित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस को 20-30 सीट और मिलतीं तो एक वैकल्पिक सरकार बन जाती।

देश में करोड़पति सांसदों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी

# कुल सांसदों में 92 प्रतिशत से ज्यादा करोड़पति

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। देश में करोड़पति सांसदों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले बीस साल के दौरान देश की संसद में करोड़पति सांसदों की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 20 साल में देश में करोड़पति सांसदों की संख्या 153 से बढ़कर साल 2024 में 504 पहुंच गई है।

एडीआर की तरफ से विश्लेषण किए गए आंकड़ों के अनुसार साल 2024 में कुल सांसदों में 92.8 फीसदी सांसद करोड़पति हैं। 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने वाले 504 सांसद करोड़पति थे। यह संख्या पिछले साल के 479 के मुकाबले 29 अधिक थी। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद करोड़पति सांसदों की संख्या कुल सांसदों का 88.4 फीसदी थी। आंकड़ों को देखें तो 2004 से लेकर 2024 तक संसद में करोड़पति सांसदों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।



■ पिछले 20 साल में करोड़पति सांसदों की संख्या 504 पहुंची

### 2004 में 29 फीसदी सांसद थे करोड़पति

साल 2024 में सांसदों की संपत्ति के विश्लेषण के अनुसार कुल 153 सांसद ही करोड़पति थे। वहीं, इसके बाद 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में करोड़पति सांसदों की संख्या 153 से बढ़कर 312 हो गई। इस तरह करोड़पति सांसदों में 29.8 फीसदी वाली हिस्सेदारी बढ़कर 57 फीसदी तक पहुंच गई। 2014 लोकसभा चुनाव के बाद करोड़पति सांसदों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई। इस चुनाव के बाद करोड़पति सांसदों की हिस्सेदारी 57 से बढ़कर 81.9 फीसदी पहुंच गई।

# कठुआ मुठभेड़ में 2 आतंकवादी ढेर

## मुठभेड़ में 5 सुरक्षाकर्मी घायल, तीन की हालत नाजुक

**जम्मू,** 27 मार्च(देशबन्धु)। कठुआ जिले के सुदूर जंगली इलाके में भीषण मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए और पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए हैं। घायलों में से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। इनमें एक डीएसपी रैंक का अधिकारी भी शामिल है। सुरक्षा बलों ने करीब पांच आतंकवादियों के घुसपैठिए समूह को बेअसर करने के लिए अपना अभियान तेज कर दिया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह वही समूह था जो कठुआ क्षेत्र के सान्याल जंगल में पहले की घेराबंदी से बचकर भाग रहा था या फिर हाल ही में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों का कोई और समूह था। दरअसल कठुआ के जुथाना इलाके में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच चल रही मुठभेड़ में सुबह एक डीएसपी अधिकारी और चार जवान घायल हो गए थे।



■ डीएसपी रैंक का अधिकारी भी शामिल

# सेना के लिए 2500 करोड़ में खरीदे जाएंगे वाहन

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। रक्षा मंत्रालय ने सेना के टैंकों की क्षमता बढ़ाने के लिए ढाई हजार करोड़ रुपए की लागत से पांच हजार हल्के वाहनों की खरीद के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार नाग मिसाइल सिस्टम ट्रैक्ड वर्जन एंटी-टैंक हथियार प्लेटफॉर्म की खरीद के लिए यह अनुबंध आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड, फोर्स मोटर्स लिमिटेड और महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के साथ किया गया है। यह खरीद (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) श्रेणी के तहत की जाएगी। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में गुरुवार को इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए।

**रक्षा सचिव की उपस्थिति में अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए**

सूची | *हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025' में दी गई जानकारी*

# भारत में संपत्ति बढ़ाने के मामले में शीर्ष पर अडाणी

**नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)। अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी संपत्ति बढ़ाने में देश के सबसे अमीर लोगों में शीर्ष पर बने हुए हैं। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई 'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025' में दी गई। 'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025' में गौतम अडाणी की कुल संपत्ति पिछले साल के मुकाबले 13 प्रतिशत या एक लाख करोड़ रुपए बढ़कर 8.4 लाख करोड़ रुपए हो गई है।**

इससे अडाणी देश के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। इस लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी दुनिया के शीर्ष 10 अमीर लोगों की सूची से बाहर हो गए हैं। पिछले साल के मुकाबले उनकी संपत्ति एक लाख करोड़ रुपए कम होकर 8.6 लाख करोड़ रुपए रह गई है। इसकी वजह उनकी कंपनियों पर बढ़ता हुआ कर्ज है। हालांकि, संपत्ति में कमी के बाद भी मुकेश अंबानी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं।



अडाणी देश के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बने

'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025' में 62 वर्षीय गौतम अडाणी भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति और वैश्विक स्तर पर 18वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी ने अपने कॅरियर की शुरुआत एक कमोडिटी ट्रेडर के रूप में की थी और फिलहाल वह रिन्यूएबल एनर्जी, पोर्ट्स, एयरपोर्ट्स, माइनिंग, पावर जनरेशन, मीडिया और सीमेंट सेक्टर में कारोबार करने वाले अडाणी ग्रुप का नेतृत्व कर रहे हैं। इस लिस्ट में एचसीएल टेक की रोशनी नादर 3.5 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ दुनिया की पांचवीं सबसे अमीर महिला हैं। इसके साथ ही वह भारत की पहली महिला उद्यमी हैं, जिन्होंने दुनिया की शीर्ष 10 अमीर महिलाओं में जगह बनाई है।

### एलन मस्क दुनिया के सबसे धनी व्यक्ति

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क एक बार फिर दुनिया के सबसे धनी व्यक्ति हैं, उन्होंने पांच साल की अवधि में चौथी बार शीर्ष स्थान हासिल किया है। उनकी संपत्ति 34.32 लाख करोड़ है।

# देश

**उवाच**

सरकार को जनता संग्रहित किए गए कर का सदुपयोग करना चाहिए। कर से आम आदमी का जीवन कठिन हो रहा है। इसका अर्थव्यवस्था पर बुरा असर हो रहा है। बाजार में मांग गिर रही है। सरकार को जीएसटी घटाना चाहिए।

-राघव चड्ढा,आप सांसद



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 19.0 |
| मुंबई | 30.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 36.0 | 24.0 |
| चेन्नई | 35.0 | 26.0 |

# लोकतंत्र के लिए यह खतरनाक समय : राउत

## संसद में बोलने न देने के राहुल गांधी के दावे पर केंद्र पर बोला हमला

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने गुरुवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी को संसद में बोलने की कथित अनुमति न देने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की आलोचना की। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए खतरनाक समय करार दिया। संजय राउत ने कहा कि राहुल गांधी लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष हैं। अगर ऐसे नेता को स्पीकर संसद के अंदर बोलने की अनुमति नहीं देते हैं, तो यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक समय नहीं तो और क्या है। अगर आपको विपक्ष को चुप कराना है तो आप संसद क्यों चला रहे हैं। उन्होंने लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि विपक्ष लोकतंत्र की आवाज है। अगर आप उस आवाज को ही चुप करा देंगे, तो एक दिन आप संसद भी बंद कर सकते हैं।

यह बयान उस समय आया है, जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया था कि उन्हें सदन में बोलने की अनुमति नहीं दी गई। दरअसल, बीते दिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को सख्त हिदायत दी थी। उन्होंने कांग्रेस नेता से सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए नियमों का पालन करने को कहा था। इस पर राहुल की ओर से कहा गया कि मैंने तो कुछ भी नहीं बोला, मैं तो चुपचाप बैठा था। विपक्ष को बोलने ही कहा दिया जाता है। वहीं कांग्रेस महासचिव और



**विपक्ष लोकतंत्र की आवाज है अगर आप उस आवाज को ही चुप करा देंगे, तो एक दिन आप संसद भी बंद कर सकते हैं : संजय राउत**

सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 'मुझे सदन में नहीं बोलने दिया जाता है' वाले बयान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि स्पीकर की तरफ से राहुल गांधी का पक्ष सुने बिना सदन को स्थगित करना सही नहीं है। रॉबर्ट वाड्रा ने कह कि राहुल गांधी जब सदन में बोलते हैं, तो वे विपक्ष और जनता से जुड़े असल मुद्दों को उठाते हैं। भाजपा इस पर बात नहीं करना चाहती है इसलिए उनको रोक दिया जाता है।

वहीं गत बुधवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की ओर से सांसद राहुल गांधी को पढ़ाए गए मर्यादा के पाठ पर भी वाड्रा बोले। उन्होंने कहा कि दोनों भाई-बहन ने अपने परिवार से यही सीखा है कि आदर और प्रेम से रहें। वे जब मिलते हैं, तो खुशी से मिलते हैं और यही हमें सिखाया गया है। हम भाजपा की तरह नहीं हैं, जो रिश्ते तोड़ती है और अपनी शादी जैसे रिश्तों को भी बनाए नहीं रखती। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है राहुल गांधी को अपनी बात रखनी चाहिए और उनको संसद में बोलने से रोका नहीं जाना चाहिए। संभल प्रशासन द्वारा सड़कों या छतों पर नमाज पढ़ने पर रोक लगाने पर रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि जब भी कोई शख्स मुश्किल में होता है, तो वह अपने भगवान को याद करता है, न कि किसी मंत्री के बारे में, क्योंकि उस समय कोई मंत्री नहीं आने वाला है।

जो लोग मंदिर या मस्जिद जाते हैं, वे मुश्किल समय को याद कर प्रार्थना करते हैं, ताकि उनकी परेशानी टल जाए। अगर भाजपा धर्म की राजनीति करती है या फिर धर्म के आधार पर बांटती है, कहती है कि यहां नमाज नहीं पढ़ी जा सकती है और मीट की दुकानों को बंद किया जाए या फिर औरंगजेब के नाम पर मौजूद स्थानों के नाम बदले जाएं, तो इस तरीके की राजनीति हानिकारक है। इससे प्रगति नहीं आएगी और सभी लोग बंट जाएंगे। जिस तरह से सीएम योगी ने कहा, 'बंटोगे तो कटोगे', ऐसी सोच कोई मुख्यमंत्री रखेगा, तो हम लोग कभी भी आगे नहीं बढ़ पाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि यह हानिकारक है और नई पीढ़ी निश्चित रूप से इससे खुश नहीं होगी। इस तरह की हरकतों से हम देश में क्या हासिल करेंगे। असली मुद्दे, चाहे वे किसानों से जुड़े हों या महंगाई से, कभी चर्चा नहीं होती। देश में भेदभाव की राजनीति नहीं होनी चाहिए और लोगों को अपनी आस्था के अनुसार प्रार्थना करने की अनुमति होनी चाहिए। मुझे लगता है कि देश में भेदभाव की राजनीति नहीं होनी चाहिए। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि मैं पूरे देश में धार्मिक दौरा करता हूं और हर धर्म के लोगों से सीखता हूं कि उनकी प्रार्थनाएं क्या हैं या फिर उनकी सोच क्या कहती है। उस समय मेरा हमेशा फोकस यह नहीं रहता है कि हमें मीडिया के सामने दिखना चाहिए और यही सोच राहुल गांधी की भी है।

हम नहीं चाहते कि कुंभ मेले में जाएं, तो वहां हमारे लिए वीआईपी इंतजाम किए जाएं, जिससे लोगों को असुविधा हो या उन पर किसी भी तरह की कोई रोक लगाई जाए।

### राहुल ने आरोप नहीं लगाया, बल्कि सच्चाई बयां की : प्रियंका चतुर्वेदी



शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 'मैं जब भी सदन में खड़ा होता हूं, मुझे बोलने नहीं दिया जाता' बयान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का बयान आरोप नहीं बल्कि सत्य है। शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि राहुल गांधी का बयान आरोप नहीं बल्कि हकीकत है। मैं मानती हूं कि बार-बार आरोप लगाने की बात बोलना हमें सत्यता से दूर करता है। सवाल यह है कि स्पीकर आते हैं, एक स्टेटमेंट पढ़ते हैं और फिर सदन की कार्यवाही स्थगित कर देते हैं। राइट टू रिप्लाई भी कुछ होता है, प्रधानमंत्री तो सदन में अपनी बात रखते हैं, मगर नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया जाता है। बार-बार ये सब किया जाता है और स्पीकर आरोप लगा रहे हैं, वह संवैधानिक पद पर बैठकर भाजपा का नैरेटिव सेट कर रहे हैं। सही मायनों में नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया जा रहा है। राहुल गांधी ने जो कहा है, वो कोई आरोप नहीं है बल्कि सच्चाई है। उन्होंने आगे कहा कि राज्यसभा में भी कुछ ऐसा ही होता है। मल्लिकार्जुन खड़गे जब कुछ बोलने के लिए उठते हैं तो उनका माइक बंद कर दिया जाता है।

## संसद से

### लोकसभा में उठी शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव की जांच की मांग

लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य पुरुषोत्तम रूपाला ने देश के शेयर बाजारों में पिछले कुछ दिनों से चल रहे उतार-चढ़ाव की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए गुरुवार को इसकी जांच कराए जाने की मांग की। भाजपा सदस्य ने कहा कि बाजार में अस्थिरता से मध्यम वर्ग के निवेशकों में भय का माहौल है। रूपाला ने कहा कि शेयर बाजार की स्थिति को देखते हुये निवेशक अपनी होल्डिंग (खरीदे गए शेयर) को आपाधापी में बेच रहे हैं। उन्होंने मांग की कि इसकी जांच की जानी चाहिए कि बाजार में वर्तमान अस्थिरता भारत के अर्थतंत्र को बर्बाद करने के पीछे कहीं कोई षडयंत्र तो नहीं है। सपा के लक्ष्मी कांत पप्पू ने संत कबीर नगर जिले में सड़कों की बदहाल स्थिति की ओर से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया और सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की।

### मुस्लिम आरक्षण, फिल्मी हस्तियों की छवि का मुद्दा लोकसभा में उठा

लोकसभा में सदस्यों ने मुसलमानों को आरक्षण देने को संविधान के खिलाफ बताते हुए सरकार से सभी नागरिकों के लिए संविधान के अनुसार व्यवस्था बहाल करने और फिल्मी हस्तियों की छवि सोशल मीडिया के जरिए धूमिल करने का मुद्दा उठाया। भारतीय जनता पार्टी के निशिकांत दुबे ने शून्यकाल में मुस्लिम आरक्षण तथा मुसलमानों को विशेष अधिकार दिए जाने को संविधान पर खतरा बताया और कहा कि संविधान खतरे में डालने का जो काम हुआ है उस पर रोक लगाई जानी चाहिए। उन्होंने इस संबंध में वर्ष 1991 और 1995 में बने दो अधिनियमों का जिक्र किया और कहा कि वर्ष 1991 के अधिनियम में हिंदुओं को संयम बरतने की बात कही गई है और वर्ष 1995 के अधिनियम में मुसलमानों को हक दिया गया है कि वे जिस जमीन पर हाथ रखें वह संपत्ति उनकी हो गई। इस तरह से एएसआई और अन्य संपत्तियों पर मुसलमानों का हक हो गया। मुसलमानों को स्मारक और उनकी जमीन देने के साथ ही और ठेकेदारी में आरक्षण दिया जा रहा है।

### राणा सांगा के अपमान का मामला लोकसभा में उठा

महा प्रतापी राणा सांगा के बारे में राज्यसभा में सपा के सदस्य की अपमानजनक शब्दावली का मामला गुरुवार को लोकसभा में उठा और इसकी कड़ी निंदा की गई। भारतीय जनता पार्टी सदस्य तथा महाराणा प्रताप के बंश की बहू महिमा कुमारी ने शून्यकाल में यह मामला उठाया और कहा कि राणा सांगा के बारे में सपा के सांसद ने बहुत ही हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया है। उनकी बहादुरी के बारे में किसी के प्रमाण की जरूरत नहीं है। उन्होंने दो बार इब्राहिम लोधी को हराया था और बाबर को भी एक बार धूल चटाई थी। वह कई युद्ध लड़े थे और उनके शरीर पर असंख्य गहरे घाव थे। उन्होंने सपा सदस्य के शब्दों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि जब उन्हें जानकारी नहीं थी तो,इस बारे में बोलने की जरूरत ही नहीं थी। उनका यह भी कहना था कि देश की इस महान विभूति पर उठे सवाल को लेकर सदन में ही विरोध किया जाना चाहिए था।

### लोकसभा में तमिलनाडु की लंबित मनरेगा राशि जारी करने की मांग

द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसदों ने गुरुवार को लोकसभा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) कानून की राशि रोके जाने का मुद्दा उठाते हुए करीब चार हजार करोड़ रुपये की इस राशि को तत्काल जारी करने की मांग की। द्रमुक सदस्य डॉ.कलानिधि वीरास्वामी ने शून्य काल में कहा कि तमिलनाडु की मनरेगा के करीब 4000 करोड़ व शिक्षा के क्षेत्र में लगभग 2152 करोड़ केंद्र सरकार ने रोक रखे हैं। उन्होंने इन राशियों को तत्काल जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के साथ अन्याय किया जा रहा है, जो उचित नहीं है। द्रमुक के ही अन्नादुरई ने भी राज्य की मनरेगा की निधि जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की करीब 4000 करोड़ रुपए की राशि लंबित है, इसे रोकना ग्रामीण क्षेत्रों के कामगारों के लिए अन्याय है, अतः केन्द्र सरकार इस निधि को तत्काल जारी करे।

### बिग बॉस को बंद करने की उठी मांग

भारतीय जनता पार्टी के अनिल फिरोजिया ने गुरुवार को लोकसभा में टीवी शो बिग बॉस को दर्शकों और समाज के लिए घातक करार देते हुये इस पर रोक लगाने की मांग की। शून्य काल में फिरोजिया ने कहा कि इस शो का व्यापक पैमाने पर प्रसारण किया जाता है, इस शो में दिखाई जाने वाली कथित आपत्तिजनक कथावस्तु से युवाओं और बच्चों पर बहुत गहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सरकार से इस शो पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। भाजपा के सुशील कुमार कश्यप ने हिमाचल प्रदेश में नशीले पदार्थ की समस्या की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि पर्वतीय राज्य में यह समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है।

## सार संक्षेप

### इत्तिहाद-उल-मुस्लिमीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इत्तिहाद-उल-मुस्लिमीन के कुछ नेताओं और सदस्यों के 'राष्ट्र-विरोधी' गतिविधियों में शामिल होने की 'विश्वसनीय खुफिया जानकारी' के आधार पर समूह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने केंद्र सरकार की ओर से समूह पर प्रतिबंध लगाए जाने के दो सप्ताह बाद यह प्राथमिकी दर्ज की है। प्रतिबंध के बावजूद गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल पाए गए व्यक्तियों के खिलाफ बारामूला जिले के पट्टन थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### मप्र के सिंगरौली जिले में भूकंप के हल्के झटके

**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में गुरुवार को कुछ स्थानों पर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए, हालाकि इस वजह से किसी भी प्रकार की हानि की सूचना नहीं है। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.5 दर्ज की गई। प्रशासन के अनुसार जिले में कुछ स्थानों पर भूकंप के झटके दिन में तीन बजकर सात मिनट के आसपास महसूस किए गए। अनेक लोगों को तो भूकंप का अहसास ही नहीं हुआ। इस वजह से किसी भी प्रकार के जान माल की हानि की सूचना नहीं है।

### अरुणाचल प्रदेश में ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में ऑपरेशन डॉन 2.0 के तहत मादक पदार्थों की तस्करी पर चल रही कार्रवाई के दौरान यहां नाहरलागुन पुलिस ने छापेमारी के दौरान एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 3.60 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने जानकारी दी। विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर, पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति नाहरलागुन के ए-सेक्टर में अपने किराए के घर से ईटानगर राजधानी क्षेत्र में नशे के आदी युवाओं को प्रतिबंधित ड्रग्स बेच रहा है। एक पुलिस दल ने ड्रग्स के किसी भी तरह के भागने या निपटान को रोकने के लिए छापेमारी शुरू की।

### उत्तरवाहिनी पंचकोशी नर्मदा परिक्रमा 29 मार्च से शुरू

**गांधीनगर।** गुजरात में उत्तरवाहिनी पंचकोशी नर्मदा परिक्रमा 29 मार्च से शुरू होगी और 14 किमी की परिक्रमा एक महीने तक चलेगी। गुजरात में वडोदरा और नर्मदा जिले से होकर गुजरने वाली नर्मदा नदी नर्मदा जिले में लगभग छह किम तक उत्तर दिशा में बहती है, इसीलिए प्रतिवर्ष चैत्र महीने में उत्तरवाहिनी पंचकोशी नर्मदा परिक्रमा आयोजित की जाती है, जिसका विशेष महात्म्य है। इस वर्ष 29 मार्च से उत्तरवाहिनी पंचकोशी नर्मदा परिक्रमा शुरू होने जा रही है, जो आगामी 27 अप्रैल यानी लगभग एक महीने तक चलेगी।

## जम्मू कश्मीर में अंतिम सांसें ले रहा अलगाववाद : अमित शाह

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर के अलगाववादी संगठन हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से जुड़े दो और गुटों जम्मू-कश्मीर तहरीकी इस्तेकलाल और जम्मू-कश्मीर तहरीक-ए-इस्तिकामत के अलगाववाद को त्यागने और मुख्यधारा में विश्वास जताने के निर्णय का स्वागत किया है। शाह ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में यह बात कही। शाह ने आगे कहा कि मोदी सरकार के शासन में अलगाववाद अंतिम सांसें ले रहा है और एकता की जीत पूरे कश्मीर में गूंज रही है। इसके साथ ही गृह मंत्री ने कहा यह घटनाक्रम अलगाववादी समूह के दो अन्य सहयोगियों की तरफ से इसी तरह की घोषणाओं के दो दिन बाद आया है। बता दें कि, मंगलवार को जम्मू-कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट और जम्मू-कश्मीर डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट ने अलगाववाद से सभी संबंध तोड़ने की घोषणा की। इस एलान के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार के तहत अलगाववाद अपनी अंतिम सांस ले रहा है और एकता की जीत पूरे कश्मीर में गूंज रही है। उल्लेखनीय है कि 26 मार्च को जम्मू और कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट और जम्मू और कश्मीर डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट ने हुर्रियत से खुद को अलग कर लिया था।



# बिहार के सभी सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार का बोलबाला : राजद



आज बिहार में न आम जनता की सुनी जा रही है और न न्याय किया जा रहा : **सत्येंद्र दास**

**पटना,** 27 मार्च (एजेंसियां)। बिहार के राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक सत्येंद्र दास ने गुरुवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अचेतावस्था में रहने के कारण आज पूरे राज्य के सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। विधानसभा में इसे लेकर कार्यस्थगन प्रस्ताव दिया गया, लेकिन इसे अस्वीकार कर दिया गया। क्योंकि इससे सरकार की पोल खुलने का डर था। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि बिहार भ्रष्टाचार की गोद में बैठा हुआ है। किसी भी पुलिस थाना से लेकर प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय कहीं भी चले जाइए, पूरा भ्रष्टाचार है। हम लोग इस पूरे मुद्दे पर कार्यस्थगन लाए थे, लेकिन विस अध्यक्ष ने उसे अस्वीकार कर दिया। अब हम लोग इस मुद्दे को लेकर बिहार विधानसभा से लेकर जनता के बीच जाएंगे। आज बिहार में न आम जनता की सुनी जा रही है और न न्याय किया जा रहा है।

### बिहार विधान परिषद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**पटना।** बिहार विधान परिषद का 209वां सत्र गुरुवार को संपन्न हो गया। सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा की। उन्होंने सत्रावसान के बाद बताया कि इस सत्र में कुल 18 बैठकें आयोजित हुईं और 1,485 प्रश्न प्राप्त हुए। इनमें से 1,300 प्रश्न स्वीकृत और 185 प्रश्न अस्वीकृत हुए। इनमें से 377 प्रश्न सदन में उत्तरित हुए। सभापति ने बताया कि इस सत्र के लिए ई-एप्लिकेशन (नेवा) के माध्यम से कुल 1,069 तारांकित प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुईं, इनमें से 925 प्रश्नों को स्वीकृत कर विभाग को भेजा गया है।

# मानव तस्करी के शिकार झारखंड के 25 नाबालिग बच्चे कराए गए मुक्त

### सभी बच्चों की उम्र 12 से 17 वर्ष के बीच

**रांची,**27 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के सार्थक प्रयास से लगातार मानव तस्करी के शिकार बालक, बालिकाओं को मुक्त कराकर उनके घरों में पुनर्वासित किया जा रहा है। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र, नई दिल्ली द्वारा मानव तस्करी के शिकार 25 नाबालिग बच्चों को वापस झारखण्ड पुनर्वासित किया जा रहा है। इन सभी बच्चों की उम्र 12 से 17 वर्ष के बीच है। इनमें से ज्यादतर बच्चियों को एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र द्वारा दिल्ली पुलिस एवं स्थानीय एनजीओ के सहयोग से दिल्ली एवं दिल्ली से सम्बंधित राज्यों के विभिन्न स्थानों से रेस्क्यू किया गया है। एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र



नई दिल्ली की नोडल ऑफिसर नचिकेता ने आज जानकारी दी कि साहेबगंज जिला के 2 मानव तस्कर पूनम मरांडी एवं ईश्वर तुरी को पकड़ने के दौरान उनके द्वारा बताए गए बच्चों से सम्बंधित सूचना के आधार पर इन सभी बच्चों को दिल्ली एवं दिल्ली के आसपास के राज्यों से एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र में कार्यरत राहुल सिंह एवं निर्मला खलखो के अथक प्रयास के बाद निकाला गया है। यह बच्चे गुरुवार को सुरक्षित सीडीपीओ खूँटी-अल्ताफ खान एवं साहेबगंज की सीडीपीओ-पूनम कुमारी के नेतृत्व में रांची आ रहे हैं। ज्ञातव्य हो कि एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र, झारखंड भवन नई दिल्ली का एक अभिन्न अंग है।

#### महिला एवं बाल विकास विभाग मानव तस्करी के मामले में संवेदनशील

उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग मानव तस्करी के मामले में बहुत ही संवेदनशील है उसी का परिणाम है कि झारखंड के तस्करी के शिकार सैकड़ों बच्चों को झारखंड में अब तक पुनर्वासित किया गया है एवं उन्हें झारखंड सरकार के कई योजनाओं का लाभ भी दिया गया है।

## पन्नीरसेलवम पार्टी में रहने के योग्य नहीं : पलानीस्वामी

**थुथुकुडी,** 27 मार्च (एजेंसियां)। अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव एवं तमिलनाडु विधानसभा में विपक्ष के नेता ईके पलानीस्वामी ने गुरुवार को एक बार फिर निष्कासित नेता ओ.पन्नीरसेलवम को अन्नाद्रमुक में शामिल करने की संभावना से यह कहते हुए इनकार किया कि वह पार्टी में रहने के योग्य नहीं हैं। पलानीस्वामी ने पन्नीरसेलवम के उस बयान पर यह प्रतिक्रिया व्यक्त की जिसमें कहा गया था कि अन्नाद्रमुक के सभी विभाजित दलों को एकजुट हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पन्नीरसेलवम ही वह व्यक्ति है जिसने अन्नाद्रमुक मुख्यालय पर हमला किया था।

उन्होंने कहा कि वह एकीकरण की बात करते रहते हैं जो संभव नहीं है। उन्हें पार्टी में वापस लेने की कोई संभावना नहीं है। एक बार विभाजन हमेशा के लिए विभाजन हो जाता है। चुनावी गठबंधन के बारे में पूछे जाने पर पलानीस्वामी ने कहा कि चुनाव नजदीक आने पर ही गठबंधन पर फैसला होगा। द्रमुक को छोड़कर कोई भी पार्टी अन्नाद्रमुक की दुश्मन नहीं है। अगले विधानसभा चुनाव में अभी 11 महीने बाकी हैं। हम समान विचारधारा वाली पार्टियों को शामिल करेंगे। उस समय गठबंधन के बारे में सभी को सूचित किया जाएगा।

**तैयारी** — *कश्मीर को रेल से जोड़ने के दशकों पुराने प्रयासों को लगे पंख*

# कटरा से कश्मीर तक 19 अप्रैल को दौड़ेगी वंदे भारत ट्रेन

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 27 मार्च (देशबन्धु)। कश्मीर और शेष भारत के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित रेलवे कनेक्शन 19 अप्रैल को हकीकत बनने जा रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कटरा से घाटी के लिए पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।**

यह ऐतिहासिक कार्यक्रम रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री डा. जितेंद्र सिंह, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला सहित अन्य लोगों की मौजूदगी में होगा।यह कश्मीर को रेल से जोड़ने के दशकों पुराने प्रयासों के पूरा होने का प्रतीक है।

वर्तमान में, रेल सेवाएं केवल संगलदान और बारामुल्ला के बीच संचालित होती हैं, जबकि लंबी दूरी की ट्रेनें कटरा में समाप्त होती हैं। नई सेवा इस महत्वपूर्ण अंतर को पाट देगी, जिससे यात्री कश्मीर तक निर्बाध यात्रा कर सकेंगे। ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले, पीएम मोदी रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल का दौरा करेंगे।

अधिकारी उन्हें इसके निर्माण और इंजीनियरिंग की उपलब्धि के रूप में इसके महत्व के बारे में जानकारी देंगे। निरीक्षण के बाद, मोदी कटरा जाएंगे, जहां वे नई ट्रेन सेवा का उद्घाटन करेंगे और एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे



■ **प्रधानमंत्री मोदी दिखाएंगे ट्रेन को हरी झंडी**

उधमपुर आर्मी एयरपोर्ट से नई दिल्ली लौटेंगे। शुरू में, ट्रेन कटरा और बारामुल्ला के बीच चलेगी। हालांकि, जम्मू रेलवे स्टेशन पर विस्तार कार्य पूरा होने के बाद-संभवत: जुलाई-अगस्त तक-ट्रेन सेवाएं कटरा के बजाय जम्मू से शुरू होंगी। अभी तक, दिल्ली या अन्य शहरों से कश्मीर के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं है; यात्रियों को कटरा और बाद में जम्मू में ट्रेन बदलनी होगी।

ट्रेन सेवा की तैयारियों में सुरक्षा पर मुख्य ध्यान दिया गया है। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने हाल ही में शीर्ष रेलवे अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की, ताकि सुरक्षित प्रक्षेपण सुनिश्चित किया जा सके। उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लिंक 272 किलोमीटर तक फैला है, जिसमें से 209 किलोमीटर को 2009 से चरणों में चालू किया गया है। रियासी और कटरा के बीच अंतिम 17 किलोमीटर का हिस्सा तीन महीने पहले पूरा हो गया था, जिससे वंदे भारत एक्सप्रेस सहित सफल ट्रायल रन की अनुमति मिली। 41,000 करोड़ रुपए की लागत वाली यह पूरी परियोजना भारत के सबसे चुनौतीपूर्ण बुनियादी ढांचे के प्रयासों में से एक रही है। कश्मीर को एक विशेष रूप से डिजाइन की गई वंदे भारत एक्सप्रेस भी मिलेगी जो कटरा और श्रीनगर के बीच चलेगी। चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री द्वारा निर्मित, यह ट्रेन एंटी-फ्रीजिंग तकनीक से लैस है, जो-20 डिग्री सेल्सियस से भी कम तापमान में भी सुचारू संचालन की अनुमति देती है। इसमें यात्रियों की सुविधा के लिए उन्नत हीटिंग सिस्टम और सीसीटीवी कैमरे और एक इमरजेंसी टाक बैक यूनिट सहित बढ़ी हुई सुरक्षा सुविधाएं भी हैं।

**उल्टा पुल्टा**

एक बार एक बादशाह ने खुशी में सब कैदी रिहा कर दिए। उन कैदियों में बादशाह ने एक कैदी को देखा जो बहुत ही बुजुर्ग था।
बादशाह : तुम कब से कैद में हो?
बुजुर्ग : आप के अब्बा के दौर से। यह सुनकर बादशाह की आंखों में आंसू आ गए और बोला..इसको दोबारा कैद करो ये अब्बा की निशानी है।

### 'आप' ने सदन में कानून व्यवस्था पर चर्चा नहीं होने देने पर बोला हमला, कहा

# स्पीकर छिपा रहे डबल इंजन सरकार की नाकामी

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने भाजपा के स्पीकर विजेंद्र गुप्ता द्वारा दिल्ली की बिगड़ती कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सदन में चर्चा नहीं होने देने पर कड़ी आपत्ति जताई है। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि स्पीकर विजेंद्र गुप्ता भाजपा की डबल इंजन सरकार की नाकामी छिपा रहे हैं। इसलिए उन्होंने कानून व्यवस्था पर सदन में चर्चा नहीं होने दी। 'आप' विधायकों ने कानून व्यवस्था से जुड़े मुद्दे उठाए तो स्पीकर ने कहा कि दिल्ली की बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था पर चर्चा सदन के समय की बर्बादी है। यह बहुत शर्मनाक बात है कि दिल्ली में गोलियां चल रही हैं, महिलाओं के साथ अपराध हो रहे हैं, सरेआम ड्रग्स बिक रहे हैं और भाजपा के अध्यक्ष डबल इंजन सरकार की नाकामी को छिपाने लगे हैं। अगर दिल्ली के लोगों की समस्याओं पर विधानसभा में चर्चा नहीं होगी तो कहां होगी?



दिल्ली में हालात बद से बदतर हो रहे हैं, भाजपा की डबल इंजन सरकार लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को ठीक करने में नाकाम है : आतिशी

नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था की व्यवस्था दिन-ब-दिन बद से बदतर होती जा रही है। फायरिंग, अपहरण, हत्या और बलात्कार जैसी घटनाएं दिल्ली में आम हो गई हैं। ड्रग्स खुलेआम बिक रहे हैं और छोटे-छोटे बच्चे इसका सेवन कर रहे हैं। जब 'आप' विधायकों ने इस मुद्दे को सदन में उठाने की कोशिश की, तो विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह सदन का समय बर्बाद कर रहा है और वे इसे बर्बाद नहीं होने देंगे। वह लॉ एंड ऑर्डर के मुद्दे पर चर्चा नहीं होने देंगे। आतिशी ने कहा कि अगर विधायक दिल्ली के लोगों के मुद्दे विधानसभा में नहीं उठाएंगे, तो कहां उठाएंगे? अगर लॉ एंड ऑर्डर पर चर्चा नहीं होनी है, तो दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और गृहमंत्री आशीष सूद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मीटिंग क्यों करते हैं? अगर इस पर कोई टिप्पणी नहीं करनी है, तो फिर ये दावा क्यों किए जा रहे कि हम कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे? यह कैसा दोगलापन है?

आतिशी ने कहा कि यह साफ है कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को ठीक करने में नाकाम है। दिल्ली में हालात बद से बदतर हो रहे हैं और इसे दबाने व छिपाने के लिए भाजपा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता सदन में चर्चा नहीं होने दे रहे हैं।

आतिशी ने कहा कि अगर कोई दिल्ली के लोगों के मुद्दे उठाता है, तो उसे सदन से बाहर कर दिया जाता है। लेकिन अगर कोई गाली-गलौज करे, कोई मंत्री या सत्ता पक्ष का विधायक बदतमीजी करे, तो उसकी आरती उतारी जाती है।

## भाजपा ने पुजारियों व ग्रंथियों को मानदेय देने से किया इनकार : 'आप'

### 'आप' ने भाजपा पर लगाया अपने वादों से मुंह मोड़ने का आरोप



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली में भाजपा सरकार पर चुनावी वादों से मुकरने का आरोप लगाया है। 'आप' विधायक अनिल झा ने कहा कि भाजपा सरकार ने पुजारियों और ग्रंथियों को 20 हजार रुपए प्रति माह मानदेय देने की अपनी घोषणा से इनकार कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि चुनाव से पहले भाजपा ने अपने घोषणापत्र में यह वादा किया था कि सरकार बनने पर मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। लेकिन, अब मंत्री प्रवेश वर्मा ने विधानसभा में 'आप' विधायक जरनैल सिंह के सवाल के जवाब में स्पष्ट कर दिया कि सरकार की ऐसी कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दिल्ली में रामराज्य जैसा शासन देने का दावा किया था और अपने घोषणा पत्र में भगवान श्रीराम के नाम का उपयोग किया था। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा नेताओं ने यह भरोसा दिलाया था कि धार्मिक स्थलों से जुड़े पुजारियों और ग्रंथियों को आर्थिक सहायता मिलेगी। अब सत्ता में आते ही भाजपा ने अपने वादों से मुंह मोड़ लिया है।
आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने 18 हजार रुपए प्रति माह मानदेय देने की घोषणा की थी। इसे देखते हुए भाजपा ने भी 20 हजार रुपए प्रति माह देने का वादा कर दिया। लेकिन, अब भाजपा सरकार इस मुद्दे पर पूरी तरह से पीछे हट चुकी है।

## 'आप' ने अपने कार्यकाल में दिल्लीवालों को भ्रमित करने के सिवा कुछ नहीं किया : देवेन्द्र यादव

### कांग्रेस ने 'आप' पर लगाया अल्पसंख्यक, पिछड़ा व दलित विरोधी होने का आरोप

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में आम आदमी पार्टी की सरकार ने दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के कल्याण और उत्थान की योजनाओं को सिर्फ दस्तावेजों में चलाई और वादों को पूरा करने के नाम पर दिल्ली के लोगों को सिर्फ भ्रमित करना का काम किया। अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली की सत्ता पर रहते हुए भ्रष्टाचार, कुशासन और अलॉट फंड का कुप्रबंधन ही नही किया बल्कि समाज के वंचित, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक वर्ग के लाखों लोगों के विकास को पूरी तरह से रोक दिया। आम आदमी पार्टी अल्पसंख्यक, पिछड़ा और दलित विरोधी है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आजादी के बाद जहां दलितों, पिछड़ों अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया और आज भी इनके विकास और प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन संविधान में इन वर्गों के विकास के लिए विशेष प्रावधान होने के बावजूद भाजपा की भांति आम आदमी पार्टी ने भी वंचितों, दलितों और पिछड़ों के लोकतांत्रिक अधिकारों को हनन किया है और लगातार संविधान और लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दलितों के प्रति असंवेदनशीलता को



केजरीवाल ने भ्रष्टाचार, कुशासन व अलॉट फंड का कुप्रबंधन कर वंचित, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक वर्ग के विकास को पूरी तरह से रोक दिया : देवेन्द्र यादव

लेकर भाजपा भी आम आदमी पार्टी से कम नही है। भाजपा ने जहां अपने प्रचार प्रसार के लिए 120 करोड़ का प्रावधान किया है, एस.सी/एसटी और अन्य पिछड़े वर्गों को कल्याण के लिए सिर्फ 158 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। भाजपा सरकार ने एस.सी/एसटी और अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति/मेरिट स्कॉलरशिप हेतू कक्षा 1 से 12वीं तक के लिए पिछली सरकार ने जिसे खत्म कर दिया था उसको दोबारा से भाजपा सरकार ने चालू नही किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने डॉ अम्बेडकर मेधावी छात्रवृति को आधा करके आम आदमी पार्टी सरकार की तरह अपना दलित विरोधी चेहरा उजागर कर दिया है।

**सार संक्षेप**

### ब्लू स्टार ने 150 मॉडलों का रूम एसी किया लांच

**नई दिल्ली।** ब्लू स्टार लिमिटेड ने गर्मी के मौसम के लिए रूम एसी के 150 मॉडलों की एक नई व्यापक रेंज को पेश की है। जिसमें फ्लैगशिप प्रीमियम रेंज भी शामिल है। इस लाइनअप में इनवर्टर, फिक्स्ड स्पीड और विंडो एसी शामिल हैं, जो सभी मूल्य बिंदुओं पर हर उपभोक्ता वर्ग की जरूरतों को पूरा करते हैं। बाजारों में बढ़ती मांग को देखते हुए ब्लू स्टार ने अपनी मैन्युफैक्चरिंग, अनुसंधान एवं विकास और नवाचार क्षमताओं का लाभ उठाकर नए और उत्कृष्ट एसी लॉन्च किए हैं। कंपनी ने 3-स्टार और 4-स्टार श्रेणियों में उच्च कूलिंग प्रदर्शन वाले कई मॉडल लॉन्च किए हैं। ये मॉडल 0.8 टन से 4 टन तक की कूलिंग क्षमता में उपलब्ध हैं, जिनकी आकर्षक कीमत 28990 से शुरू होती है। इस रेंज में लगभग 40 स्मार्ट वाई-फाई एसी मॉडल शामिल हैं, जो कस्टमाइज्ड स्लीप जैसी स्मार्ट सुविधाओं से लैस हैं। ब्लू स्टार लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर बी थियागराजन ने कहा कि भारत में 2030 तक मध्यम वर्ग के लगभग 450 मिलियन उपभोक्ता जुड़ने वाले हैं, ऐसे दौर में रूम एसी का बाजार अपने महत्वपूर्ण मोड़ पर है ।

### रैडबस को इंटरसिटी बस यात्रा में बढ़ोतरी की उम्मीद

**नई दिल्ली।** ईद का लम्बा सप्ताहान्त आ रहा है, ऐसे में रैडबस पर इंटरसिटी बस यात्रा में बढ़ोतरी का अनुमान है। उम्मीद की जा रही है कि पिछले सप्ताह की तुलना में राजधानी में टिकट बुकिंग में 104 फीसदी सालाना की दर से बढ़ोतरी होगी। लोकप्रिय गंतव्य जैसे देहरादून, जयपुर, मनाली, ऋषिकेश और लखनऊ के लिए सबसे ज़्यादा फुटफॉल की उम्मीद है, माना जा रहा है कि यात्री इस अवसर पर लम्बे सप्ताहान्त का लाभ उठाएंगे। ये सभी आंकड़े रैडबस प्लेटफॉर्म पर की गई बुकिंग्स एवं पूर्वानुमानों पर आधारित हैं। ईद के लम्बे सप्ताहान्त पर यात्रा के रूझान कुछ इस तरह से रहने का अनुमान है। 97 फीसदी से अधिक यात्री एसी बस को चुन रहे हैं, जिससे स्पष्ट है कि वे अपनी यात्रा के दौरान आराम और सुविधा को प्राथमिकता देते हैं। युवाओं एवं पुरुष यात्रियों की संख्या अधिक 46 फीसदी बुकिंग्स 21-35 आयुवर्ग में की गई हैं।

# छात्रों के सीयूईटी व नीट की मुफ्त कोचिंग कराएगी सरकार

### दिल्ली सरकार ने बिग इंस्टीट्यूट व फिजिक्स वाला लिमिटेड के साथ किया करार

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार ने राजधानी में 12वीं कक्षा की पढ़ाई पूरी करने वाले विद्यार्थियों को सीईयूटी और नीट की तैयारी कराने के लिए गुरुवार को बिग इंस्टीट्यूट और फिजिक्स वाला लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जो इन विद्यार्थियों को मुफ्त क्रैश कोर्स उपलब्ध कराएंगे। दिल्ली शिक्षा निदेशालय और बिग इंस्टीट्यूट एवं फिजिक्स वाला लिमिटेड के बीच हस्ताक्षरित यह समझौता एनएसडीसी इंटरनेशनल, कौशल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की एक संयुक्त पहल है, जो 1.63 लाख सरकारी स्कूल के छात्रों को राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट) और संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के लिए मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग प्रदान करेगी।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। सूद ने कहा कि यह कार्यक्रम एक अप्रैल से शुरू होगा और इसमें 30 दिनों में 180 घंटे की कोचिंग शामिल होगी, जिसमें प्रतिदिन छह घंटे की कक्षाएं होंगी। उन्होंने कहा कि यह नि:शुल्क पहल हमारे छात्रों को इन महत्वपूर्ण परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेगी, जिससे शीर्ष चिकित्सा महाविद्यालयों और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने की उनकी संभावनाएं काफी बढ़ जाएंगी।

मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य सरकारी स्कूल के छात्रों को मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश दिलाने में मदद करना है। उन्होंने कहा कि इससे दिल्ली सरकार के विद्यालयों के अधिक से अधिक छात्रों को अच्छे महाविद्यालयों में दाखिला लेने और मेडिकल तथा इंजीनियरिंग कार्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाओं को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने का अवसर मिलेगा। एक बयान के अनुसार, इस पहल के तहत विद्यार्थियों को दो अप्रैल से दो मई, 2025 तक प्रतिदिन छह घंटे की ऑनलाइन कोचिंग मिलेगी, जिसमें भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, सामान्य योग्यता और अंग्रेजी जैसे विषय शामिल होंगे।

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लेकर डीयू में वालंटियर संविधान संघ का कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (एजेंसियां)। देशभर के कई विश्वविद्यालयों के छात्र संगठन 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के वालंटियर संविधान संघ की भी यही मांग है। इसमें छात्रों के साथ शिक्षक भी शामिल हैं। उन्होंने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को देश की जरूरत बताया। संघ के सदस्य एवं शिक्षक डॉ. देवेंद्र भारद्वाज ने बताया कि हमारा मैसेज एक ही है कि जो देश के विकास का पैसा पांच साल में कई बार चुनाव के कारण खर्च होता है, वह एक बार ही खर्च होना चाहिए।



■ प्रदर्शनकारी छात्रों व शिक्षकों ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को देश की जरूरत बताया

देश में जितने भी चुनाव होते हैं, वे एक बार में ही कराए जाने चाहिए। इससे देश के लाखों करोड़ रुपए बचेंगे और यह पैसा युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के काम आएगा। देश के सांसद, विपक्ष, प्रधानमंत्री और सभी पार्टियों से हमारी यही मांग है कि पांच साल में एक बार चुनाव कराइए और हमारा भविष्य बचाइए।

उन्होंने कहा कि देश में आजादी से 1967 तक एक ही बार और अच्छे से चुनाव होते थे। उस समय न ईवीएम था और न ही हमारा देश इतना संपन्न था। आज के समय में कई सारी सुविधाएं हैं। पूरी दुनिया हमारी तरफ देख रही है। हम टेक्नोलॉजी के मामले में संपन्न हैं। ईवीएम के माध्यम से देश के सारे चुनाव एक बार कराए जा सकते हैं और लाखों करोड़ रुपए बचाए जा सकते हैं। इससे हमारा देश मजबूत बनेगा।

सामाजिक कार्यकर्ता तरुण शर्मा ने बताया कि संविधान सपोर्ट एक ग्रुप है, जिसकी मांग है कि देश में एक चुनाव हो। इस मांग को लेकर आज हजारों की संख्या में युवा इकट्ठा हुए हैं। हमारा एक ही उद्देश्य है कि संसद में जो भी नीति बनाने वाले बैठे हैं, उन तक हम अपनी बात पहुंचाएं। सरकार से हमारा विनम्र निवेदन है कि वह देश में वन नेशन-वन इलेक्शन का प्रावधान लागू करे।

## 10 साल की असाध्य मिर्गी से पीड़ित 21 वर्षीय मरीज का सफल इलाज

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। भारत में 12 मिलियन से ज्यादा मिर्गी के मरीज हैं, लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि इनमे से ज्यादातर मरीज एडवान्सड इलाज नहीं प्राप्त कर पाते हैं और कई मरीजों में दवा काम नहीं कर पाती है। इस वजह से उनमे मिर्गी काफी गंभीर रूप धारण कर लेती है। ऐसा ही एक केस 21 वर्षीय तुषार सिंह का था। तुषार में 11 साल की उम्र से ही उसे हर हफ्ते मिर्गी के दौरे पड़ रहे थे। कोई भी दवा उसके लिए कारगर साबित नहीं हो रही थी और जनरल ब्रेन स्कैन से भी समस्या का पता नहीं चल पा रहा था। इस वजह से डॉक्टरों को लगा कि सर्जरी संभव नहीं है। हालांकि फरीदाबाद के अमृता हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने तुषार की मदद करने का एक तरीका खोज निकाला। अमृता एडवांस्ड सेंटर फॉर एपिलेप्सी में उन्होंने स्टीरियो-इलेक्ट्रोएन्सेफेलोग्राफी नामक एक विशेष ब्रेन-मैपिंग टेस्ट का इस्तेमाल किया। इस एडवान्सड टेस्ट से उन्हें उसके मिर्गी दौरे के होने सटीक स्थान का पता लगाने में मदद मिली।

## एकल श्री राम कथा का आयोजन 29 से




**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। एकल अभियान के अंतर्गत संचालित भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा शिक्षित, स्वस्थ एवं स्वावलंबी राष्ट्र निर्माण के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने पर मनाए जा रहें 'रजत जयंती वर्ष' के उपलक्ष्य में नई दिल्ली के पंजाबी बाग स्टेडियम जन्माष्टमी पार्क रिंग रोड पर 29 मार्च 2025 से 6 अप्रैल तक प्रतिदिन एकल श्री राम कथा का आयोजन होगा। नौ दिनों तक चलने वाली इस राम कथा में श्रद्धालु जन गुजरात के प्रसिद्ध कथा व्यास भाईश्री रमेश भाई ओझा जी के मुखारविंद से कथा का अमृतपान कर सकेंगे । यह जानकारी बुधवार को पंजाबी बाग स्टेडियम जन्माष्टमी पार्क में कथा आयोजन समिति द्वारा आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में भारत लोक परिषद के ट्रस्टी द्वारा दिया गया।

## दिल्ली विधानसभा में होगा हिन्दू नव वर्ष पर कार्यक्रम का आयोजन

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। 30 मार्च को दिल्ली विधानसभा परिसर, पुराने सचिवालय में एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन करेगी जिसमें हिन्दू नव वर्ष के शुभ अवसर का उत्सव मनाया जाएगा, जो चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होता है। यह समारोह विक्रम संवत 2082 की शुरुआत का प्रतीक है, जो पारंपरिक हिन्दू चंद्र कैलेंडर युग है। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक और गीतकार कैलाश खेर और कैलासा बैंड द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिसमें 1,500 विशिष्ट अतिथियों को उत्सव में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह नव वर्ष के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन का पहला अवसर है, न केवल दिल्ली विधानसभा में बल्कि देश भर की किसी भी अन्य राज्य विधानसभा में। विजेंद्र गुप्ता ने जोर देकर कहा कि हिन्दू नव वर्ष केवल तिथि का परिवर्तन नहीं है बल्कि नवीन ऊर्जा और जीवन शक्ति का प्रतीक है। जैसे किसान अपने घरों में नई फसलों का स्वागत करते हैं, यह त्योहार गहरे आर्थिक और सामाजिक महत्व रखता है, जो कृषि समुदाय का सम्मान करता है, जो हमेशा से हमारे राष्ट्र की रीढ़ रहा है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

संख्या :– 570–सिग–पी.स.–निविदा–135 दिनांक 27.03.2025

उप मु. सिग. एवं दू. सं. अभि./नि./पी. स./नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड e-निविदा (एकल प्रणाली) निम्नलिखित कार्य के लिए आमंत्रित कर रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | कुंभावास डावरी स्टेशन पर वितरित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के साथ एस एंड टी कार्य (इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्य) और साथ ही उत्तर रेलवे के साथ डीएफसी की कनेक्टिविटी के संबंध में आसपास के स्टेशन/खंडों पर ब्लॉक कार्य करना। |
| 2 | पूरा होने की अवधि | 12 महीना (अनुबन्ध पत्र जारी होने की तिथि से) |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 8.70 करोड़ |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 5,85,000/– (पाँच लाख पचासी हजार केवल) (केवल ऑन लाइन जमा किया जाना है।) |
| 5 | स्थान जहॉ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है। | उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर 03.04.2025 से 25.04.2025 को 11:30 AM तक उपलब्ध रहेगा। |
| 6 | निविदा फार्म जमा करने की आखिरी तारीख एवं समय | निविदा फार्म 11.04.2025 से 25.04.2025 को 11:30 AM तक जमा कराये जा सकते है। |
| 7 | निविदा खुलने की तारीख एवं समय | ई–निविदा दिनांक 25.04.2025 को 11:30 बजे खोला जायेगा। |

949/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पीएस, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों/स्थानों पर MPS/SMU यूनिट्स के अनुबंधों के आवंटन के लिए आईआरईपीएस (https://ireps.gov.in/) के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित करता है।

| ई–कैटलॉग नं. | विज्ञापन का प्रकार | रेलवे स्टेशन एवं श्रेणीवार आरक्षण | ई–नीलामी के लिए दिनांक और समय |
|---|---|---|---|
| MPS-01-2025 | बहुउद्देशीय स्टॉल | 15 बहुउद्देश्यीय स्टॉल दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर। | प्रारंभ होने का समय: 21.04.2025 को 11:00 बजे |
| MPS-02-2025 | बहुउद्देशीय स्टॉल | 15 बहुउद्देश्यीय स्टॉल दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर। | प्रारंभ होने का समय: 22.04.2025 को 11:00 बजे |
| MPS-03-2025 | बहुउद्देशीय स्टॉल | 15 बहुउद्देश्यीय स्टॉल दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर। | प्रारंभ होने का समय: 23.04.2025 को 11:00 बजे |
| MPS-04-2025 | बहुउद्देशीय स्टॉल | 15 बहुउद्देश्यीय स्टॉल दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर। | प्रारंभ होने का समय: 24.04.2025 को 11:00 बजे |
| MPS-05-2025 | बहुउद्देशीय स्टॉल | 14 बहुउद्देश्यीय स्टॉल दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर। | प्रारंभ होने का समय: 25.04.2025 को 11:00 बजे |
| CTG-01-2025 | विशेष माइनर यूनिट (स एम यू) | 3 विशेष माइनर यूनिट दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर। | प्रारंभ होने का समय: 21.04.2025 को 15:00 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | https://ireps.gov.in/(E-Auction-Leasing) | |

आईआरईपीएस के ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए:

- ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता।
- एक मुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान, भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; IREPS खाते के साथ SBI बैंक खाते का एकीकरण; निधियों का ग्रहणाधिकार अंकन; टर्नओवर विवरण का अद्यतनीकरण।
- ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (VAN) नाम से एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है।
- बोलीदाता, किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय है) और VAN तंत्र के बीच स्विच करने लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले के पास भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई–नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है।
- जिन ठेकेदारों के पास IREPS के किसी भी मॉड्यूल के लिए IREPS खाता नहीं है, वे IREPS होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी पट्टे) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑनलाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| किसी भी प्रश्न के मामले में संपर्क करने के लिए रेलवे प्राधिकरण | मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, वाणिज्य शाखा, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055; Email: catering.delhidivision@gmail.com, Tel: 011-23743084 |


No.: 23 AC/CTG/MPS POLICY 2017(Computer No. 44158)
Date: 26.03.2025 943/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# यूपी में शराब पर चल रहा बंपर ऑफर : संजय सिंह

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा शासित उत्तर प्रदेश में एक के साथ एक शराब की बोतल फ्री बेचकर किए जा रहे घोटाले और भ्रष्टाचार के खिलाफ आम आदमी पार्टी 29 मार्च को प्रदेश व्यापी प्रदर्शन करेगी। 'आप' के वरिष्ठ नेता व सांसद संजय सिंह ने बताया कि भाजपा के इस घोटाले के खिलाफ उत्तर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया जाएगा। यूपी में बेरोजगारी व महंगाई की मार के बीच शराब पर बंपर ऑफर चल रहा है, लेकिन मोदी जी और योगी जी कुछ नहीं बोल रहे हैं।

**'आप' ने भाजपा पर लगाया घोटाला व भ्रष्टाचार करने का आरोप**




'आप' सरकार ने दिल्ली में इस तरह के ऑफर पर रोक लगा दी थी, फिर भी हमें बदनाम किया गया : संजय सिंह, सांसद

'आप' सरकार ने दिल्ली में इस तरह के ऑफर पर रोक लगा दी थी, फिर भी हमें बदनाम किया गया, लेकिन अब यही काम यूपी में हो रहा है तो हर तरफ सन्नाटा पसरा है। यह बहुत बड़ा घोटाला है। ईडी-सीबीआई को इसकी जांच कर कार्रवाई करनी चाहिए। गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर संजय सिंह ने कहा कि मोदी जी और योगी जी के सामूहिक नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चल रही है। यूपी को लेकर बड़े-बडे दावे किए जाते हैं। नौजवानों के लिए रोजगार व किसानों के लिए फसल के दाम नहीं है और गरीबों को महंगाई की मार है। इन समस्याओं के बीच भाजपा का एक साथ एक शराब की बोतल का बंपर ऑफर है। भाजपा और योगी जी की सरकार ने यूपी में एक के बदले एक शराब की बोतल फ्री का बंपर ऑफर जारी किया है।

**कार्यालय अपराध शाखा, मुख्यालय पुलिस कमिश्नरेट सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर**

पत्रांक सं0–CB/प्रेस/386/1 ईमेल आईडी– crimebranchgbn@gmail-com

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि अजय शर्मा पुत्र संतलाल शर्मा व सुनिता शर्मा पत्नी अजय शर्मा मूल निवासीगण ई 39, सैक्टर 22 नोएडा थाना सैक्टर 24 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर हाल पता एफ 19038 एवन्यू 16 गौर सिटी 2 थाना बिसरख जिला गौतमबुद्धनगर, मु०अ०सं० 386/22 धारा 406/420/467/468/471 भादवि थाना बादलपुर गौतमबुद्धनगर में वांछित है जिनके विरुद्ध NBW दि० 09.11.24 को व दि० 16.01.25 को धारा 82 द०प्र०सं० की उद्घोषिका जारी है।



**अत: यदि इनके बारे में किसी व्यक्ति को कोई जानकारी हो तो कृपया निम्न मो०नं० पर सूचित करें।**

थाना बादलपुर – मो0नं0 8595902547
अपराध शाखा – मो0नं0 9454304060

(राधारमण सिंह) प्रभारी निरीक्षक
अपराध शाखा कमिश्नरेट
गौतमबुद्धनगर

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "लोगों को साइबर अपराधियों द्वारा उपयोग में लाए जाने वाली रणनीतियों को बताया कि वे कैसे लोगों को जाल में फंसाते हैं। पहले तो अज्ञात कॉल को अटेंड ना करें और जागरूक रहते हुए उनको कोई पर्सनल फाइनेंशियल डाटा शेयर न करें किसी भी फाइनेंशियल लालच से बचें। अज्ञात कॉल से सूचना मिलने पर उसे पहले वेरीफाई करें : **प्रीति यादव, डीसीपी।**

## छह लेन एलिवेटेड 8 ऑनग्राउंड होगा एक्सप्रेस वे

### बोर्ड में लाया जा रहा प्रस्ताव, निर्माण के लिए एनएचएआई को दिया जाएगा

**नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अलावा एक्सप्रेस वे से ट्रैफिक भार होगा कम**

**नोएडा,** 27 मार्च (देशबन्धु)। भविष्य में नोएडा एयरपोर्ट और एक्सप्रेस वे ट्रैफिक भार को कम करने के लिए यमुना पुश्ता पर एलिवेटेड या ऑनग्राउंड एक्सप्रेस वे बनाने पर विचार किया जा रहा है। प्राधिकरण पहली बार इस योजना को बोर्ड में लाने जा रहा है। ये प्रस्ताव योजना को एनएचएआई को देने से संबंधित होगा। बतौर प्राधिकरण इस योजना की प्राथमिकता के बारे में बताया। प्राधिकरण ने बताया कि वर्तमान में एक्सप्रेस वे के दोनों ओर औद्योगिक संस्थागत और वाणिज्यिक क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहे है। इसके अलावा यमुना एक्सप्रेस वे लखनऊ एक्सप्रेस वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे आदि के कारण नोएडा एक्सप्रेस वे पर भार बढ़ा है। साथ ही नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनने से यहां वाहनों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी होगी। इस स्थिति यमुना पुश्ता पर एक्सप्रेस वे समानांतर एलिवेटड रोड ट्रैफिक के लोड को कम करेगी। साथ ही वाहन चालकों को जाम नहीं झेलना होगा।

**प्राधिकरण की ये है योजना**

प्राधिकरण ने बताया कि ये वैकल्पिक मार्ग छह लेन एलिवेटेड या 8 लेन ग्राउंड लेवल पर होगा। ये मार्ग ओखला बैराज से हिंडन यमुना होते हुए यमुना एक्सप्रेस वे तक जाएगा। इस योजना को बनाने के लिए हिंडन यमुना दोआब होते हुए हिंडन नदी को पार करते हुए यमुना एक्सप्रेस वे तक दो स्थानों पर प्रवेश और निकास के लिए लूप या अंडरपास बनाने की आवश्यता होगी। यानी लूप या अंडरपास सेक्टर-168 एफएनजी को कनेक्ट करने के लिए । दूसरा सेक्टर-150 में सेक्टर-149ए व सेक्टर-150 के बीच 75मीटर चौड़ी सड़क को कनेक्ट करने के लिए।

**इससे होगा ये फायदा**

इस रोड के बनने से दिल्ली हरियाणा की ओर जाने वाली व ग्रेटरनोएडा यमुना एक्सप्रेस वे एवं अन्य शहरों को जाने वाला यातायात नोएडा में बिना प्रवेश किए उक्त एक्सप्रेस वे से सीधे गुजर जाएगा। भविष्य में इंटरनेशनल एयरपोर्ट की ओर जाने वाला ट्रैफिक सुगम होगा। आगरा ,लखनऊ के जाने वाले लोगों को आसानी होगी। प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सकेगा।

**योजना के लिए चुनौती**

इस योजना के लिए निर्माण के लिए सिंचाई विभाग से एनओसी प्राप्त करना होगा। परियोजना के लिए ट्रैफिक सर्वेक्षण, फिजिबिलिटी रिपोर्ट, डीपीआर के लिए एनएचएआई को राजी करना।

## प्राधिकरण बनाएगा अपना कॉर्पस फंड

**आने वाले समय में इस फंड से होगा अनुरक्षण कार्य**

नोएडा, 27 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा की भौगोलिक और सामरिक दृष्टि से प्रदेश का महत्वपूर्ण शहर है। नोएडा प्राधिकरण इसकी देखरेख करता है। प्राधिकरण एक ऑटोनोमस बॉडी है। ऐसे में शासन की ओर से बजट में इसका प्राविधान नहीं होता। जमीन की उपलब्धता कम होने से वित्तीय आय भी कम हो रही है। भविष्य में नोएडा में अनुरक्षण कार्य में बढ़ोत्तरी होगी। ऐसे में प्राधिकरण एक कॉर्पस फंड बनाने पर विचार कर रहा है। इसमें प्राधिकरण आने एक खाते में साल में जमा होने वाले एक मुश्त लीज रेंट को रखा जाएगा। इन पैसों को राष्ट्रीय कृत बैंक में अधिक ब्याज पर एफडी कराई जाएगी। ये कार्य सालाना किया जाएगा। इन पैसों का प्रयोग प्राधिकरण भविष्य में अपने अनुरक्षण कार्यों के लिए खर्च कर सकता है। प्राधिकरण ने बताया वर्तमान में सालाना करीब 1000 से 1500 करोड़ सड़क, नाली की मरम्मत और रख रखाव में खर्च हो रहा है। ऐसे में कॉर्पस फंड अत्यन्त जरुरी है। आगामी वित्तीय बैठक में प्राधिकरण ने इसे प्रस्ताव के रुप में शामिल किया है। जिसे बोर्ड में रखा जाएगा।

## बस चालक की लापरवाही से छात्रा के रीढ़ की हड्डी टूटी

- **छात्रा ने विश्वविद्यालय प्रबंधन पर लगाया धमकी देने का भी आरोप**
- **पीड़िता ने कोर्ट के आदेश पर थाना सेक्टर-49 में दर्ज कराया केस**

**नोएडा,** 27 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी से आने और जाने के लिए बस सर्विस लेना बीसीए की एक छात्रा को भारी पड़ गया। आरोप है कि नवम्बर 2024 में बस चालक की लापरवाही से छात्रा के रीढ़ की हड्डी टूट गई है और अब भी अस्पताल में भर्ती है। पीड़िता के पिता ने कोर्ट के आदेश पर थाना सेक्टर-49 में केस दर्ज कराया है।

सेक्टर-22 में रहने वाली निधि बिष्ट ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी आने और जाने के लिए बस सर्विस ले रखी थी। 19 नवम्बर 2024 की सुबह करीब आठ बजे वह कॉलेज जाने के लिए निकली थीं। आरोप है कि बस चालक लापरवाही से चला रहा था। इस पर बस में बैठी अन्य छात्राओं ने भी चालक को संभल कर चलने के लिए कहा था, लेकिन उसने किसी की बात नहीं सुनी। तभी बस सेक्टर-100 के पास पहुंची और तेज गति से ऊपर की तरफ जंप किया। इस दौरान बस में बैठी अन्य छात्राएं और पीड़ित छात्रा गंभीर रुप से घायल हो गईं। इस हादसे में पीड़िता निधि की रीढ़ की हड्डी के साथ सिर में चोट आई। उसे पास के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने बताया कि छात्रा की रीढ़ की हड्डी टूट गई है। वहीं, उस दौरान डॉक्टरों ने घायल के इलाज के अन्य व्यवस्था नहीं होने की जानकारी दी और छात्रा के माता-पिता से हस्ताक्षर करवाकर उसे रेफर कर दिया गया। इसके बाद छात्रा को सेक्टर-11 स्थित मेट्रो अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिर घायल के माता, पिता ने विश्वविद्यालय में जाकर बस चालक की जानकारी लेने चाही तो उन्हें जानकारी नहीं दी गई। छात्रा का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रबंधन और बस चालक की वजह से उसकी हालत खराब हो गई है। इसके जिम्मेदार वह लोग ही हैं। वहीं, परिजन का आरोप है कि जब इसकी शिकायत लेकर विश्वविद्यालय प्रबंधन के पास पहुंचे तो उन्हें मिलने की अनुमति नहीं दी गई। यही नहीं विश्वविद्यालय के उच्चाधिकारियों ने धमकी दी कि अगर किसी भी प्रकार की कोई कानूनी कार्रवाई करने की कोशिश तो छात्रा की बची जिंदगी खराब कर देंगे। थाना स्तर से सुनवाई न होने पर कोर्ट का सहारा लेना पड़ा। एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**सार संक्षेप**

### नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार किरणपाल राणा



**गाजियाबाद।** वरिष्ठ पत्रकार किरणपाल राणा का लम्बी बीमारी के कारण निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार थे। बुधवार की रात में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर शहर के पत्रकारों, समाज सेवी संगठनों ने दुख व्यक्त किया है। नगर निगम कर्मचारी संघके अध्यक्ष व स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघप्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार जाटव ने भी उनके निधन पर दुख व्यक्त किया है।

### रालोद नेता ने डीएम से की किसानों व बिल्डर विवाद का हल निकालने की मांग



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष सरदार इंद्रजीत सिंह के जिलाधिकारी को पत्र लिखकर वेव सिटी में चल रहे किसानों और बिल्डर पर के विवाद का हल निकालने की मांग की है उन्होंने इस संबंध में एक पत्र जिला अधिकारी को लिखा है जिसमें उन्होंने कहा है कि आने वाले 30 मार्च से हिंदू धर्म के हिसाब से पवित्र नवरात्रि शुरु होने जा रही है जिसके चलते इन दोनों हिंदू धर्म के लोग नवरात्र का व्रत रखते हैं ऐसे में किसान लोग धन्यवाद बैठकर कैसे व्रत रख पाएंगे उन्होंने जिलाधिकारी से कहा है कि स्वयं हस्तक्षेप करके इस मसले का हल कराए।

### आईएमएस में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत

**नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज नोएडा में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। गुरुवार को सम्मेलन के पहले दिन बतौर मुख्य अतिथि एनटीपीसी पावर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट की कार्यकारी निदेशक रचना सिंह भाल, विशिष्ट अतिथि आर्या एज के सीनियर जनरल मैनेजर जोगिंदर रल्हन, पीएमओ एवं गृह मंत्रालय की वरिष्ठ सलाहकार शांति एवं कार्थेज विश्वविद्यालय, ट्यूनीशिया की प्रेसिडेंट नादिया जौघी ने अपने विचार प्रकट किए। वहीं सम्मेलन के दौरान आईएमएस के प्रसिडेंट राजीव कुमार गुप्ता, महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन, डीन डॉ. नीलम सक्सेना का साथ शिक्षक एवं छात्रों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। सम्मेलन की शुरुआत करते हुए प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने कहा कि आईएमएस के 8वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रबंधन, प्रौद्योगिकी एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विकसित भारत 2047 के अंतर्गत सशक्त परिवर्तन के माध्यम से भविष्य के लिए नवाचार पर विशेष चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि तकनीक और नवाचार के इस युग में, हमें न केवल वर्तमान की चुनौतियों को समझना होगा, बल्कि भविष्य की संभावनाओं को भी तलाशना होगा।

## साइबर अपराधियों से जागरुक करने के लिए कार्यशाला आयोजित




**नोएडा,** 27 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा हाईराइज़ फेडरेशन (एनएचआरएफ) और नोएडा पुलिस ने गुरुवार को गौर ग्रांड्यूर सोसाइटी, सेक्टर 119, नोएडा में साइबर अपराध और डिजिटल गिरफ्तारी पर एक कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला में डीसीपी प्रीति यादव, एसीपी ट्विंकल जैन और एसएचओ गोपाल कृष्ण शर्मा ने भाग लिया। कार्यशाला में डीसीपी प्रीति यादव ने लोगों को साइबर अपराधियों द्वारा उपयोग में लाए जाने वाली रणनीतियों को बताया कि वे कैसे लोगों को जाल में फंसाते हैं। पहले तो अज्ञात कॉल को अटेंड ना करें और जागरूक रहते हुए उनको कोई पर्सनल फाइनेंशियल डाटा शेयर न करें। किसी भी फाइनेंशियल लालच से बचें। अज्ञात कॉल से सूचना मिलने पर उसे पहले वेरीफाई करें। डीसीपी प्रीति यादव ने ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां से रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि अज्ञात वीडियो कॉल ना उठाएं और साइबर अपराधी ने अगर कोई फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन कर लिया है और डराने या धमकाने की कोशिश करें तो पुलिस को 1930 पर सूचित करें। इस दौरान लोगों ने अपने साथ हुई साइबर क्राइम की घटनाओं को साझा किया। जिनसे बचने के लिए डीसीपी ने समाधान सुझाए। इस मौके नोएडा हाईराइज फेडरेशन अध्यक्ष निखिल सिंघल ने कहा कि हमें अपने लोगों को साइबर अपराध के खतरे के बारे में जागरूक करने और उन्हें ऑनलाइन सुरक्षा के लिए आवश्यक सुझाव प्रदान करने के लिए नोएडा पुलिस के साथ मिलकर काम करने में खुशी हुई। कार्यशाला में आशुतोष राय, वाइस प्रेसिडेंट एनएचआरएफ, कपिल मेहरा, सचिव, एनएचआरएफ, नमिता चौबे, संयुक्त सचिव, एनएचआरएफ, डॉ. अजीत सिंह, सचिव, अम्रपाली प्लेटिनम, जी एस पांडे, अध्यक्ष, गौर ग्रांड्यूर, राजकुमार सिंह, अनिरुद्ध गौड़, गौरव असाती, बी एल पण्डिता, गोविंद, बालेश्वर दास बैरागी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

## पहले फोटो से चेहरा मिलाया, फिर मैनेजर के सीने में मार दी गोली



**मोदीनगर में बेखौफ बदमाशों ने दो घंटे के भीतर एक ही गांव में दो को गोली मारी**

**गाजियाबाद,** 27 मार्च (देशबन्धु)। मोदीनगर थाना क्षेत्र के गांव अमराला में इस सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। यहां पर बुधवार की रात में एक निजी कंपनी के मैनेजर का कार में सवार बदमाशों में पहले फोटो देखकर मिलान किया और फिर उसके सीने में गोली मार दी। इतना ही नहीं दुस्साहसी बदमाशों ने पत्नी व बहन को भी तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया। बदमाशों ने घटना को अंजाम देते वक्त यह भी कहा कि उन्हें इस वारदात को अंजाम देने के लिए 25 लाख रुपए की सुपारी मिली है। इतना ही नहीं इसी गांव ने इन बदमाशों ने किसान अमरजीत को भी गोली मार दी और फरार हो गए। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। निजी कंपनी में मैनेजर पद पर कार्यरत गांव अमराला निवासी रजनीश शर्मा बुधवार रात 10:30 बजे के आसपास अपनी पत्नी रचना शर्मा व बहन कविता शर्मा के साथ खेत की ओर टहलने गए थे। वह टहलते हुए जब वह गांव के पट्टी मार्ग पर पहुंचे। इसी दौरान उन्हें एक कार खड़ी दिखाई दी, जिसकी लाइट जल रही थी। इसी बीच कविता शर्मा ने अपने भाई रजनीश से कहा कि शायद आगे युवक शराब पी रहे, इसलिए वापस चलते हैं। इसी दौरान तीन युवक पहुंचे पास और अपने हाथ में ले रहे फोटो देखकर रजनीश के सीने में गोली मार दी। गोली लगते ही रजनीश लहूलुहान होकर नीचे गिर गए। शोर मचाने पर बदमाशों ने कहा कि रजनीश व उसकी पत्नी रचना को मारने की 25 लाख रुपए सुपारी मिली है। इतना ही नहीं विरोध करने पर बदमाश महिलाओं को बंधक बनाकर खेत में ले गए और तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। इसके बाद परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

बदमाशों का तांडव यहीं नहीं रुका, बल्कि वे रात करीब बारह बजे बदमाश गांव अमराला में पहुंचे और किसान अजीत सिंह का दरवाजा खटखटाया। जैसे ही अजीत ने दरवाजा खोला तो उन्हें भी गोली मार दी और फरार हो गए। गंभीर हालत में दोनों को गाजियाबाद के निजी एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय का कहना है कि सुपारी लेकर गोली मारने की बात कही जा रही है, लेकिन इस बात की पुष्ट नहीं हुई है। बदमाशों को पकड़ने के लिए चार टीमों लगाया गया है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## सिहानी सिद्दीकनगर में चला जीडीए का बुलडोजर



**10 बीघा जमीन में अवैध कॉलोनी ध्वस्त**

**गाजियाबाद,** 27 मार्च (देशबन्धु)। जीडीए का बुलडोजर गुरुवार को सिहानी सिद्दीकनागर में चला। जीडीए के प्रवर्तन दल ने यहां 10 बीघा जमीन पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। यहां पर दस बीघा जमीन पर निजी बिल्डर द्वारा कॉलोनी में मिट्टी भराई और डिमार्केशन का काम चल रहा था। प्रभारी प्रवर्तन जोन-1 के नेतृत्व में रोहताश त्यागी, मोनिदर त्यागी, विकास त्यागी द्वारा खसरा संख्या-424, सिहानी, सद्दीकनगर गाजियाबाद में लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में कॉलोनी बनाने का कार्य करने के लिए मिट्टी भराई, डिमार्केशन का कार्य किया जा रहा था। अवैध कॉलोनियों में कालोनाईजर द्वारा बनाई जा रही सड़क, बाउन्ड्रीवॉल, आदि को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हें नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रखी गई। प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-1 द्वारा लोगो को सख्त निर्देश दिए गए कि बिना अनुमति किए गए किसी भी निर्माण को बक्शा नहीं जाएगा।

## लोन के चक्कर में महिला से छह लाख रुपए की ठगी

**नोएडा,** 27 मार्च (देशबन्धु)। एक महिला पर्सनल लोन लेने के बाद ब्याज कम जमा कराने के चक्कर में छह लाख रुपए गवां दी। ठगों ने नंबर पर कॉल कर बजाज फाइनेंस से जुड़े होने की जानकारी दी और चार चेक भरवा कर पीड़िता के साथ ठगी की गई। यह रुपए नोएडा के सेक्टर 18 स्थित एक प्राइवेट बैंक में गए हैं। जब पीड़िता को ईएमआई जमा करने के लिए कॉल आई तो उसे ठगी के बारे में पता चला है। इस मामले में साइबर थाने की पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में लग गई है। पुलिस को सेक्टर 78 में रहने वाली नेहा सेजवाल ने बताया कि वह जनवरी महिने में बजाज फाइनेंस में पर्सनल लोन के लिए अप्लाई की थी। फाइनेंस की टीम की तरफ से महिला के सारे कागजात चेक करने के बाद उन्हें 24 जनवरी को 12 लाख 49 हजार 900 रुपए खाते में लोन के तौर पर ट्रांसफर कर दिए। इसके पांच दिन बाद महिला को बजाज फाइनेंस की तरफ से एक कॉल आई। जिसमें बताया गया कि अभी उन्हें फाइनेंस के रिलेशनशिप मैनेजर (आरएम) की कॉल आएगी और जो वह पूछे बता देना। ठग ने महिला से बोला कि अगर वह चेक के माध्यम से लोन की किस्त जमा करेंगी तो उन्हें ब्याज में छूट मिल जाएगी लेकिन चार चेक अभी देनें होंगे। महिला लालच में आकर छह लाक 50 हजार के चार चेक चार फरवरी को चेक दे दिए, जिसे पोर्टर डिलीवरी के जरिए ठगों ने हासिल किया। ठग ने महिला को जानकारी दी कि किस्त की रकम संशोधित होने के बाद ब्याज दर कम हो जाएंगी। धोखेबाजों ने महिला के बैंक शाखा में चेक लगाकर रुपये निकाल लिए। इसी दौरान पहली किस्त जमा करने के लिए बजाज फाइनेंस की तरफ से एक कॉल आई। इस महिला ने उन लोगों को बताया कि किस्त की रमक एक साथ में छह लाख रुपये 50 हजार रुपए रिलेशनशिप मैनेजर को दे दी है।

## फागुन महोत्सव में खाटू श्याम के भजनों पर हजारों श्याम भक्त घंटों झूमते रहे



**गाजियाबाद,** 27 मार्च (देशबन्धु)। परिवार सांवरे संस्था द्वारा खाटू श्याम बाबा के फागुन महोत्सव का आयोजन मालीवाडा स्थित वोल्गाा पैलेस में किया गया। फागुन आयो रे श्याम को मेला आयो रे का आयोजन फागुन महोत्सव ने शहर के श्री श्याम प्रेमियों को श्याम रंग में रंग दिया। खाटू श्याम के भजनों पर शहर के हजारों श्याम भक्त घंटों झूम झूम कर आनंद लेते रहे।

कोलकाता से आए भजन गायक राज पारीक के भजन मुझे भी खाटू जाना है ने सभी श्याम भक्तों को भाव विभोर कर दिया। जिन लोगों ने आज तक खाटू के दर्शन नहीं करें हैं, उनके अंदर भी भजन सुनकर हारे के सहारे लखदातार की दर्शन करने की इच्छा जागृत हो गई। भजन गायिका रेशमी शर्मा के श्याम भजनों ने सबका मन मोह लिया। ग्वालियर से आए भजन गायक मनोज शर्मा के भजनों ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। आध्यात्मिक गुरु पवन सिंन्हा के कृपा पात्र करण मल्होत्रा ने भजन प्रस्तुत किए तो ऐसा लगा कि मानो साक्षात खाटू श्याम भगवान व सालासर भगवान ही प्रकट हो गए हों। मंचसंचालन भजन गायक गोपाल भारद्वाज ने किया।

सालासर धाम के मुख्य पुजारी श्रद्धेय जय पुजारी व चुलकना धाम के संजू पुजारी का पावन सानिध्य भी भक्तों को प्राप्त हुआ। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 56 भोग की 56 थालियां रहीं जो भगवान को भोग के रूप में अर्पित की गईं।

महोत्सव को सफल बनाने में अभय गोयल, सीए विशाल गर्ग, ऋषभ अग्रवाल, विशाल रिंकू गर्ग, अमित गोयल, पंकज सिघल, अरूण अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, मौलिक गर्ग, हरिओम स्वामी, शुभम वशिष्ठ, कार्तिक गर्ग, पंकज जिंदल, शिवम गर्ग, वुनीत गुप्ता, पवन शुक्ला, मनोज गोयल, अंशुमान गुप्ता व गौरव शर्मा ने विशेष योगदान दिया।

## डबल इंजन की सरकार हर व्यक्ति को समृद्ध, सशक्त और सम्पन्न बनाने हेतु संकल्पित : नरेन्द्र कश्यप



उत्कर्ष के 8 वर्ष महोत्सव रंगारंग कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न



**गाजियाबाद,** 27 मार्च (देशबन्धु)। जिला प्रशासन गाजियाबाद द्वारा 'सेवा, सुरक्षा व सुशासन नीति' के साथ केन्द्र सरकार के 10 वर्ष व उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'उत्कर्ष के 8 वर्ष' थीम पर कविनगर रामलीला मैदान में 'मेला व प्रदर्शनी' के भव्य कार्यक्रम गुरुवार को सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर प्रदेश के राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप मुख्य अतिथि थे उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि डबल इंजन की सरकार हर व्यक्ति को समृद्ध सशक्त और संपन्न बनाने के लिए संकल्पित है।

कविनगर रामलीला मैदान परिसर में पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान डबल इंजन की सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों एवं संचालित योजनाओं पर बनी टेलीफिल्म दिखाई गई, जिसमें लाभार्थियों द्वारा अपने अनुभव को भी साझा किया गया। कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार द्वारा 'सेवा, सुरक्षा व सुशासन नीति' के साथ किए गए विकास कार्यों, संचालित योजनाओं की जानकारी तीन दिवसीय कार्यक्रम के माध्यम से दी गई। उन्होंने कहा कि 2017 से पूर्व उत्तर प्रदेश की पहचान बीमारू, अपराधिक, दंगाई प्रदेश के नाम से होती थी। उत्तर प्रदेश का निवासी बताने पर दूसरे प्रदेश के लोग उन्हें किराये पर कमरा देने में भी घबराते थे। लेकिन आज दिल्ली सहित दूसरे प्रदेशों के लोग उत्तर प्रदेश में बसना चाहते हैं। आज उत्तर प्रदेश में हमारी मां, बहन, बेटियां अपने आप को सुरक्षित मानते हुए निर्भर-निडर हैं। 2017 में उत्तर प्रदेश अर्थव्यस्था के क्षेत्र में 7वें नम्बर पर था, कहा जाता था कि देश की प्रगति में उत्तर प्रदेश बाधा उत्पन्न करने वाला राज्य है, किन्तु उसके विपरीत आज अर्थव्यस्था में उत्तर प्रदेश दूसरे नम्बर पर हैं। माननीय योगी जी का लक्ष्य है कि 2029 तक उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्थता 1 ट्रिलियन डॉलर तक लाते हुए अर्थव्यवस्था में नम्बर 1 पर लाया जाएगा। पहले उत्तर प्रदेश को उद्योगपति छोड़कर जा रहे ?थे और योगी जी के राज में 41 देशों में करोड़ों के एमओयू साईन किये गए जिसमें से उद्योगपतियों द्वारा 15 लाख करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में किया गया। जिसका परिणाम यह हुआ कि 60 लाख युवाओं को रोजगार मिला। एमएसएमई एवं विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उत्तर कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद अजय कुमार मिश्र, जीडीए वीसी अतुल वत्स, नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, चीफ वार्डन ललित जायसवाल, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी सहित हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, लाभार्थी, स्कूल कॉलेजों के विद्यार्थी, जनपदवासी उपस्थित रहे। मंच संचालन पूनम शर्मा ने किया।

## भारतीय किसान युवा जागरूक संगठन का लुहारली टोल पर हल्ला बोल प्रदर्शन

**बुलंदशहर,** 27 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय किसान युवा जागरण संगठन की सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमलता ठाकुर व संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता वसीम अहमद सिद्दीकी ने किया सभा में किसानों के लिए आ रही समस्या के बारे में मंथन किया और किसानों को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन की रणनीति बनाई उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमलता ठाकुर राष्ट्रीय प्रवक्ता वसीम अहमद सिद्दीकी एवं जिला अध्यक्ष अमरीश भारद्वाज के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने प्रदर्शन कर सभी संगठन के लोगों ने लुहारली टोल का घेराव कर टोल मैनेजर को ज्ञापन दिया। टोल मैनेजर द्वारा संगठन की सभी मांगों को स्वीकार करने का आश्वासन दिया। दर्जनो गाड़ी से सैकड़ो लोगों के साथ दलबल के साथ टोल पर पहुंच भारतीय किसान युवा जागरुक संगठन राष्टीय अध्यक्ष लता ठाकुर ने कहा कि हमारा संगठन किसानों के साथ-साथ गरीबों की भी आवाज उठाता है। गुरुवार को लोहारली टोल पर ज्ञापन दिया जिसमें किसानो की गाड़ियों का आवागमन फ्री कराने की मांग की गयी है। राष्ट्रीय प्रवक्ता वसीम अहमद सिद्दीकी ने कहा कि हमने किसानों की समस्याओं को देखते हुए टोल मैनेजर को निम्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया जिसमें मैनेजर ने ज्ञापन स्वीकार कर तत्काल हमारी मांग पूरी की भारत देश कृषि प्रधान देश है जिसमें किसानों को उनका हक मिलना चाहिए। जिला अध्यक्ष अमरीश भारद्वाज ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने आई कार्ड बनवाएं और अपनी-अपनी गाड़ी पर संगठन की पट्टी जरूर लगाए जिससे टोल पर आवा गमन पर कोई परेशानी ना हो। मेरठ मंडल उपाध्यक्ष रिहान साबरी ने कहा कि हमारा संगठन किसानों के साथ-साथ गरीब मजलूम बे सहाराओ के साथ है हम किस हैं फसल उगाते हैं उन उगते हैं जिससे पूंजीपति और उद्योगपतियों का गुजारा चलता है। इस दौरान सैकड़ों संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उवाच

मीडिया समाज का दर्पण और चक्षु है और लोकतंत्र का चौथा स्तंब है। जब पहले यह जानने के लिए देश क्या हो रहा है तो सुबह अखबार का इंतजार करते थे अब आपको सोशल मीडिया जरिए कुछ सेकंड में पता चल जाती है। मीडिया विश्वसनियता जो पहले थी वो अब खो गई है। ब्लैकमेलिंग का जरिया बनता जा रहा है : **तीरथ सिंह रावत, उत्तराखंड पूर्व मुख्यमंत्री।**



# मथुरा और आगरा में खुलेगा यमुना प्राधिकरण का क्षेत्रीय कार्यालय

मथुरा और अलीगढ़ का फेस-दो का मास्टर प्लान मंजूर होने के बाद अब इसे विकसित करने के लिए अलग से अधिकारियों और कर्मचारियों की जरुरत होगी। इसलिए मथुरा और आगरा में प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय खोलने का फैसला लिया है। क्षेत्रीय कार्यालय में तैनात अधिकारी मथुरा, अलीगढ़ और आगरा के विकास कार्यों का खाका ओर जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव तैयार करेंगे : डॉक्टर अरूणवीर सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण।

- **मथुरा में क्षेत्रीय कार्यालय अगले माह से हो जाएगा शुरू**
- **तीन डिप्टी कलेक्टर और तहसीलदार के साथ अन्य कर्मचारी होंगे तैनात**

**ग्रेटर नोएडा,** 27 मार्च (देशबन्धु)। मथुरा और अलीगढ़ का फेस-दो का मास्टर प्लान मंजूर हो गया है। यमुना एक्सप्रेस वे दोनों शहर में विकास को गति देने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय खोलने का फैसला लिया है। प्राधिकरण ने मथुरा ने नगर निगम में कार्यालय के लिए कमरा ले लिया है। आज होने वाली बोर्ड बैठक में इसका प्रस्ताव रखा जाएगा। मथुरा क्षेत्रीय कार्यालय में प्राधिकरण दो डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार और अन्य कर्मचारियों को तैनात करेगा। इसका प्रस्ताव भी शासन को भेज दिया है। हालांकि शासन ने पहले से ही आगरा और मथुरा में क्षेत्रीय कार्यालय खोलने की स्वीकृति दे चुका है। जिसके लिए 261 पद की स्वीकृति भी प्रदान कर दी है। इसके लिए अलग एक एसीईओ, डिप्टी कलेक्टेटर, तहसीलदार समेत अन्य कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी।

उत्तर प्रदेश सरकार ने यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के फेज-2 मास्टर प्लान को मंजूरी दे दी है। इससे ब्रज क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी, फेज-2 में आगरा, मथुरा, अलीगढ़ और हाथरस जिलों के 923 गांवों को शामिल किया गया है. यमुना एक्सप्रेस-वे से बांके बिहारी जी के मंदिर को 6 लेन एक्सप्रेस-वे से जोड़ने और उसके दोनों ओर हेरिटेज कॉरिडोर बनाने की योजना भी शामिल है। इसके तहत राया के निकट एक नया शहर बसाया जाएगा। राया के पास एक नया शहर भी बसाया जाएगा, जिसमें हेरिटेज पार्क, योग केंद्र और अन्य सुविधाएं होंगी। फेज-2 के मास्टर प्लान के लिए यमुना प्राधिकरण ने प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजा था, जिसको प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास ने मंजूरी दे दी। इसका एक पत्र प्राधिकरण की भेज दिया गया है। फेज-2 में आगरा अर्बन एरिया 12200 हेक्टेयर, टप्पल अर्बन एरिया 11104 हेक्टेयर और राया अर्बन एरिया 11653.76 हेक्टेयर में है। इस योजना के तहत हेरिटेज सिटी पर भी काम होगा। प्रस्ताव पर मुहर लगने के बाद जमीन अधिग्रहण समेत अन्य काम शुरू होंगे।

### हेरिटेज सिटी का रास्ता हुआ साफ

यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के फेज-2 मास्टर प्लान को मंजूरी मिलने के बाद सबसे ज्यादा हेरिटेज सिटी का रास्ता साफ हुआ है। इसे राया के आसपास बसाया जाएगा। हेरिटेज सिटी में थीम आधारिक हेरिटेज पार्क बनेगा, जो करीब 350 एकड़ में होगा. यहां योग और वेलनेस सेंटर, प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र 103 एकड़ में बनाया जाएगा. इसके अलावा 97 एकड़ में हरित क्षेत्र, 46 एकड़ में पर्यटक परिवहन सुविधाएं, 42 एकड़ में कंवेंशन सेंटर, 35 एकड़ में आयुर्वेद केंद्र, 26.60 एकड़ में होटल, 19.60 एकड़ में बजट होटल, 10 एकड़ वृद्धाश्रम, 7 एकड़ में सर्विस अपार्टमेंट और 6 एकड़ में हाट, दुकान बनाई जाएंगी।

### चार जिलों के 923 गांव शामिल

यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के फेज-2 मास्टर प्लान में एनएच 44 से बांके बिहारी मंदिर तक यमुना एक्सप्रेस वे को जोड़ते हुए मार्ग के दोनों ओर 753 हेक्टेयर में हेरिटेज सिटी बसाई जाएगी। फेज-2 में आगरा, मथुरा, हाथरस और अलीगढ़ जिले के 923 गांव शामिल किए गए हैं। इनमें आगरा के सबसे कम 58 गांव हैं। सबसे ज्यादा 415 गांव मथुरा के हैं। हाथरस जिले के 358 और अलीगढ़ जिले के 92 गांव शामिल हैं।

# यीडा के एमडीपी में 31 तक पहली इकाई में शुरू हो जाएगा उत्पादन

**ग्रेटर नोएडा,** 27 मार्च (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-28 में विकसित हो रहा प्रदेश का पहला मेडिकल डिवाइस का प्रशासनिक व आईटी भवन समेत कॉमन फैसिलिटी का निर्माण कार्य 31 दिसम्बर तक पूरा हो जाएगा। उम्मीद है कि मई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ मई में इसका उद्घाटन कर सकते हैं। इसके लिए यमुना प्राधिकरण की तरफ से तैयारियां तेज कर दी गई है। उससे पहले एमडीपी में कुछ इकाई में उत्पादन शुरू हो जाएगा। सेक्टर-28 में 350 एकड़ में विकसित हो रहा मेडिकल डिवाइस पार्क (एमडीपी) आधुनिक तकनीक से लैस होगा। वहीं 31 मार्च तक यमुना प्राधिकरण ने पहली कंपनी के संचालन के लिए कंपलीशन सर्टिफिकेट देने की तैयारी भी कर ली है।

प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि मेडिकल डिवाइस पार्क में अबतक 74 भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है। जिनमें वांगार्ड डायग्नोस्टिक्स, क्यू-लाइन बायोटेक, क्रिश, एलेन्जर्स, बायोराडमेडिसिस, रोमसन्स, बेतामेड, एवियेनबायो, और डियासिस शामिल हैं। इनमें से 36 कंपनियों के आवंटियों ने भूखंडों पर कब्जा ले लिया है और करीब सात कंपनियों का मौके पर निर्माण चल रहा है। यह कंपनी अभी तक डीजल जनरेटर के जरिए निर्माण कार्य कर रही थी, जिन्हें बिजली का कनेक्शन भी दिया जा चुका है। एक कंपनी का काम लगभग पूरा हो गया है, कंपनी को 31 मार्च को कंपलीशन भी जारी कर दिया जाएगा, जिसके बाद से कंपनी कैंसर समेत अन्य बीमारियों से जुड़े मेडिकल उपकरण तैयार करना शुरू कर देगी। साथ ही मेडिकल डिवाइस पार्क की कॉमन फैसिलिटी सुविधाओं का काम भी 31 मई तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।




मेडिकल डिवाइस पार्क में पहली कंपनी का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। कंपनी को 31 मार्च को कंपलीशन दिया जाएगा। वहीं कॉमन फैसिलिटी इमारतों का काम भी 31 मई तक पूरा हो जाएगा, यहां फिनिशिंग चल रही है : **डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण।**

- **प्रशासनिक व आईटी भवन समेत कॉमन फैसिलिटी का निर्माण कार्य 31 दिसम्बर तक हो जाएगा पूरा**
- **मई में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कर सकते हैं इसका उद्घाटन**

### फेसिलिटी सेंटर में ये सुविधाएं होगी विकसित

प्रशासनिक ऑफिस ब्लॉक, कॉमन टूलिंग रूम, 3डी डिजाइनिंग, रैपिड प्रोटो टाइपिंग एंड टूलिंग, मेकाट्रोनिक जोन, इलेक्ट्रॉनिक एसेंबली एक्सपोर्ट एंड प्रमोशन, इंक्यूबेशन सेंटर एंड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, कौशल विकास, कॉमन ऑफिस कॉम्प्लेक्स, शोरूम, सेंट्रल वेयर हाउस, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम एंड डिजाइन फैसिलिटी, सेंसर टेस्टिंग आदि सुविधा विकसित की जाएगी।

प्राधिकरण ने 74 में से करीब 21 उन कंपनियों को भूखंड आवंटन किया था, जिन्होंने आक्सीजन कंसंट्रेटर बनाने के लिए आवेदन किया था, लेकिन कोरोना महामारी का प्रकोप होने के चलते प्राधिकरण ने बाद में इन्हें उपकरण में बदलाव के लिए कहा अन्यथा इन आवंटियों को भूखंड निरस्तीकरण की चेतावनी दी गई। अब 21 में करीब 15 कंपनियों ने दूसरे उपकरण तैयार करने पर सहमति जता दी है। शेष छह कंपनियां ऐसी बची है, जिनका जवाब नहीं मिला है। इन कंपनियों को प्राधिकरण की ओर से नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

# द्वितीय चरण में ई-लॉटरी से एक देशी मदिरा दुकान का हुआ आवंटन

**ग्रेटर नोएडा,** 27 मार्च (देशबन्धु)। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम एवं अपर जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में द्वितीय चरण की ई-लॉटरी जिला चयन समिति द्वारा समस्त आवेदकों की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिले में वर्ष 2025- 26 हेतु आवंटित कुल 501 मदिरा दुकानों पर 6 मार्च को संपन्न प्रथम चरण की ई - लॉटरी के पश्चात शेष बची एक देसी मदिरा की दुकान चिटहेरा नम्बर-1 पर कुल 173 सफल आवेदन प्राप्त हुए। ई-लॉटरी अपने निर्धारित समय सारणी के अनुसार अपराह्न 2 बजे प्रारंभ हुई, जिसमें देसी मदिरा की दुकान चिटहेरा नमबर 1 का रेंडमाइजेशन के आधार पर आवंटन किया गया। चयन समिति द्वारा सफल आवेदक का नाम पढ़ कर सुनाया गया। ई-लॉटरी के दौरान पुलिस आयुक्त द्वारा नामित सदस्य, आबकारी विभाग द्वारा नामित सदस्य एवं जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार एवं जनपद के समस्त आबकारी निरीक्षक उपस्थित रहे। द्वितीय चरण की ई लॉटरी के दौरान प्राप्त 173 आवेदनों के द्वारा 1,12,45,000 रुपए आबकारी राजस्व प्राप्त हुआ।




# यमुना प्राधिकरण बोर्ड में विकास के लिए आज 8,500 करोड़ का करेगा प्रावधान

- **किसानों के मुआवजा वृद्धि और आवंटन दरों में वृद्धि को बोर्ड से मिल सकती है मंजूरी**
- **यमुना प्राधिकरण 84वीं बोर्ड बैठक में विकास कार्यों को लेकर 23 प्रस्ताव बोर्ड में रखेगा**

**ग्रेटर नोएडा,** 27 मार्च (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की 84वीं बोर्ड बैठक शुक्रवार को होगी। जिसमें 23 प्रस्ताव पेश बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा। बोर्ड में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए करीब साढ़े पचासी हजार करोड़ रुपए का बजट पेश किया जाएगा। इसमें सबसे अधिक खर्च भूमि खरीद पर होने की उम्मीद है। पिछले वर्ष करीब 8,870 करोड़ रुपए का बजट पेश हुआ था, जिसमें करीब छह हजार करोड़ रुपए भूमि खरीद व अधिग्रहण के लिए निर्धारित की गई थी, लेकिन सालभर में लक्ष्य के सापेक्ष भूमि अधिग्रहण नहीं हो सका, नतीजन पिछले वर्ष का बजट पूरी तरह से खर्च नहीं हो पाया है। ऐसे में उक्त बजट को पुनरीक्षित किया जाना है। इस बार भी प्राधिकरण ने 8500 करोड़ रुपए का बजट पेश करने का लक्ष्य रखा है। सबसे अधिक खर्च भूमि खरीद पर ही किया जाएगा।

### किसानों को इसी महीने बढ़े मुआवजे की सौगात

वहीं, ग्रेटर नोएडा और यमुना सिटी के किसानों को इसी महीने बढ़े मुआवजे की सौगात मिल सकती है। यमुना प्राधिकरण में आठ हजार 500 करोड़ रुपए के बजट को स्वीकृत करने के साथ ही अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए 28 मार्च को बोर्ड बैठक होगी। बोर्ड बैठक में यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सभी गांव के किसानों के मुआवजा बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव रखा जाएगा। एयरपोर्ट के तीसरे और चौथे चरण के लिए अधिग्रहीत होने वाली जमीन की दरों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 4300 रुपए प्रति वर्गमीटर करने घोषणा की थी। अब यमुना सिटी मुआवजे की दर 4300 रुपए प्रति वर्गमीटर करने की तैयारी में है। यमुना सिटी क्षेत्र में संपत्ति की आवंटन कीमतों में तेजी से वृद्धि होने की उम्मीद है।

# युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास, पुलिस ने रोका

**ग्रेटर नोएडा,** 27 मार्च (देशबन्धु)। सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट में बुधवार को एक युवक ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर आत्मदाह का प्रयास किया। युवक ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल उसे रोक लिया। इस घटना से कलेक्ट्रेट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के मुताबिक, युवक की पहचान वेदपाल पुत्र तेजवीर, निवासी ग्राम लखनावली के रूप में हुई है। वेदपाल का गौरव गुप्ता और अशोक गुप्ता के साथ जमीनी विवाद चल रहा था। यह मामला एडीएम कोर्ट में विचाराधीन था, जिसमें वेदपाल के पक्ष में फैसला हो गया था। लेकिन उसकी पत्रावली सदर तहसील से प्राप्त नहीं हो पाई, जिससे परेशान होकर उसने आत्मदाह का प्रयास किया। फिलहाल, पुलिस ने वेदपाल को सुरक्षित हिरासत में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच की जा रही है और प्रशासनिक स्तर पर भी इस प्रकरण को गंभीरता से लिया जा रहा है।




## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14.12.2015 में लिये गये निर्णय के क्रम में ग्राम रौनीजा में तहसीलदार, बल्लबगढ़, जिला-फरीदाबाद (हरियाणा) से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र दिनांक 10.10.2024 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है –

| क्रम सं0 | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम | वारिसानों का नाम | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रौनीजा | 602 | स्व0 किरन पत्नी स्व0 श्री खजान सिंह, हाल नि0 हाउस नं- 1281, वार्ड नं-5, हरी बिहार आदर्श नगर, बल्लबगढ़, फरीदाबाद हरियाणा-121004 | सूरज सिंह | पुत्र |
| | | | | मनोज कुमार | पुत्र |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औद्यो0 वि0 प्राधिकरण**


# 20 लाख की लागत से कम्पोजिट विद्यालय का कायाकल्प




**जेवर,** 27 मार्च (देशबन्धु)। कस्बे के कंपोजिट विद्यालय नंबर एक के पुराने भवन का जीर्णोद्वार व कायाकल्प के बाद मंगलवार को उद्घाटन किया गया। जिसमें टेलस डिजिटल से रिहाना खान, इफ्तिखार अहमद वखंड शिक्षा अधिकारी मौहम्मद राशिद ने फीता काट कर नवीन भवन में प्रवेश किया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। बच्चों को सम्बोधित करते हुए इफ्तिखार अहमद ने कहा कि देश की तरक्की में अच्छे विद्यालय अहम् भूमिका निभाते हैं। रिहाना खान ने भविष्य को लेकर की गई चर्चा में बच्चों ने इंजीनियर व डॉक्टर आदि बनकर देश की सेवा करने की इक्षा प्रकट की। खंड शिक्षा अधिकारी मौहम्मद राशिद ने विद्यालय का कायाकल्प करने पर परवरिश संस्था और टेलस डिजिटल का आभार प्रकट किया तथा ड्राप आउट बच्चों के दुबारा आगमन पर हर्ष व्यक्त किया। परवरिश संस्था के महासचिव फ़राज़ खान ने स्कूल प्रांगण में हुए 20 लाख के विकास कार्यों की जानकारी दी। प्रधानाध्यक श्री रती राम शर्मा ने संस्था का आभार प्रकट किया। प्राथमिक शिक्षक संघ जेवर के अध्यक्ष हेमराज शर्मा ने परवरिश केयर्स फाउंडेशन और टेलस डिजिटल का विद्यालय में कायाकल्प करने पर बधाई देते हुए जेवर ब्लॉक के अन्य विद्यालयों का भी कायाकल्प करने की मांग की। कार्यक्रम में विद्यालय का सभी शिक्षक तथा एआरपी रति गुप्ता व अर्चना शिरोमणि आदि मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नशा मुक्ति के लिए चलाएगा वृहद अभियान

**ग्रेटर नोएडा,** 27 मार्च (देशबन्धु)। अखिल भारती विद्यार्थी परिषद (अभाविप) नशा मुक्ति के लिए पूरे जिले में अभियान शुरु कर रहा है, जिसको लेकर ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता के दौरान गौरव गौड़, प्रांत मंत्री, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बताया कि ग्रेटर नोएडा में आकर पढ़ने वाले बड़ी संख्या में विद्यार्थी नशे के की चपेट में आते जा रहे हैं। ग्रेटर नोएडा में कई ऐसे ब्लैक प्वाइंट हैं जहां पर नशे का कारोबार हो रहा है। नॉलेज पार्क के कई शिक्षण संस्थानों के आस-पास नशे का कारोबार चल रहा है, ऐसा नहीं है कि पुलिस प्रशासन की इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि समाज में बढ़ते नशे की लत के प्रति जागरूकता फैलाने और युवाओं को नशामुक्त जीवन जीने के लिए एबीवीपी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी, जिनमें जागरूकता रैलियां, कार्यशालाएं, सेमिनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से, संगठन युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित करेगा और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। इस अभियान के तहत एबीवीपी नशे के बढ़ते खुले व्यापार पर रोक लगाने हेतु प्रशासन को बड़ी संख्या में ज्ञापन सौंपेगी। साथ ही नशे की खुलेआम बिक्री करने वालों पर कोई कार्यवाही ना होने की स्थिति में विधार्थी परिषद सड़क पर उतारकर बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन करेगी।





## ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Shop No. F-21, First Floor, Shri Radha Sky Gardens (Sky Plaza), Area-31.39 Sqm., Sector-16B, Greater Noida जो कि Sh. Sunil Chauhan & Mrs. Reshma Chauhan निवासी 6-A, Chauhan Mohalla, Madanpur Khadar Sarita Vihar, New Delhi के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक- 19.04.2018 को पंजीकृत है। Sh. Sunil Chauhan की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी/पुत्री Mrs. Reshma Chauhan & Samriddhi Chauhan (Minor 10Years) & Shreeya Chauhan (Minor 09 Years) ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण प्रस्तुत वारिसान के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mrs. Reshma Chauhan & Samriddhi Chauhan (Minor 10Years) & Shreeya Chauhan (Minor 09 Years) का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक (बिल्डर्स)**
**ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण**



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# मीडिया फेस्ट और ग्लोबल स्ट्रैटेजी समिट का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 27 मार्च (देशबन्धु)। शारदा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मीडिया फिल्म एंड एंटरटेनमेंट, न्यूजपेपर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनएआई) के सहयोग से मीडिया फेस्ट और ग्लोबल स्ट्रैटेजी समिट का आयोजन किया। इसमें वरिष्ठ पत्रकार, प्रभावशाली व्यक्ति और राजनीतिक नेताओं सहित मीडिया पेशेवरों ने हिस्सा लिया। समिट का शुभारंभ विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर वाइ.के. गुप्ता, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत, भाजपा सांसद जगन्नाथ सरकार, न्यूजपेपर एसोसिएशन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव डॉ. विपिन गौड़, एक्ट्रेस राधा भट्ट, डीन डॉ. रितू संजीव सूद ने दीप जलाकर किया। विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर वाइ.के. गुप्ता ने कहा कि आज के समय में मीडिया का अहम रोल है। आने वाले समय छात्रों को नई दिशा मिल सके। खबरों को कौन जल्दी ब्रेक करे इसका कम्पीटिशन चल रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की वजह से भविष्य में क्या हो सकता से भी जान सकते है। नई तकनीक का बेहतर इस्तेमाल कैसे करें इसके लिए सकारात्मक सोच होनी चाहिए। विदेशों में भारतियों को सम्मान और इज्जत मिलती है मीडिया का उसमें अहम रोल है। कार्यक्रम में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि मीडिया समाज का दर्पण और चक्षु है और लोकतंत्र का चौथा स्तंब है। जब पहले यह जानने के लिए देश क्या हो रहा है तो सुबह अखबार का इंतजार करते थे अब आपको सोशल मीडिया जरिए कुछ सेकंड में पता चल जाती है। मीडिया विश्वसनियता जो पहले थी वो अब खो गई है। ब्लैकमेलिंग का जरिया बनता जा रहा है। विश्वसनीयता बनाना जरूरी है जो समाज के अंदर और देश क्या घटना घट रही है वो दिखाए। सब कुछ अब आपकी जेब में है यानि मोबाइल में है। मीडिया को सत्यता दिखानी होगी हमारा भारत उन्नत दिशा में चल रहा है। विश्व में शांति हमारा देश दे सकता है। वर्तमान में मीडिया का रोल बहुत अहम है। उन्हें ये जिम्मेदारी और जवाबदेही उठानी होगी हम अपनी नई पीढ़ी को क्या दिखा रहे हैं या लिख रहे है। इस दौरान निजी चैनल के वरिष्ठ पत्रकार मृदुल शर्मा ने कहा कि दुनिया तीन बार बदली है,जब किताब छपी, दूसरी बार जब रेडियो और टीवी आया और तीसरी जब सोशल मीडिया आया। संचार का माध्यम बहुत जरूरी है। लेकिन इसे इस्तेमाल करने के लिए हमें सोचना होगा।



- **मीडिया को समाज के प्रति जिम्मेदारी और जवाबदेही उठानी होगी**


## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मौहम्मदाबाद खेडा में उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त 487/एस०टी०-एस०डी०एम०/2020 दिनांक 12.10.2020 स्व० भूलेराम पुत्र स्त्र० सादी राम की मृत्यू दिनांक 10.02.2020 व 249/एस०टी०-एस०डी०एम०/2023 दिनांक 31.01.2023 स्व० कश्मीरी पत्नी स्व० भूलेराम निवासी ग्राम भाईपुर ब्रहमनान परगना व तहसील जेवर, जिला गौतमबुद्धनगर मृत्यू दिनांक 17.09.2022 को हो चुकी है, मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मौहम्मदाबाद खेडा | 416 | स्व0 भूलेराम पुत्र स्व0 भूलेराम व स्व0 कश्मीरी पत्नी स्व0 भूलेराम निवासी ग्राम भाईपुर ब्रहमनान परगना व तहसील जेवर, जिला गौतमबुद्धनगर | रमेश चन्द | पुत्र | 56 वर्ष | |
| | | | सुरेश चन्द | पुत्र | 49 वर्ष | |
| | | | समंत्रा | पुत्री | 68 वर्ष | विवाहित |
| | | | कमलेश | पुत्री | 67 वर्ष | विवाहित |
| | | | शकुन्तला देवी | पुत्री | 50 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण**



## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ब्लॉक-पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा सिटी-201 308 गौतमबुद्धनगर (उ०प्र०) फोन नं0-0120-2395151, फैक्स नं0-0120-2395150

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवंटित आवासीय भवन योजना BHS01/2013 के अन्तर्गत आवंटित भवन संख्या-4449SF, क्षेत्रफल-29.76 वर्ग मी०, सैक्टर-22डी, आवंटन संख्या-BHS01-3333 के आवंटी Late. SMT. ANITA KUMARI की मृत्यु के उपरांत मृतक के पुत्र SH. SIDDHARTH BUARMAN द्वारा उक्त भवन का नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी Late. SMT. ANITA KUMARI की मृत्यु के उपरांत उनके पुत्र SH. SIDDHARTH BUARMAN का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**विशेष कार्याधिकारी**
**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**



## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पारसौल, भट्टा में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 466/एस०टी० एस०डी०एम०/11 दिनांक 28.01.2012 स्व0 श्री राजपाल सिंह पुत्र स्व० श्री खचेडू सिंह, नि० ग्राम पारसौल दनकौर तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर की मृत्यू दिनांक 01.01.2012, तथा पत्र संख्या 1085/एस०टी० एस०डी०एम०/2024 दिनांक 06.12.2024 स्व० श्री विजय सिंह पुत्र श्री उदय सिंह, नि० ग्राम पारसौल दनकौर तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर की मृत्यू दिनांक 30.08.2024, को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पारसौल भट्टा | 315 747 | स्व0 श्री राजपाल सिंह पुत्र स्व0 श्री खचेडू सिंह, नि0 ग्राम पारसौल-दनकौर तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर | श्री प्रवीण कुमार | पुत्र | 30 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्री राजीव कुमार | पुत्र | 28 वर्ष | विवाहित |
| पारसौल | 930 974 928 | स्व0 श्री विजय सिंह पुत्र श्री उदय सिंह, नि0 ग्राम पारसौल-दनकौर तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर | शकुन्तला | पत्नी | 38 वर्ष | विधवा |
| | | | ओम मलिक | पुत्र | 17 वर्ष | अविवाहित |
| | | | गौरव मलिक | पुत्र | 13 वर्ष | अविवाहित |
| | | | मनीषा मलिक | पुत्री | 20 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 28 मार्च 2025

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# राहुल को क्यों नहीं बोलने देते बिरला?

लगातार तीन बार केन्द्र की सरकार बना लेने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी विपक्ष के नेताओं, खासकर राहुल गांधी को न बोलने देने पर आमादा है, जो इस बार नेता प्रतिपक्ष भी हैं। पिछली लोकसभा में जब राहुल विपक्ष के नेता नहीं थे और न ही कांग्रेस की सदस्य संख्या आज के जितनी थी, तब भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनसे खौफ़ खाते थे और उन्हें चुप कराने के सारे उपाय करते थे। वर्तमान लोकसभा में, जो पिछले साल के मध्य में गठित हुई थी, कांग्रेस की सदस्य संख्या दोगुनी तो है ही, राहुल विपक्ष के नेता हैं। ऐसे में मोदी का उनसे पहले से दोगुना भय खाना लाजिमी है। बुधवार को तो हद हो गयी जब राहुल अपनी कोई बात कहने के लिये उठे ही थे कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही ही स्थगित कर दी।

पिछले लम्बे समय से मानो सदन के अध्यक्ष ने यह परिपाटी बना ली है कि राहुल को उनकी बात रखने ही नहीं दी जायेगी। राहुल के बोलने के दौरान अक्सर सत्ता पक्ष के सदस्य शोर-शराबा करते हैं या उनके भाषणों के प्रमुख हिस्से रिकॉर्ड में जाने ही नहीं दिये जाते-खासकर, जब वे मोदी और उनके कारोबारी मित्रों गौतम अदानी तथा मुकेश अम्बानी का उल्लेख करते हैं। पिछली लोकसभा के आखिरी दिनों में तो सरकार उनसे इस कदर भयभीत दिखाई दी कि उनकी सदस्यता तक छीन ली गयी थी। उनका बंगला भी आनन-फानन में खाली करा लिया गया था। उनके खिलाफ एक अवमानना केस तत्काल सुनवाई में लाकर सरकार ने यह प्रबन्ध भी कराया था। अंततः अदालती फैसले से उनकी सदस्यता बहाल हुई थी। इसके बावजूद राहुल न झुके, न मोदी तथा भाजपा सरकार पर हमले करना उन्होंने छोड़ा। वे सरकार द्वारा अदानी-अम्बानी को दिये जा रहे संरक्षण को भरपूर उजागर करते हैं और बताते हैं कि मोदी के कारण ये व्यापारी फल-फूल रहे हैं जबकि जनता बेहाल है।

बुधवार को संसद भवन के बाहर उन्होंने मीडिया के समक्ष आरोप लगाया कि जब भी वे लोकसभा सदन में कुछ बोलने के लिए खड़े होते हैं, उन्हें अपनी बात कहने नहीं दी जाती। बोलने का मौका देने की बजाये ओम बिरला नेता विपक्ष को सदन के नियमों का पालन करने की नसीहत देते रहे। उल्लेखनीय है कि कांग्रेसी सांसदों द्वारा टी-शर्ट पहनकर सदन में आने पर उन्होंने सदन की मर्यादा व आचरण का पालन करने का आग्रह किया था। उनके अनुसार यह मर्यादा और शालीनता के मानदंडों तथा सदन की परंपरा के प्रतिकूल है। बिरला ने नेहरू-गांधी परिवार का नामोल्लेख किये बगैर ध्यान दिलाया कि इसी सदन में पिता-पुत्री, मां-बेटी और पति-पत्नी सदस्य रहे हैं। इस परिप्रेक्ष्य में नेता प्रतिपक्ष से उन्होंने अपेक्षा की कि लोकसभा प्रक्रिया के नियम 349 के अनुसार वे सदन में आचरण और व्यवहार करें। अध्यक्ष की इस बात से इंकार नहीं है कि मर्यादा तथा शालीनता का सभी को पालन करना चाहिये। सवाल यह है कि ऐसी सारी अपेक्षाएं बिरला साहब केवल विपक्ष से ही करते हैं। जब भाजपा सदस्यों के बोलने की बारी आती है तो उन्हें पूरी छूट मिलती है। उनके बारे में कई बार कहा गया है कि वे दोहरा रवैया अपनाते हैं और भाजपा-सदस्य के रूप में बर्ताव करते हैं। वे खुद विपक्षी नेताओं के भाषणों में अड़ंगा डालते हैं। यहां तक कि सरकार का बचाव भी करते हैं। अक्सर चर्चाओं के उन हिस्सों को काट दिया जाता है जिनमें सरकार की, वह भी जिनमें नरेन्द्र मोदी की आलोचना होती है।

बहरहाल, सवाल यह है कि आखिर राहुल से किस बात का सत्ता को खौफ है? कहा जा सकता है कि राहुल की लगभग हर बात से मोदी और उनकी सरकार को डर लगती है। वे जब भी कोई मुद्दा उठाते हैं या किसी विषय पर अपनी राय रखते हैं, तो वह सरकार को परेशान करने वाली होती है। देश के सारे संसाधनों को कुछ व्यवसायियों को सौंपना, भाजपा सरकारों का अन्याय व भ्रष्टाचार समेत ऐसे कई मुद्दे हैं जिन्हें सामने लाकर राहुल मोदी का भ्रष्टाचारी व निरंकुश चेहरा सामने ला चुके हैं। लोकसभा-2024 में उनकी वायनाड व रायबरेली से जीत ने उनकी ताकत को तो बढ़ाया ही, उनकी बहन प्रियंका का वायनाड से जीतकर आना भाजपा के लिये और भी परेशानी का सबब है। इसलिये बुधवार को जब राहुल ने सदन में बाहर निकलते हुए प्रियंका के गालों को स्नेहपूर्वक हाथ लगाया, तो चिढ़े हुए बिरला ने उन्हें शालीनता की एक और डोज़ चढ़ा दी। ये वही बिरला हैं जो पिछली लोकसभा में दिल्ली के सांसद रमेश विधूड़ी द्वारा दानिश अली को साम्प्रदायिक गालियां देते हुए सुनते रहे थे। बिरला, मोदी व सरकार के सामने ज्यादा दिक्कत यह है कि अब राहुल अपमान और निलम्बन सहित किसी भी भय से ऊपर उठ चुके हैं।

दो यात्राओं (भारत जोड़ो व न्याय यात्रा) से निकले सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक विमर्श पर आधारित राहुल के भाषण जनता को न्याय दिलाने के मकसद से होते हैं। जातिगत जनगणना की उनकी मांग, संविधान की रक्षा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा का विरोध मोदी की जमीन हिलाने के लिये काफी होते हैं। यही कारण है कि मोदी राहुल के रहते सदन में तभी आते हैं जब बेहद ज़रूरी हो। स्मृति ईरानी (पिछली लोकसभा में), अनुराग ठाकुर, निशिकांत दुबे जैसे सांसदों के जरिये मोदी राहुल पर आक्रमण कराते रहे हैं। यही राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के साथ होता है। एक ओर मोदी कहते हैं कि 'आलोचना लोकतंत्र का आधार है', वहीं वे अपने खिलाफ कोई बात सदन में होने नहीं देना चाहते। उनके एजेंडा को बिरला चलाते हुए दिखते हैं।

# 'नो अदर लैंड', तब जाएं तो जाएं कहां?

तानाशाहों को हमेशा लगता है कि कला जैसे उनके लिए काल बन कर आ रही है। इसलिये वे जब-तब कभी कलाकार पर तो कभी उसके काम पर हमला बोलते रहते हैं। पूरब से पश्चिम तक मामला एक सा ही है। तभी तो तीन सप्ताह पहले ऑस्कर से सम्मानित बेस्ट डॉक्यूमेंट्री 'नो अदर लैंड' के चार निर्देशकों में से एक हमदान बलाल पर सोमवार को उन्हीं के गांव में इज़रायली सेना का हमला हो गया। अगले दिन जब उन्हें रिहा किया गया तब उनके सर और शरीर पर चोटों के निशान थे। 'नो अदर लैंड' के चार निर्देशकों में से दो फ़िलीस्तीनी हैं और दो इज़राइली। चार सह-निर्देशकों- बासल अद्रा, हमदान बलाल, युवाल अब्राहम और राहेल सोर की बनाई पहली ही डॉक्यूमेंट्री ने ऑस्कर जीता है और पूरी दुनिया में चर्चा का केंद्र बन गई है। 'नो अदर लैंड' डॉक्यूमेंट्री के ज़रिये इन चारों का मकसद था कि साथ में उनकी आवाज़ ज़्यादा बुलंद होगी; और ऐसा हुआ भी। ऑस्कर समारोह में जब इज़रायली पत्रकार युवाल अब्राहम ने अपने फ़िलीस्तीनी सह-निर्देशक बासल अद्रा की ओर देख कर कहा- 'जब मैं बासल को देखता हूं, तो मुझे अपना भाई दिखाई देता है, लेकिन हम समान नहीं हैं। हम एक ऐसे शासन में रहते हैं जहां मैं तो आज़ाद हूं, नागरिक कानून के अधीन हूं लेकिन बासल सैन्य कानूनों के अधीन है जो उसके जीवन को आए दिन नष्ट करते रहते हैं और वह कुछ नहीं कर सकता।' इस बयान ने अभी एक साथ मज़बूत आवाज़ की पैरवी की ही थी कि बलाल पर हमला हो गया और वह चीखता रहा कि 'मैं मर रहा हूं ‚ ये ताकतें 'नो अदर लैंड' को रिलीज़ होने भी नहीं दे रहीं और ओटीटी मंच इसे हटाने पर मजबूर कर दिए गए हैं।

दरअसल 'नो अदर लैंड' वेस्टलैंड के एक हिस्से मसाफिर (मुसाफ़िर) यत्ता के गांवों की कहानी है जहां बासल अद्रा पैदा हुआ है। दुनिया के नक्शे पर यह जगह मौजूद है जो सात-आठ गांवों से मिलकर बनी है। इज़राइल की सेना इस जगह को फौज के प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल करना चाहती है। वह इस रास्ते में आने वाले सभी घरों और स्कूलों को बुलडोज़ कर देना चाहती है। पूरी डाक्यूमेंट्री में सेना के बुलडोज़र घर-स्कूल ढहाते नज़र आते हैं। घर गिरने के बाद बासल का परिवार गुफ़ाओं में रहने के लिए मजबूर हो जाता है। विरोध करने पर उसके चाचा को घायल कर दिया जाता है। वह अस्पताल में ज़िन्दगी और मौत के बीच संघर्षरत है। बासल के पास एक कैमरा है और वह सब कुछ शूट करता है। ऐसा लगता है जैसे सेना के हथियार का सामना वह अपने कैमरे से ही कर रहा है। उसका एक ही मक़सद है कि उसके इलाके की तकलीफ़ दुनिया तक पहुंचाए। आखिर यह उसकी ज़मीन है और उसके पुरखे यहां 1830 से रहते आए हैं। इजराइल के सुप्रीम कोर्ट में उन्होंने सप्रमाण जानकारी दी है कि वे उनके कब्ज़े से पहले यहां रहते आए हैं। धीरे-धीरे ही सही उनकी अवाज़ को इंटरनेट पर बल मिलता है। एक समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर भी मसाफिर (मुसाफ़िर) यत्ता आते हैं। फिर वह सड़क नहीं टूटती, मकान खड़े रहते हैं। कुछ दिनों बाद फिर वही भय के हालात बन जाते हैं। डॉक्यूमेंट्री में बासल की मां भी हैं, जो खुद कभी एक्टिविस्ट रही हैं, लेकिन बासल की हताशा और हालात से दुखी हैं। वह दोहराती है कि हमें भी अपनी पहचान चाहिए, हमारे बच्चों को क्यों अच्छी ज़िन्दगी बसर करने का हक़ नहीं? दरअसल बासल ने क़ानून की पढ़ाई की है लेकिन आर्थिक हालात इस क़दर खस्ता हैं कि काम के कोई अवसर नहीं हैं।



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

> दरअसल 'नो अदर लैंड' वेस्टलैंड के एक हिस्से मसाफिर( मुसाफ़िर )यत्ता के गांवों की कहानी है जहां बासल अद्रा पैदा हुआ है। दुनिया के नक्शे पर यह जगह मौजूद है जो सात-आठ गांवों से मिलकर बनी है। इज़राइल की सेना इस जगह को फौज के प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल करना चाहती है। वह इस रास्ते में आने वाले सभी घरों और स्कूलों को बुलडोज़ कर देना चाहती है।

ऐसे ही एक दिन उसकी मुलाकात इजराइली पत्रकार युवाल अब्राहम से होती है जो सेना के उत्पीड़न को रिपोर्ट करता है। वह फिल्म में भी उसी बात का ज़िक्र करता है जो उसने ऑस्कर के मंच से कही थी कि- 'मैं आज़ाद नागरिक हूं तो मेरा भाई बासल क्यों नहीं?' युवाल से बासल पूछता है -

-आप कौन हैं?

00 मैं पत्रकार हूं।

-आप अरेबिक हैं?

00 नहीं, इजराइली हूं।

-क्या सच? आप क्या मानव अधिकार वाले हो?

00 हां कुछ ऐसा ही..

-क्या आपको लगता है कि आपका देश सही कर रहा है?

00 नहीं, मुझे लगता है यह जुर्म है।

सच कहा जाए तो 'नो अदर लैंड' दुनिया के अपनी ज़मीन से बेदखल कर शरणार्थी बनाए गए तमाम लोगों की कहानी होने के साथ यह इस बात को भी प्रभावी तरीके से बताती है कि लड़ाई जिसके नाम पर लड़ी जा रही है, वे उन हुक्मरानों के साथ नहीं हैं। तभी तो सेना का नुमाइंदा जब युवाल से पूछता है कि तुम यहां क्या कर रहे हो? इनका साथ क्यों दे रहे हो? तब युवाल कहता है क्योंकि यह सब तुम मेरे नाम पर कर रहे हो, 'नॉट इन माय नेम'। उम्मीद जगाने वाली बात तो यह भी है कि फ़िलिस्तीन की तकलीफ़ को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आवाज़ देने वाले कोई और नहीं बल्कि यहूदी हैं। सभी को याद है कि एक इज़रायली फिल्म निर्देशक नदाव लैपिड साल 2022 में अंतरराष्ट्रीय गोवा फिल्म फेस्टिवल में भारत आए थे और उन्होंने 'द कश्मीर फाइल्स' को 'वल्गर प्रोपेगेंडा' यानी अश्लील प्रचार कहा था। इज़राइली फिल्म निर्देशक की इस टिप्पणी से भारत में तूफ़ान आ गया था क्योंकि यह आलोचना सरकारी मंत्री के सामने हुई थी और नरेंद्र मोदी सरकार ने इस फिल्म के प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। लैपिड बेहद प्रतिभाशाली निर्देशक हैं जिनकी फ़िल्में बर्लिन और कान फिल्म फेस्टिवल में अवार्ड हासिल कर चुकी हैं। उनकी फिल्म सिनोनिम्स (पर्यायवाची) को प्रतिष्ठित बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में गोल्डन बेयर अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। सिनोनिम्स लैपिड की लगभग आत्मकथात्मक फिल्म है। कथानक का युवा सैनिक इज़राइल में जन्मा ज़रूर है लेकिन वह वहां से भागना चाहता है। वह फ्रांस पहुंचता है। यह दुनिया उसे खुला और उदार महसूस कराती हुई। वह कल्पना करता है कि वह जन्मा चाहे इज़राइल में हो, लेकिन फ्रांस का नागरिक बनना चाहता है। मरना भी वहीं चाहता है ताकि उसका पुनर्जन्म फ्रेंच नागरिक के रूप में हो। उसे यह भी लगता है कि इज़राइल एक ख़राब और घिनौनी परिकल्पना पर बना दिया गया देश है। एक ऐसा देश जिसकी ऊर्जा में कुछ कमी है। जिसकी ज़िंदादिली ग़ायब है।

'नो अदर लैंड' भी बर्लिन फिल्म से सम्मानित होकर ऑस्कर हासिल कर चुकी है लेकिन शांति का संदेश दोनों ओर के स्वार्थी तत्वों को बर्दाश्त नहीं हो रहा है। फिल्म बनाने वालों पर हमले हो रहे हैं। दुनिया के इन लोगों के लिए स्कूल और अस्पतालों से ज़्यादा ज़रूरी सैनिक अड्डे हैं तभी तो हमदान बलाल पर रमज़ान के महीने में अफ़्तार के समय हमला कर दिया जाता है। वह उस दिन मसाफ़र यत्ता में अपने परिवार के साथ था। मसाफिर यत्ता गाज़ा में नहीं है, यह वेस्टलैंड में है जहां शासन के लिए इजराइल के मातहत स्थानीय सदस्यों को चुना जाता है फिर भी वहां हिंसा और रक्तपात है। जब आधुनिक समय के महान मसखरे चार्ली चैपलिन की मूक फिल्मों को ही तमाम देशों की सरकारों ने नहीं छोड़ा तो फिर यह तो एक गंभीर डॉक्यूमेंट्री के निर्देशक हैं और सवाल पूछते हैं कि हमारे गांव में इजराइली कारें पीले रंग की और फ़िलीस्तीनियों की हरे रंग की क्यों हैं? हरी कारें वेस्ट बैंक से बाहर नहीं जा सकती, पीली जा सकती हैं। दोनों ही रंगों पर नियंत्रण इजराइल का है। पूरी दुनिया को यूं बांटकर क्यों रखा गया है? बहरहाल, इस डॉक्यूमेंट्री का बनना हालात में बड़ा हस्तक्षेप है और नागार्जुन की कविता 'शासन की बन्दूक' की अंतिम पंक्तियों की तरह ही उम्मीद से भर देता है-

जली ठूंठ पर बैठकर गई कोकिला कूक,
बाल न बांका कर सकी शासन की बंदूक।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# ओईसीडी ऋण रिपोर्ट 2025 में दिखा अमीर देशों का बढ़ता जोखिम

■ **अंजन रॉय**

विश्व आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) की ऋण रिपोर्ट 2025 विकास और आय पर विभिन्न देशों की समग्र ऋणग्रस्तता की एक गंभीर तस्वीर पेश करती है। यह कई सच्चाइयों को उजागर करता है, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जो राजकोषीय विवेक और ऋण उत्तरजीविता के पारंपरिक उच्च पुजारी थे।

अमीरों के क्लब के रूप में जाने जाने वाले ओईसीडी ने खुलासा किया है कि यूरोप के अत्यधिक विकसित देशों ने अपने वार्षिक रक्षा बजट की तुलना में अपने बकाया ऋणों पर ब्याज का भुगतान करने में अधिक खर्च करने की लगातार प्रवृत्ति दिखायी है। यह इस बात को स्पष्ट रूप से रेखांकित करता है कि अमेरिकियों ने यूरोप को स्पष्ट तौर पर बताया था कि वे शत्रुतापूर्ण आक्रमण के खिलाफ खुद की रक्षा करने में असमर्थ हे तथा इसके लिए अमेरिका पर ही भरोसा करते हैं।

यह आर्थिक संकेतक अकेले ही स्पष्ट करता है कि यूरोप के लोग अपने दरवाजे पर एक आक्रामक रूस के सामने कितने असहाय हैं, जब अमेरिका ने खुद की रक्षा के लिए उनके बिलों का भुगतान करने से इनकार कर दिया है।

फिर भी, दूसरों को उपदेश पढ़ने की आदत जल्दी खत्म नहीं होती। ओईसीडी रिपोर्ट विकसित देशों के साथ-साथ तथाकथित उभरती अर्थव्यवस्थाओं और विकासशील देशों के ऋण प्रोफाइल की भी जांच करती है। विकसित देश महामारी और अपनी अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए आयोजित कृत्रिम प्रोत्साहनों के बाद सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुपात में बहुत अधिक ऋण दिखा रहे हैं।

> संयुक्त राज्य अमेरिका में आर्थिक मंदी की भविष्यवाणी की गयी है और यहाँ तक कि ट्रम्प ने भी ऐसी संभावना को स्वीकार किया है। मंदी की कोई भी चर्चा और निवेशकों का पैसा शेयरों से बॉन्ड की ओर जाने से ब्याज दरों में गिरावट आती है। अफ़वाहें चल रही हैं कि अमेरिका को 7 ट्रिलियन के ऋण का सामना करना पड़ेगा। यह कोई छोटा बदलाव नहीं है।

ओईसीडी रिपोर्ट अपनी सिफारिशों में जोरदार है कि विकसित देशों के बाद के समूह, अर्थात उभरती अर्थव्यवस्थाओं और विकासशील देशों को राजकोषीय विवेक और कम ऋण जीडीपी अनुपात बनाये रखने के बारे में विशेष रूप से सावधान रहना चाहिए।

वैसे भी, विभिन्न देशों के इन दो समूहों के सार्वजनिक ऋण प्रोफाइल का जायजा लेने से उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं और विकसित देशों के ऋण प्रोफाइल में बड़े अंतर का पता चलता है।

ओईसीडी देशों में जारी किये गये सम्प्रभु ऋणों के अध्ययन में रिकॉर्ड .17 ट्रिलियन तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2023 में .14 ट्रिलियन से अधिक है। उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ईएमडीई) के ऋण बाजारों के आंकड़े भी काफी हद तक बढ़े हैं, लेकिन अमीर देशों की तुलना में बहुत कम हैं, जो 2007 में लगभग .1 ट्रिलियन से बढ़कर 2024 में 3 ट्रिलियन से अधिक हो गये हैं।

सरकारी ऋण का एक पहलू आम तौर पर बहुत कम सराहा जाता है। वह यह है कि सरकारी ऋणों को पुनर्भुगतान के माध्यम से शायद ही मिटाया जाता है। ये केवल पुनर्चक्रण हैं, यानी पुराने परिपक्व ऋणों को नये सिरे से उधार लेकर चुकाया जाता है। इसलिए जो मायने रखता है वह यह कि आप पुराने ऋणों को कैसे बदल रहे हैं।

यदि ब्याज दरें बढ़ रही हैं, तो नये ऋण उच्च ब्याज दरों पर लिए जाएंगे और इस प्रकार, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उच्च ब्याज भार के कारण उधार की कुल लागत बढ़ जाती है। ब्याज दरों में गिरावट होने पर, ये पुनर्वित्त लागतें कम हो जाती हैं। वैश्विक वित्तीय बाजार वर्तमान में ट्रम्प के गुस्से से परेशान हैं। व्यापार और आर्थिक नीतियों पर अमेरिकी नीतियों में बेतहाशा बयान और उतार-चढ़ाव भ्रामक संकेत दे रहे हैं। शेयर बाजारों में व्यापक उतार-चढ़ाव है और निवेशकों का पैसा शेयरों से बॉन्ड की ओर जा रहा है।

संयुक्त राज्य अमेरिका में आर्थिक मंदी की भविष्यवाणी की गयी है और यहाँ तक कि ट्रम्प ने भी ऐसी संभावना को स्वीकार किया है। मंदी की कोई भी चर्चा और निवेशकों का पैसा शेयरों से बॉन्ड की ओर जाने से ब्याज दरों में गिरावट आती है। अफ़वाहें चल रही हैं कि अमेरिका को 7 ट्रिलियन के ऋण का सामना करना पड़ेगा। यह कोई छोटा बदलाव नहीं है। आने वाले दिनों में ब्याज दरों में मामूली गिरावट से अमेरिकी संघीय सरकार को अपने भारी बकाया ऋणों के पुनर्चक्रण पर ब्याज लागत बचाने में मदद मिल सकती है। इसलिए, ट्रम्प के नखरे ऋण पुनर्चक्रण पर ब्याज के बोझ को कम करने के इस लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करने के तरीके थे।

जो भी हो, दुनिया ऋण पुनर्गठन में एक संभावित कठिन कार्य का सामना कर रही है। ओईसीडी रिपोर्ट में गणना की गयी है कि 'आगे देखते हुए, कुल सम्प्रभु ऋण का 42प्रतिशत और सभी बकाया कॉर्पोरेट बॉन्ड ऋण का 38 प्रतिशत अगले तीन वर्षों में परिपक्व होने वाला है'।

रिपोर्ट बताती है कि ओईसीडी देशों के लिए पुनर्वित्त लागत 2024 में पिछले वर्ष की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद के 0.3प्रतिशत तक बढ़ गयी है, जिससे सकल घरेलू उत्पाद के लिए निष्क्रिय भुगतान अनुपात सकल घरेलू उत्पाद के 3.3प्रतिशत से अधिक हो गया है। यह रक्षा पर उनके खर्च से कम से कम एक प्रतिशत अधिक है। अमेरिकी नये रणनीतिक रुख के साथ, इन देशों के लिए इस प्रवृत्ति को उलटना अनिवार्य होगा।

ऋण स्थिरता में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कारक विदेशी निवेशकों के लिए किसी देश के सार्वजनिक ऋण का जोखिम है। विदेशी धारकों के लिए जोखिम जितना बड़ा होगा, भेद्यता उतनी ही अधिक होगी। यहां भी रुझान परेशान करने वाले हैं।

सरकारी बॉन्ड के खरीदारों की प्रोफ़ाइल में घरेलू स्रोतों से विदेशी संस्थागत निवेशकों और अन्य की ओर समग्र बदलाव से भुगतान संबंधी समस्याओं का जोखिम बढ़ गया है।

ओईसीडी देशों में, घरेलू सॉवरेन बॉन्ड की केंद्रीय बैंक होल्डिंग्स में गिरावट आई है। ओईसीडी रिपोर्ट से पता चलता है कि 2021 में कुल बकाया ऋण का 29प्रतिशत से 2024 में 19प्रतिशत हो गया, जबकि घरेलू परिवारों की हिस्सेदारी 5 से बढ़कर 11प्रतिशत हो गयी, और विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी 29 से बढ़कर 34प्रतिशत हो गयी।

आइए, हम भारत के ऋण प्रोफाइल और बाहरी झटकों के प्रति हमारी भेद्यता पर एक नज़र डालें। भारतीय अर्थव्यवस्था के अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की नवीनतम सलाह रिपोर्ट कुछ संबंधित पहलुओं पर अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में बाहरी ऋण 18.9 प्रतिशत पर बना हुआ है और 2025-26 में यह घटकर 18.6प्रतिशत हो जायेगा। इसमें से अल्पकालिक ऋण केवल 8.3प्रतिशत है जिसे भेद्यता के उपाय के रूप में लिया जाता है क्योंकि यह तत्काल पुनर्भुगतान बोझ को इंगित करता है।

कुल मिलाकर, भारतीय राजकोषीय समेकन पर निरंतर जोर और सरकारी वित्त में संतुलन तक पहुँचने के कारण पिछले कुछ वर्षों में ऋण प्रोफ़ाइल में सुधार हो रहा है। बेशक, अर्थव्यवस्था की उछाल भरी स्थिति - जिसका एक संकेत कर संग्रह में उछाल है - ने इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद की है। आखिरकार, बढ़ती हुई लहरें सभी नावों को ऊपर उठाती हैं, सरकार के साथ-साथ व्यक्ति को भी।

## आपके पत्र

### हड्डी के औज़ारों का इस्तेमाल कब शुरू हुआ?

मानव विकास के इतिहास में पाषाण काल एक विशेष महत्व रखता है। एक मायने में इसे पहली औद्योगिक क्रांति कहा जा सकता है - लगभग तीस लाख साल पहले का एक ऐसा दौर जब मनुष्यों ने पत्थरों से औज़ार बनाना और उनका इस्तेमाल करना शुरू किया था। पाषाण काल में पत्थरों के औज़ार के साथ-साथ इन्हीं मनुष्यों द्वारा जब-तब हड्डी के औज़ार इस्तेमाल किए जाने के भी प्रमाण मिलते हैं। लेकिन ये प्रमाण बहुत छिट-पुट रूप में मिलते हैं। जैसे शोधकर्ताओं को करीब 14 लाख साल पुरानी हड्डी से बनी कुल्हाड़ी मिली थी, फिर 5 लाख साल पुराने कुछ और औज़ार मिले थे। लेकिन बहुत कम प्रमाणों के चलते सटीक रूप से यह निर्धारित नहीं किया जा सका है कि मनुष्यों ने हड्डी के औज़ार बनाना कब शुरू किया।

इतने कम प्रमाण का एक कारण है कि पत्थरों के माफिक हड्डियां सालों-साल सुरक्षित नहीं रहतीं। हड्डियां समय के साथ सड़-गल जाती हैं, और जैसी-तैसी हालत में जो हड्डियां मिलती भी हैं उनमें यह अंतर कर पाना एक बड़ी चुनौती होती है कि वे किसी जीव की हड्डियां मात्र हैं या मनुष्यों ने उन्हें तराश कर औज़ार का रूप दिया था।

बावजूद इसके, किसी बात को पुख्ता तौर पर कहने के लिए वैज्ञानिकों की पैनी नज़रें सदैव ही अधिकाधिक प्रमाणों की तलाश में रहती हैं। इसी उद्देश्य से 2015 में, पुरातत्वविदों के एक दल ने तंज़ानिया के ओल्डुवाई गॉर्ज पुरातात्विक स्थल पर खुदाई कार्य शुरू किया था। दरअसल इस स्थल पर पूर्व में भली-भांति संरक्षित जीवाश्म और पत्थर के औज़ार मिले थे, जो 20 लाख साल की लंबी अवधि के मानव विकास के इतिहास को बयां कर रहे थे। इस स्थल की 8 मीटर गहरी खुदाई करीब 8 साल में पूरी हुई थी।

पहले तो शोधकर्ताओं ने इन परतों का काल-निर्धारण किया; ये परतें करीब 15 लाख साल पुरानी थीं। फिर खुदाई में मिली हाथी के पांव की एक हड्डी और बाकी हड्डियों (से बने औज़ारों) का बारीकी से अवलोकन किया। कुल मिलाकर इस खुदाई स्थल से उन्हें हड्डियों के 27 औज़ार मिले। अवलोकन में दिखा कि इन हड्डियों पर तराशने के निशान हैं; आकार देने के लिए उनसे छीलकर हटाई गई छिल्पियों के निशान साफ गवाही दे रहे थे कि ये महज़ हड्डियां नहीं बल्कि औज़ार हैं। पाया गया कि अधिकतर औज़ार हाथी और दरियाई घोड़े जैसे विशालकाय जानवरों की हड्डियों से बनाए गए थे।

इन औज़ारों की बनावट वगैरह देखकर लगता है कि इनका इस्तेमाल मांस काटने और हड्डियों के अंदर से मज्जा निकालने के लिए हड्डियों को तोड़ने में किया जाता होगा। इस आधार पर शोधकर्ताओं को लगता है कि उस समय के मनुष्य जानवरों को केवल भोजन के स्रोत के रूप में ही नहीं बल्कि अन्य संसाधन के तौर पर भी देखते थे।

**(स्रोत फीचर्स)**



## ललित सुरजन की कलम से

### स्त्री सुरक्षा और सम्मान: कुछ सुझाव

*एडवरटाइजिंग स्टैण्डर्स कौंसिल ऑफ इंडिया जैसी संस्थाओं में विज्ञापनों के परीक्षण के लिए बनी समितियों में महिलाओं को समुचित स्थान दिया जाए। ये समितियां शिकायत मिलने पर नहीं, बल्कि खुद संज्ञान लेकर परीक्षण करें।*

*यदि सीरियल लेखक, गीतकार, संवाद लेखक, विज्ञापन लेखक, हास्य कवि और पत्रकार तय कर लें कि उन्हें स्त्री का अपमान करने वाली बातें नहीं लिखना है और इसके लिए अपनी कलम नहीं बेचेंगे तो वे भूखे नहीं मर जाएंगे।*

*भारत में साल में 365 दिन औरतों के लिए किसी न किसी उपवास का प्रावधान रहता है। यह पिता, पति और पुत्र का दायित्व है कि वह इसके खिलाफ आवाज उठाए। जिस समाज में औरत के लिए एक जन्म भारी पड़ता है वहां सात जन्मों तक वही पति पाने की मनौती क्यों मानी जाए? मेरी राय में करवा चौथ, तीज, छठ जैसे पर्वों का स्वरूप बदल देना चाहिए।*

*जहां तक कानून व्यवस्था की बात है, सिपाहियों को उनकी ट्रेनिंग के दौरान सबसे पहले यही सिखाया जाना चाहिए कि वे स्त्री जाति व वंचित समूहों का सम्मान करना सीखें व उसके साथ अदब के साथ पेश आए। उन्हें संवेदनशील बनाने के लिए तत्काल बड़े पैमाने पर विशेष प्रशिक्षण आयोजित किए जाएं।*

**(देशबंधु में 17 जनवरी 2013 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/01/blog-post_16.html

## पावन प्रसंग

### जीवन सुधारें अध्यात्म से

बाहर हम जो कुछ भी करें, वह अपने आंतरिक जीवन को सरल बनाने की दृष्टि से ही होना चाहिए। कम कामना, कम संसाधनों के साथ चलने को इसलिए कहा गया है, क्योंकि इनमें आत्मिक प्रगति की अधिक सुविधा रहती है। इसलिए कहते हैं कि बोझा इतना उठाओ कि आसानी से छोड़ सको। कहने का तात्पर्य यह है कि जिस जीवन को हम जी रहे हैं वह दीर्घकाल में एक सुव्यवस्थित रीति-नीति से बीतना चाहिए। इसका उपाय है आवश्यक को स्वीकार करना तथा जो अनावश्यक लगे उसे त्याजते जाना। जीवन का यही सिद्धांत है कि हम अमर होने के पैदा हए हैं इसलिए पहले देख लीजिए कि जिन चीजों से संबंध जोड़ रखा है वे अमरता दिलाने वाली हैं भी कि नहीं। जिसका एकत्व बोध जाग्रत परमात्मा को सौंप दिया हो, वह व्यक्ति कभी हीन चरित्र एवं पाप कुंठित नहीं हो सकता। उसे परिस्थितियां विवशतावश डिगा नहीं सकतीं तथा उसका जीवन एक अद्भुत चमत्कार का पर्याय हो जाता है। इस अवस्था से कोई भी कार्य किया जाए वह सच्चा एवं दीर्घकाल में उन्नति देने वाला होता है। एक सुव्यवस्थित जीवनक्रम के लिए आवश्यक है कि कार्य ऐसे अपनाए जाएं जो आंतरिक जीवन में सफलता एवं बाह्य जीवन में उन्नति का पथ प्रशस्त करें।

इसके लिए चाहिए उमंग उत्साह भरा दृष्टिकोण साथ ही कुछ करने की उत्कंट भावना। शेष अन्य कार्य तो अंतरात्मा की दिव्य आवाज स्वयं करा लेगी जिसके आह्वान पर मानव सक्रिय है। उसे कुछ चाहिए तो मात्र एक भीतरी अवलंबन, जिसके द्वारा वह संसार में अधिकांश कार्य कर सके। अंतरात्मा जो सोचती है एवं करने को तत्पर होती है वह कभी व्यर्थ या मिथ्या नहीं होता। उसे ही दिव्यदर्शियों ने मेधा कहा है। यानि ऐसी कार्यप्रणाली जो विश्वासपूर्वक हमें संसार के खाई-खंदक से पार ले जाती रहे तथा जिसके अवलंबन द्वारा हम सभी कठिनाइयों पर विजय प्राप्त कर सकें। आत्मा जिस मार्ग से प्राप्त होती है उसे ही कहते हैं कर्मयोग तथा इस नाते हमारा यह कर्तव्य हो जाता है कि जीवन में उन्हीं बातों को पकड़ें जो हमें आत्मा के निकट ले जाती हों तथा संसार से हमारा संबंध लेशमात्र भी आसक्ति या अपूर्णता का न रह जाए। इसी दृष्टिकोण के साथ यदि देखा जाए तो सारा जगत एक दिव्यभाव से ओत-प्रोत दिखाई पड़ता है तथा मार्ग के कंटकाकीर्ण उतार-चढ़ाव हमें अधिक परिपक्व बनाने के लिए ही हैं। यही जीवनप्रणाली अभिनव द्योतक है। इसके द्वारा जीवन के नवनिर्माण में आश्चर्यजनक सफलता प्राप्त की जा सकती है।

इस दृष्टि से सोचा जाए तो कार्य वही किए जाएं जो आंतरिक जीवन को सुदृढ़ और मजबूत बनाते हों। जिनसे आत्मा विकास को प्राप्त करती हो तथा जीवन निखरता हो। उसे ही संवेदना का प्रकाश तथा आदि-अनंत परमात्मा से जुड़ने की विधा कहेंगे तथा इस मार्ग से निश्चित ही सांसारिक जीवन में सफलता तथा आंतरिक प्रगति के परिक्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है। यही महानता का राजमार्ग है एवं इस पर चलकर जीवन धन्य हो जाता है। जिस प्रक्रिया को अपनाकर जीवन सुधारता हो, वही अध्यात्म है तथा इस दृष्टि से जीवन में करने योग्य वही है, जो आत्मा को जगाए। दूसरों के कल्याण में नियोजित हो तथा स्वयं के परिष्कार से संबंधित।

-अखंड ज्योति

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*
*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की मतदाता पहचान को लेकर भारत की तारीफ

**न्यूयॉर्क,** 27 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के मतदाताओं को अपने आधार कार्ड को चुनाव फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) से जोड़ने वाले नियम का जिक्र किया। उन्होंने आधार-ईपीआईसी लिंकिंग की तुलना अमेरिका में मतदाता पहचान की ढीली प्रणाली से की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघीय चुनावों में मतदाताओं को अपनी नागरिकता साबित करने के लिए एक आदेश पर हस्ताक्षर किए। इस आदेश में उन्होंने अमेरिकी और भारतीय तरीकों की तुलना की। उन्होंने पहले पैराग्राफ में लिखा कि भारत 'वोटर पहचान को एक बायोमेट्रिक डेटाबेस से जोड़ रहा है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका मुख्य रूप से नागरिकता के लिए स्व-सत्यापन पर निर्भर है।

# देश विदेश

# बलूचिस्तान में 6 पंजाबी मजदूरों की हत्या



- पहचान पत्र देखने के बाद बस से उतारकर मार दी गोली
- राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने की कड़ी निंदा

**इस्लामाबाद,** 27 मार्च (एजेंसियां)। बलूचिस्तान के ग्वादर जिले के कलमट क्षेत्र में गुरुवार तड़के पंजाब प्रांत के छह मजदूरों की गोली मार कर हत्या कर दी गई। अज्ञात बंदूकधारियों ने मुख्य राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया और पहचान पत्र की जांच करने के बाद मजदूरों को कराची जाने वाली यात्री बस से उतार दिया। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने यात्रियों की हत्या की कड़ी निंदा की।

राष्ट्रपति जरदारी ने कहा कि आतंकवादी बलूचिस्तान में देश के विकास और समृद्धि के दुश्मन हैं। वे बलूचिस्तान में प्रगति नहीं देख सकते। प्रधानमंत्री शहबाज ने कहा कि हम बदमाशों के राज्य विरोधी मंसूबों को कभी सफल नहीं होने देंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, मजदूरों की पहचान की जांच करने के बाद उन्हें बस से उतार दिया गया फिर आतंकवादियों ने उनकी हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने पुष्टि की कि पांच पीड़ित पंजाब के सादिकाबाद शहर के थे, जबकि एक मुल्तान का था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पांच पीड़ितों की तत्काल मौत हो गई, जबकि एक ने बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हफीज बलूच ने बताया कि ग्वादर बंदरगाह से यूरिया लेकर आ रहे तीन ट्रकों को भी तजाबन इलाके में आग लगा दी गई। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि बलूचिस्तान के अन्य क्षेत्रों में भी रोड ब्लॉक पाए गए हैं, जो अधिक हमलों की योजना जैसा प्रतीत होता है। बलूच ने कहा कि तुर्बत, पंजगुर और पसनी में सड़कें ब्लॉक कर दी गईं। बोलन, कोलपुर और मस्तुंग इलाकों में भी सड़कें अवरुद्ध की गईं। मस्तुंग इलाके में एक वाहन को आग लगा दी गई। यह पंजाब प्रांत के रहने वाले और बलूचिस्तान में काम करने वाले नागरिकों, श्रमिकों और मजदूरों पर किया गया नवीनतम लक्षित हमला है।

## क्वेटा में आईईडी विस्फोट, तीन की मौत, 21 घायल



**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान की प्रांतीय राजधानी क्वेटा में गुरुवार को एक संदिग्ध इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम 21 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने पुष्टि की कि विस्फोटक क्वेटा शहर के बारेच मार्केट के पास खड़ी एक मोटरसाइकिल में लगाए गए थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि धमाका दिन के व्यस्त घंटों के दौरान हुआ जब बाजार में लोगों की भीड़ होती है और सभी दुकानें खुली होती हैं। बारेच मार्केट को क्वेटा में ईरानी उत्पादों का सबसे बड़ा बाजार माना जाता है। यह नेशनल डेटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी (एनएडीआरए) और क्वेटा डेवलपमेंट अथॉरिटी पार्क के पास स्थित है। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर और घटना की जांच शुरू कर दी गई। अस्पताल के सूत्रों ने पुष्टि की है कि 21 गंभीर रूप से घायल लोगों को इलाज के लिए लाया गया है। अस्पताल के एक अधिकारी ने कहा 21 गंभीर रूप से घायल लोगों को इलाज के लिए लाया गया और दो शव अस्पताल में लाए गए।

## बलूच मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की हो रिहाई, शांतिपूर्ण आंदोलनों का दमन रुके : यूएन



**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने पाकिस्तान से अपील की कि वह बलूचिस्तान के मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को रिहा करे और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों पर होने वाला दमन रोके। मानवाधिकार विशेषज्ञों ने बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) के नेताओं महरंग बलूच, सम्मी दीन बलूच और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने के कारण गिरफ्तार किए गए अन्य मानवाधिकार रक्षकों की स्थिति को लेकर चिंता जताई। उन्होंने बलूच समुदाय के अधिकारों की रक्षा करने वाले नेटवर्क बीवाईसी के खिलाफ पाकिस्तान पुलिस की बढ़ती जा रही क्रूर कार्रवाइयों पर ध्यान दिलाया। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा कि 11 मार्च को बलूच अलगाववादियों के एक यात्री ट्रेन पर हमले के बाद पाकिस्तान ने कार्रवाई तेज कर दी। बीवाईसी के कई प्रमुख बलूच मानवाधिकार रक्षकों को कथित तौर पर पाकिस्तान के आतंकवाद निरोधक विभाग ने गिरफ्तार कर लिया या गायब कर दिया। विशेषज्ञों ने कहा कि हम पिछले कुछ महीनों से बलूच कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी और गायब होने की बढ़ती रिपोर्ट्स पर चिंतित हैं। हाल ही में हुई हिंसक घटनाओं ने हमारी चिंताओं को और बढ़ा दिया है। 21 मार्च को क्वेटा पुलिस ने बलूचिस्तान विश्वविद्यालय के सामने शांतिपूर्ण बीवाईसी विरोध प्रदर्शन पर बल प्रयोग किया।

# रूस के साथ संबंधों को बहुत महत्व देता है भारत : एस जयशंकर



> बहुध्रुवीयता के युग में दोनों देशों के बीच अधिक सहयोग जरूरी है : एस जयशंकर

**मॉस्को,** 27 मार्च (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि गतिशील विश्व व्यवस्था की पृष्ठभूमि में भारत-रूस संबंध लगातार विस्तारित और प्रगाढ़ होते जा रहे हैं। मॉस्को में रूस और भारत एक नए द्विपक्षीय एजेंडे की ओर सम्मेलन में उन्होंने यह बात कही।

जयशंकर ने कहा कि भारत और रूस के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को और बढ़ाना दोनों देशों की प्राथमिकता बनी हुई है। भारतीय दूतावास के सहयोग से रूसी अंतरराष्ट्रीय मामलों की परिषद की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम को विदेश मंत्री ने वर्चुअली संबोधित किया।

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत और रूस ने आपसी लाभ के लिए नए अवसरों को अपनाने और खोजने में योगदान करने की असाधारण क्षमता का प्रदर्शन किया है। विदेश मंत्री ने उल्लेख किया कि गतिशील साझेदारी और लोगों के बीच मजबूत संबंधों के साथ भारत-रूस द्विपक्षीय संबंध और भी प्रगाढ़ होंगे।

जयशंकर ने कहा कि बहुध्रुवीयता के युग में दोनों देशों के बीच अधिक सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि मैं दोहराना चाहता हूं कि भारत रूस के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है। हम इस गहरी मित्रता को बढ़ाने और सहयोग के नए आयाम तलाशने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आगामी भारत यात्रा के लिए तैयारियां की जा रही हैं। लावरोव ने कहा कि हमारे देशों के बीच संबंधों का इतिहास बहुत पुराना है।

# यमन की राजधानी पर अमेरिकी सेना ने किए हवाई हमले

**सना,** 27 मार्च (एजेंसियां)। यमन की राजधानी सना पर अमेरिकी सेना ने कई हवाई हमले किए हैं। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी के अनुसार, तीन हवाई हमले सना के दक्षिणी हिस्से में सानहान जिले के जरबन क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए, दो हवाई हमले सना के उत्तर-पूर्व में बानी हुशायश जिले के अल-जुमायमा क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए, साथ ही दो अन्य हवाई हमले सना के उत्तरी हिस्से में अल-दायलामी वायु सेना अड्डे को निशाना बनाकर किए गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ये सभी लक्षित क्षेत्र जाने-माने सैन्य स्थल हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि हवाई हमलों के कारण विस्फोट हुए। हताहतों की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।



राजधानी सना और कई उत्तरी प्रांतों पर नियंत्रण रखने वाला हूती समूह शायद ही कभी अपने नुकसान का खुलासा करता है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है। यह दो सप्ताह पहले लाल सागर में हूती ठिकानों के खिलाफ अमेरिकी नौसेना द्वारा किए गए हवाई हमलों की श्रृंखला में नवीनतम हमला था। इससे पहले दिन में, हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने टेलीविजन बयान में कहा कि उनके समूह ने मध्य इजरायल में सैन्य ठिकानों और उत्तरी लाल सागर में अमेरिकी विमान वाहक पोत यूएसएस हैरी एस. ट्रूमैन पर नए रॉकेट और ड्रोन हमले किए हैं।

# गाजा में 430 से अधिक ठिकानों पर हमले किए : इजरायल

**यरूशलम,** 27 मार्च (एजेंसियां)। इजरायली सेना ने कहा कि उसकी वायु सेना ने गाजा में अपने घातक हवाई और जमीनी अभियान को फिर से शुरू करने के बाद से 430 से अधिक ठिकानों पर हमला किया है।



सेना ने बुधवार को एक बयान में दावा किया कि ये सभी आतंकी ठिकाने थे। गाजा पर 18 मार्च से फिर से हुए हमलों ने दो महीने के युद्धविराम को खत्म कर दिया और गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, लगभग 830 लोग मारे गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, किसी भी इजरायली व्यक्ति के मारे जाने की खबर नहीं है।

7 अक्टूबर, 2023 को हमास के हमले के बाद इजरायल द्वारा शुरू किए गए हमले के बाद से गाजा में कुल मृतकों की संख्या 50,000 से अधिक हो गई है। हमास के हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे। इजरायल ने सीरिया और लेबनान में भी हमले जारी रखे। सेना ने कहा कि सीरिया में, इजरायल ने पिछले एक हफ्ते में 18 ठिकानों पर हमले किए, जिसमें मंगलवार और पिछले गुरुवार को हवाई हमले शामिल हैं। जिसमें युद्धक विमानों ने तादमुर और टी-4 ठिकानों पर शेष सामरिक सैन्य क्षमताओं को निशाना बनाया।

# सूडानी सेना का ऐलान अब आजाद है खार्तूम

**खार्तूम,** 27 मार्च (एजेंसियां)। सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) के कमांडर अब्दुल फतह अल-बुरहान ने खार्तूम में राष्ट्रपति भवन के अंदर से घोषणा की कि खार्तूम स्वतंत्र है। सूडान टीवी के अनुसार, उन्होंने राजधानी पर रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के नियंत्रण के अंत का उल्लेख किया।

सूडान के संक्रमणकालीन संप्रभु परिषद के अध्यक्ष अल-बुरहान ने बुधवार को एक संक्षिप्त संबोधन में कहा कि खार्तूम स्वतंत्र है, और मसला अब खत्म है। उन्होंने सूडानी सेना के सैनिकों और सहायक बलों की तारीफ की, जिन्होंने आरएसएफ को बाहर निकालने और प्रमुख राज्य संस्थानों को सुरक्षित करने के लिए कड़ी लड़ाई लड़ी। सूडान टीवी की ओर से प्रसारित वीडियो फुटेज में अल-बुरहान को राष्ट्रपति भवन में घूमते हुए दिखाया गया। वहीं महल की सुरक्षा के लिए तैनात सैन्य इकाई के



अधिकारी और सैनिक उन्हें घेरे हुए थे।

संप्रभु परिषद मीडिया के एक बयान के अनुसार, अल-बुरहान बुधवार को हेलीकॉप्टर के जरिए खार्तूम पहुंचे। वह खार्तूम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे। अप्रैल 2023 में संघर्ष शुरू होने के बाद से वहां उतरने वाला यह पहला विमान था। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रपति भवन जाने से पहले हवाई अड्डे की सुरक्षा करने वाली सैन्य इकाइयों का निरीक्षण किया।

**चिंताजनक** *संयुक्त राष्ट्र ने की अफगान में लड़कियों के बुनियादी अधिकारों की रक्षा करने की अपील, कहा*

# अफगान लड़कियों को शिक्षा से वंचित करना बड़ा अन्याय

**न्यूयॉर्क, 27 मार्च (एजेंसियां)। यूनाइटेड नेशन वूमेन ने कहा कि अफगान लड़कियों को शिक्षा से वंचित करना बड़ा अन्याय है। इसका असर आने वाली पीढ़ियों पर पड़ेगा। एजेंसी ने अफगानिस्तान में लड़कियों के बुनियादी अधिकारों की रक्षा करने की अपील की। अफगानिस्तान में बिना स्कूल फिर से खुल रहे हैं। अफगान तालिबान ने महिलाओं की शिक्षा पर प्रतिबंध जारी रखा है और यह पाबंदी अब तीसरे साल में प्रवेश कर चुकी है। यूएन वूमेन ने बुधवार को एक्स पर यह पोस्ट किया, लड़कियों को स्कूल जाना चाहिए।**

फिर भी, अफगानिस्तान में लगातार तीसरे साल लड़कियों को उनका शिक्षा का अधिकार नहीं मिल रहा है, क्योंकि स्कूल बिना उनके फिर से खुल रहे हैं। उन्हें शिक्षा से वंचित करना बड़ा अन्याय है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित करेगा। उनके बुनियादी अधिकारों को तुरंत बहाल किया जाना चाहिए।

इस हफ्ते की शुरुआत में यूएन वूमेन की कार्यकारी निदेशक सिमा बहौस ने चेतावनी दी थी कि अगर लड़कियों को शिक्षा से वंचित रखा गया, तो अफगानिस्तान में इसके नकारात्मक प्रभाव कई पीढ़ियों तक महसूस होंगे।

सिमा बहौस ने एक्स पर पोस्ट किया कि अफगानिस्तान में नए स्कूल वर्ष की शुरुआत के साथ ही हजारों लड़कियों के



- अफगानिस्तान में लगातार तीसरे साल लड़कियां शिक्षा से हो रही वंचित

लिए स्कूल के दरवाजे बंद हैं - यह तीसरा साल है। उनके शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन पीढ़ियों तक असर करेगा। लड़कियों को स्कूल वापस जाना चाहिए और उनके बुनियादी अधिकारों को बिना किसी देरी के बहाल किया जाना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र महिला की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त 2021 से तालिबान ने अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों को शिक्षा से वंचित करने के लिए धीरे-धीरे कदम उठाए हैं और लगातार सख्त प्रतिबंध लगाए हैं।

लड़कियों को पहली बार मार्च 2022 में माध्यमिक स्कूलों में जाने से रोका गया और फिर उसी साल दिसंबर में उन्हें विश्वविद्यालयों में भी जाने से मना कर दिया गया।

जनवरी 2023 तक तालिबान ने लड़कियों को विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा देने से रोककर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली, जिससे कुछ इलाकों में लड़कों की तुलना में लड़कियों की परीक्षा में भागीदारी बढ़ने की जो उम्मीद थी, वह खत्म हो गई।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियां – 2025

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ निम्न समय–सारणी के अनुसार चलाई जाएंगी :–

**02270/02269 लखनऊ - छपरा - लखनऊ आरक्षित वंदे भारत एक्सप्रेस** — 54 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02270 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02269 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 14:15 | लखनऊ | 06:30 | – |
| 21:30 | – | छपरा | -- | 23:00 |

**चलने की तिथि: 02270 लखनऊ** से और **02269 छपरा** से प्रतिदिन (मंगलवार छोड़कर) दिनांक 26.04.2025 तक। **स्थान :** कुर्सीयान, एक्जीक्यूटीव कुर्सीयान। **ठहराव** : सुल्तानपुर जं., वाराणसी जं., ग़ाज़ीपुर सिटी, बलिया एवं सुरेमनपुर स्टेशन।

**02436/02435 नई दिल्ली - पटना जं. - नई दिल्ली आरक्षित वंदे भारत स्पेशल एक्सप्रेस** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02436 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02435 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 08:30 | नई दिल्ली | 20:10 | – |
| 20:10 | – | पटना जं. | -- | 08:30 |

**चलने की तिथि: 02436 नई दिल्ली** से 29, 30 एवं 31.03.2025 को और **02435 पटना सं.** से 30, 31.03.2025 एवं 01.04.2025 को **स्थान :** कुर्सीयान, एक्जीक्यूटीव कुर्सीयान। **ठहराव** : गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन।

**01123/01124 लोकमान्य तिलक (ट.) - मऊ - लोकमान्य तिलक (ट.) स्पेशल ट्रेन (सप्ताह में दो दिन)** — 48 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01123 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01124 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 12:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:45 | – |
| 20:20 | – | मऊ | -- | 05:50 |

**चलने की तिथि: 01123 लोकमान्य तिलक ट.** से शुक्रवार एवं रविवार को दिनांक 06.04.2025 से 29.06.2025 तक (दिनांक 02.05.2025 को यह रेलगाड़ी 01125 शिक्षक विशेष रेलगाड़ी को तौर पर चलेगी) और **01124 मऊ** से रविवार एवं मंगलवार को दिनांक 08.04.2025 से 01.07.2025 तक (दिनांक 10.06.2025 को यह रेलगाड़ी 01126 शिक्षक विशेष रेलगाड़ी को तौर पर चलेगी) **स्थान :** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य, **ठहराव** : ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर और औंरिहार स्टेशन।

**01053/01054 लोकमान्य तिलक (ट.) - बनारस - लोकमान्य तिलक (ट.) स्पेशल ट्रेन (सप्ताह में दो दिन)** — 48 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01053 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01054 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 12:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 04:40 | – |
| 16:05 | – | बनारस | -- | 20:30 |

**चलने की तिथि: 01053 लोकमान्य तिलक ट.** से बुधवार एवं गुरूवार को दिनांक 09.04.2025 से 26.06.2025 तक और **01054 बनारस** से गुरूवार एवं शुक्रवार को दिनांक 10.04.2025 से 27.06.2025 तक **स्थान :** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य, **ठहराव** : ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर और प्रयागराज छिवकी स्टेशन।

**01431/01432 पुणे - गाजीपुर सिटी - पुणे स्पेशल ट्रेन (सप्ताह में दो दिन)** — 48 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01431 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01432 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 06:40 | पुणे | 16:20 | – |
| 20:15 | – | गाजीपुर सिटी | -- | 04:20 |

**चलने की तिथि: 01431 पुणे** से शुक्रवार एवं मंगलवार को दिनांक 08.04.2025 से 27.06.2025 तक और **01432 गाजीपुर सिटी** से रविवार एवं गुरूवार को दिनांक 10.04.2025 से 29.06.2025 तक **स्थान :** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य, **ठहराव** : दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, मनमाड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर और औंरिहार स्टेशन।

**01491/01492 पुणे - हजरत निजामुद्दीन - पुणे स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक)** — 24 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01491 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01492 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 17:30 | पुणे | 23:55 | – |
| 18:10 | – | हजरत निजामुद्दीन | -- | 22:10 |

**चलने की तिथि: 01491 पुणे** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 11.04.2025 से 27.06.2025 तक और **01492 हजरत निजामुद्दीन** से प्रत्येक शनिवार को एवं दिनांक 12.04.2025 से 28.06.2025 तक **स्थान :** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य, **ठहराव** : लोनावला, कल्याण, भिवंडी रोड, वसई रोड, पालघर, वापी, वलसाड, उधना, वडोदरा, रतलाम, भवानी मंडी, सवाई माधोपुर और मथुरा स्टेशन।

**04092/04091 नई दिल्ली-इंदौर जं.-नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04092 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04091 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 15:30 | नई दिल्ली | 02:30 | – |
| 06:00 | – | इंदौर जं. | -- | 11:30 |

**चलने की तिथि: 04092 नई दिल्ली** से दिनांक 28.03.2025 एवं 30.03.2025 को और **04091 इंदौर जं.** से दिनांक 29.03.2025 एवं 31.03.2025 को **स्थान :** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य, **ठहराव** : मथुरा, कोटा, नागदा और रतलाम स्टेशन।

**01415/01416 पुणे - गाजीपुर सिटी - पुणे स्पेशल ट्रेन (अनारक्षित) (साप्ताहिक)** — 26 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01415 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01416 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 06:40 | पुणे | 17:50 | – |
| 20:15 | – | गाजीपुर सिटी | -- | 04:20 |

**चलने की तिथि: 01415 पुणे** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 05.04.2025 से 28.06.2025 तक और **01416 गाजीपुर सिटी** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 07.04.2025 से 30.06.2025 तक **स्थान :** सामान्य, **ठहराव** : दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, मनमाड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर और औंरिहार स्टेशन।

**03297 दानापुर - आनन्द विहार ट. स्पेशल ट्रेन** — 01 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 03297 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन |
|---|---|---|
| -- | 14:30 | दानापुर |
| 11:15 | -- | आनन्द विहार ट. |

**चलने की तिथि: 03297 दानापुर** से दिनांक 02.04.2024 को **स्थान :** सामान्य, **ठहराव** : आरा, बक्सर, दीन दयाल उपाध्याय, प्रयागराज और कानपुर सेंट्रल स्टेशन।

**04085/04086 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04085 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04086 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 12:30 | नई दिल्ली | 20:00 | – |
| 02:00 | – | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | -- | 07:30 |

**चलने की तिथि: 04085 नई दिल्ली** से दिनांक 28, 29, 30 एवं 31.03.2025 को और **04086 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 29, 30, 31.03.2025 एवं 01.04.2025 को **स्थान :** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य, **ठहराव** : सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र, अम्बाला कैंट, ढंडारी कलां, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन।

**04024/04023 दिल्ली जं. - वाराणसी जं. - दिल्ली जं. आरक्षित सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04024 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04023 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 19:30 | दिल्ली जं. | 08:50 | – |
| 09:45 | – | वाराणसी जं. | -- | 18:35 |

**चलने की तिथि: 04024 दिल्ली जं.** से दिनांक 28, 29 एवं 30.03.2025 को और **04023 वाराणसी जं.** से दिनांक 29, 30 एवं 31.03.2025 को **स्थान :** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य, **ठहराव** : गाजियाबाद, मुरादाबाद, आलमनगर, लखनऊ, रायबरेली और मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ स्टेशन।

**04088/04087 नई दिल्ली - पटना जं. - नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04088 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04087 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 15:50 | नई दिल्ली | 04:40 | – |
| 08:40 | – | पटना जं. | -- | 12:00 |

**चलने की तिथि: 04088 नई दिल्ली** से दिनांक 28, 29, 30, 31.03.2025 एवं 01.04.2025 को और **04087 पटना जं.** से दिनांक 29, 30, 31.03.2025 एवं 02.04.2025 को **स्थान :** 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य, **ठहराव** : गोविंदपुरी, प्रयागराज, पीटी। दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन।

**04090/04089 दिल्ली जं. - सहरसा जं. - दिल्ली जं. आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04090 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04089 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 14:15 | नई दिल्ली | 18:00 | – |
| 13:30 | – | सहरसा जं. | -- | 18:45 |

**चलने की तिथि: 04090 नई दिल्ली** से दिनांक 28.03.2025 एवं 31.03.2025 को और **04089 सहरसा जं.** से दिनांक 29.03.2025 एवं 01.04.2025 को **स्थान :** शयनयान एवं सामान्य, **ठहराव** : गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगू सराय, खगड़िया और मानसी स्टेशन।

**04430/04429 आनन्द विहार ट. - भागलपुर - आनन्द विहार ट. अनारक्षित स्पेशल एक्सप्रेस** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04430 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04429 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 12:40 | आनन्द विहार ट. | 14:30 | – |
| 12:10 | – | भागलपुर | -- | 14:30 |

**चलने की तिथि: 04430 आनन्द विहार ट.** से दिनांक 28.03.2025 से 30.03.2025 तक और **04429 भागलपुर** से दिनांक 29.03.2025 से 31.03.2025 तक। **स्थान :** सामान्य, **ठहराव** : गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, हाथीदा, लक्खीसराय, किऊल, अभयपुर, जमालपुर और सुल्तानगंज स्टेशन।

**04432/04431 दिल्ली जं. - सहरसा जं. - दिल्ली जं. अनारक्षित स्पेशल एक्सप्रेस** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04432 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04431 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 15:20 | दिल्ली जं. | 20:10 | – |
| 16:00 | – | सहरसा जं. | -- | 20:00 |

**चलने की तिथि: 04432 दिल्ली जं.** से दिनांक 28.03.2025 से 30.03.2025 तक और **04431 सहरसा** से दिनांक 29.03.2025 से 31.03.2025 तक। **स्थान :** सामान्य, **ठहराव** : कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, वाराणसी, ग़ाज़ीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी और खगड़िया जं. स्टेशन।

**04434/04433 नई दिल्ली - जयनगर - नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल एक्सप्रेस** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04434 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04433 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:30 | नई दिल्ली | 04:00 | – |
| 23:00 | – | जयनगर | -- | 04:00 |

**चलने की तिथि: 04434 नई दिल्ली** से दिनांक 28, 29 एवं 30.03.2025 को और **04433 जयनगर** से दिनांक 30, 31.03.2025 एवं 01.04.2025 को। **स्थान :** सामान्य, **ठहराव** : गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन।

**04438/04437 दिल्ली जं. - कटिहार - दिल्ली जं. अनारक्षित स्पेशल एक्सप्रेस** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04438 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04437 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 14:15 | दिल्ली जं. | 18:30 | – |
| 13:40 | – | कटिहार | -- | 18:45 |

**चलने की तिथि: 04438 दिल्ली जं.** से दिनांक 28.03.2025 से 30.03.2025 तक और **04437 कटिहार** से दिनांक 29.03.2025 से 31.03.2025 तक। **स्थान :** सामान्य, **ठहराव** : नई दिल्ली, गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगुसराय, खगड़िया और मानसी स्टेशन।

**01079/01080 लोकमान्य तिलक (ट.) - मऊ - लोकमान्य तिलक (ट.) अनारक्षित स्पेशल एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 24 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01079 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01080 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 22:55 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 00:40 | – |
| 11:00 | – | मऊ | -- | 13:00 |

**चलने की तिथि: 01079 लोकमान्य तिलक ट.** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 07.04.2025 से 23.06.2025 तक और **01080 मऊ** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 09.04.2025 से 25.06.2025 तक। **स्थान :** सामान्य, **ठहराव** : ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर और औंरिहार स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्रादेशिकी

## बादल पर हमले की जांच एनआईए को सौंपी जाए : ग्रेवाल

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने गुरुवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) अपने राजनीतिक विरोधियों को खत्म करने के लिए कट्टरपंथी अपराधियों के साथ मिलीभगत कर रही है और नारायण सिंह चौड़ा को जमानत दिलाने के लिए उसने चार दिसंबर को अमृतसर के श्री दरबार साहिब में सुखबीर सिंह बादल पर हुए जानलेवा हमले की जांच को जानबूझकर बाधित किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शिअद के वरिष्ठ नेता महेशिंदर सिंह ग्रेवाल और डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने कहा कि अमृतसर पुलिस ने जानबूझकर श्री दरबार साहिब हमले के पीड़ित सुखबीर सिंह बादल का बयान दर्ज नहीं किया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने शस्त्र अधिनियम की धारा 39 के तहत मंजूरी भी नहीं मांगी। जांच में इन दोनों कमियों ने नारायण चौड़ा को मात्र साढ़े तीन महीने में जमानत देने का रास्ता साफ कर दिया।

# भ्रष्टाचार और माफियाराज के जाल में जकड़ी सरकार : जयराम ठाकुर

- सत्ता के संरक्षण में पनप रहा माफिया राज और भ्रष्टाचार
- यह प्रदेश मित्र सरकार के बजाय मित्र हितैषी सरकार



इस सरकार में खनन युद्ध स्तर पर दिन दहाड़े हो रहा हैं। पहाड़ के पहाड़ खोद लिए गए। नदियों और नालों का रास्ता तक बदल गया। सड़कें खतरे में आ गई बड़े-बड़े पुल का अस्तित्व खतरे में आ गया है : जयराम ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष

**शिमला,** 27 मार्च (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार की अराजकता और माफियाराज के ख़िलाफ़ हल्ला बोल प्रदर्शन में शामिल हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि यह सरकार माफियाराज और भ्रष्टाचार के मकड़जाल में जकड़ गई है। प्रदेश में हर तरफ़ अराजकता और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सरकार के संरक्षण में प्रदेश में माफ़ियाराज फल फूल रहा है। आज तक भ्रष्टाचार को सरकार से इस तरह से संरक्षण नहीं मिला है। आज जो हो रहा है वह न प्रदेश में पहले कभी हुआ है और न ही देवभूमि की संस्कृति के अनुरूप है। प्रदेश में वन माफिया लाखों पेड़ो की कटान कर रहा है और सरकार उस पर कार्रवाई करने के बजाय संरक्षण दे रही है। साथ ही सरकार में मित्रों का जो बोलबाला है वह प्रदेश के हितों पर भारी पड़ रहा है। अब उसमें अफसरशाही भी शामिल हो गई है। जिसकी वजह से विमल नेगी जैसे ईमानदार, कर्मठ और सुलझे हुए अधिकारी आज हमारे बीच नहीं हैं। सुक्खू सरकार प्रदेश मित्र सरकार होने के बजाय मित्रमंडली हितैषी सरकार है। जो झूठ के भरोसे सत्ता में आई और झूठ और महा झूठ के भरोसे सत्ता में बनी रहना चाहती है।

धर्मपुर का मामला एक अनोखा उदाहरण है। जहां वन विभाग की मिली भगत से हजारों टन लड़की काटी और बेची गई और भाजपा के द्वारा शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसमें किस राजनैतिक पार्टी के नेता और उनके करीबियों का नाम सामने आया? बद्दी में खनन साइट्स तक गाड़ियां पहुंचाने के लिए जंगल और पहाड़ काटकर तीन किलोमीटर तक सड़क बना दी, वन विभाग सोता रहा। आम आदमी से एक टहनी कट जाए तो उसका जीना मुश्किल हो जाता है। किस तरह अवैध खनन पर कार्रवाई करने पर एसपी स्तर के अधिकारी को प्रताड़ित किया जाता है। इस सरकार ने भ्रष्टाचार और माफियाराज का संस्थानीकरण कर दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय तक भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। खनन के लिए जिस व्यक्ति को ईडी द्वारा अरेस्ट किया गया है वह व्यक्ति सीएम की गाड़ी में बैठकर सीएम ऑफिस तक जाता है। इसके बाद भी सीएम इन मामलों के प्रति गंभीर नहीं है। इससे सभी की मंशा स्पष्ट हो जाती है। डीसी स्तर के अधिकारियों पर करप्शन के आरोप लग रहे हैं। लेकिन सरकार इनकी सीआईडी करवाने के बजाय विपक्षी नेताओं के कार्यालयों की सीआईडी करवा रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस सरकार में खनन युद्ध स्तर पर दिन दहाड़े हो रहा हैं। पहाड़ के पहाड़ खोद लिए गए। नदियों और नालों का रास्ता तक बदल गया। सड़कें खतरे में आ गई बड़े-बड़े पुल का अस्तित्व खतरे में आ गया है। एसपी ऑफिस के आस पास का इलाका भी खनन माफिया खोद के ले जा रहा है और स्थानीय लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करने के वाद भी पुलिस मौके तक नहीं जाती है।

## सुक्खू ने एचपीएसईडीसी को युवाओं के लिए विदेशों में रोजगार के अवसर तलाशने के दिए निर्देश



**शिमला,** 27 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम (एचपीएसईडीसी) के निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने निगम को प्रदेश के युवाओं को विदेशों में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने निगम को विदेशों में रोजगार पाने वाले युवाओं के लिए ट्रैक एंड ट्रेस की व्यवस्था विकसित करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में एमिग्रेशन एक्ट, 1983 के अनुसार भर्ती की प्रक्रिया करवाने तथा विदेशों में रोजगार के लिए श्रमिकों की भर्ती करने को मंजूरी दी गई। इसके लिए निगम विदेश मंत्रालय में प्रोटैक्टर जनरल ऑफ एमिग्रैंट्स, नई दिल्ली के कार्यालय में अपना पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करे। निदेशक मंडल ने समग्र शिक्षा अभियान के कार्य को जारी रखने को भी मंजूरी दी। बैठक में एचपीएसईडीसी में जेओए आईटी के दो पद तथा मल्टी टास्क वर्कर के दो पद भरने को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

## जिहाद के मायने बता रही है कांग्रेस

# जनता नहीं करेगी माफ : आशा नौटियाल

### कांग्रेस के जिहादी शब्द का मायने बताने पर प्रदेश में चढ़ा सियासी पारा

**देहरादून,** 27 मार्च (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता गरिमा दसौनी के जिहाद शब्द का क्रांतिकारी मायने बताने को लेकर प्रदेश में सियासत गरमा गई है कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता में जिस तरह से जिहाद शब्द के मायने बताए हैं उस पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और नाराजगी भी जताई है।



- कांग्रेस पार्टी की तुष्टिकरण की मानसिकता हुई उजागर
- तुष्टिकरण की मानसिकता से ग्रसित है कांग्रेस पार्टी

भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व केदारनाथ विधानसभा के विधायक आशा नौटियाल का कहना है कि जिस तरह से कांग्रेस पार्टी अब जिहाद का अर्थ बता रही है इससे साफ है कि कांग्रेस पार्टी किसका समर्थन कर रही है क्या लैंड जिहाद का समर्थन किया जा सकता है जो समाज में नफरत फैलाने का काम करते हो क्या उनको क्रांतिकारी कहा जा सकता है जिस तरह से कांग्रेस पार्टी अब जिहाद शब्द का क्रांतिकारी होने का मायने बता रही है। इससे साफ है कि कांग्रेस पार्टी देश के सच्चे सपूतों और क्रांतिकारी साथ में सामाजिक बदलाव लाने वालों का भी अपमान कर रही है। जिन्होंने इस देश में सामाजिक बदलाव लाया है। भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ के विधायक आशा नौटियाल का कहना है कि कांग्रेस पार्टी की तुष्टिकरण मानसिकता जाहिर हो चुकी है कांग्रेस पार्टी का असली चेहरा उजागर हो चुका है। जो थूक जिहाद करते हैं भला वे क्रांतिकारी कैसे हो सकते हैं कांग्रेस पार्टी उत्तराखंड प्रदेश में अपनी खोई जमीन को तलाशने के लिए तुष्टिकरण को एक राजनीतिक हथिया के तौर पर इस्तेमाल कर रही है। जिसका खामियाजा खुद कांग्रेस पार्टी को उठाना पड़ेगा ,उत्तराखंड की जनता कभी भी कांग्रेस पार्टी की तुष्टिकरण की मानसिकता को कभी माफ नहीं करेगी।

### कांग्रेस पार्टी के छह चेहरे को जनता पहचान चुकी है

**देहरादून।** आशा नौटियाल का कहना है विशेष समुदाय से राजनीतिक वोट बैंक का प्रेम सबके सामने उजागर हो चुका है। देश की आन बान शान को भी कांग्रेस पार्टी अपनी सियासत के लिए दांव पर लगा रही है । आशा नौटियाल ने कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता के बयान पर आपत्ति जताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है उनका कहना है कि थूक जिहाद का कैसे समर्थन किया जा सकता है क्या कांग्रेस पार्टी लव जिहाद करने वालों के साथ खड़ी है ।जो मासूम और भोली भाली बहन बेटियों की आबरू से खिलवाड़ करते है । ऐसे लोगों को क्या क्रांतिकारी बताया जा सकता है क्या वे क्रांतिकारी है देश में स्वतंत्रता संग्राम से लेकर अब तक न जाने कितने महान क्रांतिकारियों ने इस देश के लिए अपनी आहुति दी है उन क्रांतिकारियों का कांग्रेस पार्टी अपमान कर रही है।

## सार संक्षेप

### सचिवालय में अनुसचिव के कार्यालय में घुसकर की मारपीट, मामला दर्ज

**देहरादून।** सचिवालय में अनुसचिव के कार्यालय में घुसकर मारपीट गाली गलौच करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुसचिव राजेश कुमार ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी सम्पत्ति भक्ति एन्कलेव, गढ़वाल कॉलोनी, आई टीबीपी रोड़, निरंजनपुर पर निर्माण कार्य करने के लिए ठेकेदार नूर मौहम्मद पुत्र स्व. नूर हसन ने अपने साथी शुएब के साथ मिलकर उसके साथ फर्जी कंपनी (सिटी इंफाटेक कंपनी) बनाकर उससे धोखाधड़ी एवं विश्वासघात किये जाने के संबंध में उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष इन दोनों व्यक्तियों के विरूद्ध शिकायत दर्ज करायी गयी थी जिस पर क्षेत्राधिकारी नगर, एव एसपी नगर ने जांच के उपरांत उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने की संस्तुति किये जाने के पश्चात थाना वसंत विहार देहरादून में नूर मौहम्मद एवं शुएब के विरूद्ध दर्ज किया गया। वह उत्तराखण्ड सचिवालय, देहरादून में समूह क स्तर के अधिकारी के रूप में अनुसचिव पद पर कार्यरत है।

### गुप्तकाशी के समीपवर्ती गांव में रुकवाई नाबालिग की शादी

**रुद्रप्रयाग।** वन स्टॉप सेंटर व चाइल्ड हेल्पलाइन की ओर से जिले में नाबालिग बालिकाओं की शादी रोकने को लेकर गंभीरता से कार्यवाही की जा रही है। बुधवार को गुप्तकाशी के समीपवर्ती गांव में एक नाबालिक की शादी रुकवाई गई। नाबालिग की उम्र महज 17 साल थी। गुप्त सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक रंजना गैरोला भट्ट, चाइल्ड हेल्प लाइन के सुपरवाइजर सुरेंद्र सिंह एवं केस वर्कर अखिलेश सिंह ने नाबालिक बालिका के घर पर जाकर उसके माता पिता को समझाया। मौके पर सभासद मातवर सिंह भंडारी एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री विनीता असवाल भी मौजूद थी। इसके पश्चात वर पक्ष के घरवालों से भी बात कर उन्हें समझाया गया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है, जिसके लिए दो वर्ष का कारावास और एक लाख का जुर्माना दोनों हो सकता है। इसके अलावा दोनों पक्षों को यूसीसी की जानकारी भी प्रदान की गई।

### मुठभेड में एक गौ-तस्कर गिरफ्तार, अन्यों की तलाश जारी

**हरिद्वार।** देर रात पुलिस से मुठभेड में पुलिस की गोली लगने से एक गौ-तस्कर घायल हो गया। जिससे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौका पाकर फरार हुए अन्य गौर-तस्करों की तलाश की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में बछड़ा चोरी कर कार में डालकर ले जा रहे गौ तस्करों को पुलिस ने आधी रात सिडकुल के नवोदय नगर क्षेत्र में घेर लिया। पुलिस से बचने के प्रयास में गौ तस्करों की कार एक पेड़ से टकरा गई। खुद को घिरता देख गौ तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक तस्कर को गोली लगने के बाद दबोच लिया गया। उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पकड़े गए तस्कर की पहचान सहारनपुर के नकुड़ निवासी प्रदीप के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी सिटी पंकज गैरोला, सीओ सिटी शिशुपाल नेगी समेत आला अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे और घायल गौ तस्कर से पूछताछ की।

# 17 अधिकारियों को मिली निर्वाचन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

## अधिकारी आवंटित दायित्वों का करें ईमानदारी से निर्वहन: सीडीओ

- त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दृष्टिगत प्रशासनिक तैयारियां शुरू
- जनपद स्तर पर नामित किए गए प्रभारी अधिकारी



**रुद्रप्रयाग,** 27 मार्च (देशबन्धु)। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को सफलता पूर्वक एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्था के दृष्टिगत विभिन्न विभागीय अधिकारियों को नोडल नामित किया गया है। इसके साथ ही जरूरी व्यवस्थाओं को समयबद्ध कार्यक्रम के अनुसार संपन्न कराए जाने के लिए प्रभारी अधिकारियों के साथ ही सहायक प्रभारी भी नियुक्त किए गए हैं।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्वाचन में महत्वपूर्ण दायित्व आवंटित किए गए हैं। बताया कि निर्वाचन से पूर्व आदर्श आचार संहिता के लिए अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा नोडल जबकि समस्त उप जिलाधिकारी सहायक नोडल नामित किए गए हैं। इसी तरह मुख्य सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विजय आर्य को परिवहन संबंधी सभी आवश्यक जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि प्रशासनिक अधिकारी मुकुल कनौजिया को सहायक प्रभारी नामित किया गया है। निर्वाचन के दौरान मतपत्रों से संबंधित सभी दायित्वों के लिए जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे को प्रभारी तथा जिला पंचायत राज अधिकारी प्रेम सिंह रावत को सहायक प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। मतपेटी व लेखन सामग्री के लिए सहायक अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग सुशील तिवाड़ी को प्रभारी अधिकारी जबकि प्रशासनिक अधिकारी नरेंद्र सिंह पटवाल को सहायक प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि मतदान, मतगणना व प्रशिक्षण आदि के लिए मुख्य विकास अधिकारी नोडल, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट सहायक नोडल अधिकारी, जलपान व्यवस्था के लिए जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली नोडल तथा पूर्ति निरीक्षक विजय शाह सहायक नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। प्रेक्षक व्यवस्था के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा तथा कंट्रोल रूम के लिए जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संदीप भट्ट को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि त्रिस्तरीय निर्वाचन के दृष्टिगत उपरोक्त कार्यों के सफल संपादन को लेकर 17 नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। उन्होंने नामित किए गए सभी नोडल व सहायक नोडल अधिकारियों को उनसे संबंधित दायित्वों के निर्वहन के लिए सभी आवश्यक तै

## हाईकोर्ट ने दिए चमोली जिपं अध्यक्ष को प्रशासक का चार्ज देने के आदेश



**नैनीताल,** 27 मार्च (देशबन्धु)। चमोली जिला पंचायत अध्यक्ष रजनी भंडारी को प्रशासक नियुक्त नहीं करने के खिलाफ दायर विशेष अपील पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने सख्त रुख अपनाया है। साथ ही राज्य सरकार से कहा है कि उन्हें जल्द प्रशासक का चार्ज दें और उसकी रिपोर्ट एक अप्रैल तक कोर्ट में पेश करें। अब पूरे मामले की अगली सुनवाई एक अप्रैल को होगी। नैनीताल हाईकोर्ट में दायर विशेष अपील में रजनी भंडारी ने कहा है कि जिला पंचायतों का कार्यकाल पहले ही समाप्त हो गया था। उसके बाद सरकार ने सभी निवर्तमान अध्यक्षों को प्रशासक बना दिया, लेकिन उन्हें प्रशासक नहीं बनाया गया। जब उन्होंने इस पर आपत्ति की तो सरकार की ओर से कहा कि उनका मुकदमा हाईकोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए उन्हें प्रशासक नहीं बनाया जा सकता। गुरूवार को को हुई सुनवाई पर रजनी भंडारी की तरफ से कहा गया कि वो हाईकोर्ट के आदेश के बाद बहाल हो गई थीं। बहाली का आदेश आज भी बरकरार ह। जिस पर हाईकोर्ट ने उन्हें जल्द प्रशासक का चार्ज देने के साथ उसकी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा है। इससे पहले उनकी ओर से हाईकोर्ट में अपनी बहाली को लेकर याचिका दायर की गई थी। उन पर आरोप था कि पूर्व ब्लॉक प्रमुख नंदन सिंह बिष्ट की शिकायत पर पंचायती राज विभाग ने एक आदेश जारी करके उन्हें जिला पंचायत अध्यक्ष पद से हटा दिया था। उन पर आरोप था कि उन्होंने साल 2012-13 में नंदा राजजात यात्रा मार्ग पर विकास कार्यों संबंधी निविदाओं में गड़बड़ी की है।

### कर्ज पर श्वेत पत्र जारी करने से भाग रही सरकार : हुड्डा

**चंडीगढ़,** 27 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने हरियाणा को पूरी तरह कर्जे में डुबो दिया है इसीलिए बार-बार मांग के बावजूद सरकार श्वेत पत्र जारी करने से भाग रही है। श्री हुड्डा ने यहाँ जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले लगभग एक दशक में प्रदेश पर 5,16,007 करोड़ का कर्जा चढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि 1966 से लेकर 2013-14 तक प्रदेश पर मात्र 60,000 करोड रुपए का कर्ज था लेकिन आज केवल आंतरिक कर्ज बढ़कर 3,52,819 हो चुका है। उन्होंने कहा कि अगर कुल कर्ज की बात की जाए तो 48,000 करोड़ स्माल सेविंग, 68,995 करोड़ पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज और 46193 करोड़ की अन्य लायबिलिटी व पेंडिंग बिल इत्यादि मिलाकर यह 5,16,007 करोड़ रुपए हो चुका है। कॉंग्रेस नेता ने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद और कर्ज के अनुपात को भी देखा जाए तो कॉंग्रेस के कार्यकाल में 2014-15 में 14.6 फीसदी से बढ़कर 26.3 प्रतिशत हो गया है।

# वकीलों की मांगों पर हाईकोर्ट की समितियां जल्द ही निर्णय लेंगी: मनुजा

- न्यायमूर्ति आज वार्षिक निरीक्षण के लिए फगवाड़ा कोर्ट परिसर का दौरा किया

**फगवाड़ा,** 27 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ के न्यायाधीश हरकेश मनुजा ने गुरुवार को जिला बार एसोसिएशन कपूरथला के सदस्यों को आश्वासन दिया कि वह छोटे अपराधियों को जमानत देने में अत्यधिक देरी और सिविल मामलों में स्थगन की उनकी मांगों को सक्रिय विचार के लिए उच्च न्यायालय द्वारा गठित समितियों के समक्ष रखेंगे। न्यायमूर्ति आज वार्षिक निरीक्षण के लिए फगवाड़ा कोर्ट परिसर का दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ पुलिस अधीक्षक रूपिंदर कौर भट्टी, एसडीएम जशनप्रीत सिंह, कपूरथला से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) राजवंत कौर, सत्र न्यायाधीश कपूरथला हरपाल सिंह और अतिरिक्त सिविल जज फगवाड़ा सुरेखा डडवाल ने न्यायालयों में न्यायिक कार्य का निरीक्षण किया। नयायाधीश मनूजा ने फगवाड़ा सत्र न्यायालय (सेशन कोर्ट) के न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं के साथ संक्षिप्त बैठक की और उन्हें फगवाड़ा न्यायालय के काम को अपनी कार्यकुशलता के साथ जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने दो कोर्ट के लिए नवनिर्मित स्थल का दौरा किया। बार एसोसिएशन फगवाड़ा के सदस्यों एडवोकेट ललित चोपड़ा, मुनीश सरीन, विजय शर्मा, अनीता कौरा और रविंदर शर्मा (अध्यक्ष बार एसोसिएशन फगवाड़ा) ने जस्टिस मनुजा से फगवाड़ा में फैमिली कोर्ट को सप्ताह में एक बार की जगह सप्ताह में दो बार चलाने की व्यवस्था करने का आग्रह किया। न्यायमूर्ति हरकेश मनुजा, जो आज कपूरथला सत्र न्यायालयों के निरीक्षण न्यायाधीश हैं, ने जिला बार एसोसिएशन कपूरथला के सदस्यों को आश्वासन दिया कि वे छोटे अपराधियों को जमानत देने में अत्यधिक देरी और सिविल मामलों में स्थगन की उनकी मांगों को सक्रिय विचार के लिए उच्च न्यायालय द्वारा गठित समितियों के समक्ष रखेंगे। उन्होंने बार के सदस्यों को बताया कि उच्च न्यायालय ने वादियों को शीघ्र न्याय देने के लिए सिविल मामलों में जमानत और स्थगन देने में निचली न्यायपालिका को निर्देश देने के लिए विशेष रूप से समितियों का गठन किया है। जिला न्यायालय कपूरथला का दौरा करने आए न्यायाधीश ने आज बार रूम में बार के सदस्यों से मुलाकात की और वकीलों की शिकायतें सुनीं।

## सैनी ने आदित्य को यूपीएससी में टॉप करने पर दी बधाई



**चंडीगढ़,** 27 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गुरुवार को आदित्य यादव को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) संयुक्त रक्षा सेवा( सीडीएस) 2024 परीक्षा में ऑल इंडिया में टॉप करने पर बधाई दी। श्री सैनी ने कहा कि नारनौल मंडी अटेली क्षेत्र के गांव बेगपुर के आदित्य यादव ने क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर आपको बहुत-बहुत बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि 'सबतै आग्गै सै म्हारे हरियाणा के होनहार युवा'।

### हिसार एयरपोर्ट पर विमानों का ट्रायल आज से

**हिसार,** 27 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा के हिसार हवाई अड्डे पर विमानों का ट्रायल 28 मार्च से शुरू होगा। हरियाणा सरकार ने विमानन कंपनी एविएशन एयरलांस के साथ एमएयू पहले से ही किया हुआ है। इसी के तहत एयरलांस कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी हिसार एयरपोर्ट पहुंच गए हैं। गुरुवार को हिसार एयरपोर्ट पर पूरा दिन बारिकी से निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही एयरलांइस कंपनी के लिए चार कमरों का एक ऑफिस भी एयरपोर्ट पर तैयार किया गया है। इस ऑफिस की कनेक्टिविटी एयरपोर्ट के मेन गेट से अलग होगी। आम नागरिक भी विमानन कंपनी के ऑफिस जा सकेंगे। पुराने टर्मिनल बिल्डिंग और हैंगर के बीच के स्थान पर ऑफिस बनाए जा रहे हैं।

# बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड का मुख्य शूटर गिरफ्तार

■ अमरनाथ तिवारी



- पंजाब से लाते समय जीप पलटी
- मुठभेड़ के दौरान पैरों में लगी गोली
- आरोपी शूटर सरबजीत सिंह पर है 2 लाख का ईनाम

**उधम सिंह नगर,** 27 मार्च (देशबन्धु)। बीते वर्ष उधम सिंह नगर जिले के नानकमत्ता में हुए बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड मामले में मुख्य शूटर सरबजीत सिंह को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया गया। पंजाब से रुद्रपुर लाते समय काशीपुर के पास टायर फटने से पुलिस की गाड़ी पलट गई। पुलिस के अनुसार इस दौरान सरबजीत सिंह ने भागने की कोशिश की।

तरसेम सिंह के हत्यारोपी और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में हत्यारोपी सरबजीत के दोनों पैरों में गोली लगने से वो घायल हो गया। सूचना मिलते ही जिले के पुलिस कप्तान काशीपुर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। बीते वर्ष 28 मार्च 2024 को उधम सिंह नगर जिले के नानकमत्ता के डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद हत्या के मुख्य आरोपी सरबजीत सिंह के द्वारा स्थान बदलते रहने की सूचना प्राप्त हो रही थी। इस बीच उधम सिंह नगर जिला पुलिस ने सरबजीत सिंह के ऊपर 2 लाख रुपए का इनाम भी घोषित कर दिया था। इसके बावजूद भी वो पुलिस के हाथ नहीं आ रहा था। इस बार पुलिस को सूचना मिली कि वो पंजाब के तरनतारण में छिपा हुआ है। इसके बाद नानकमत्ता थानाध्यक्ष उमेश कुमार के नेतृत्व में पंजाब गयी पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसे गाड़ी से मंगलवार को पंजाब से गिरफ्तार कर रुद्रपुर लाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार इसी दौरान काशीपुर के पास गाड़ी का टायर फटने से गाड़ी पलट गई। इस दौरान हत्यारोपी सरबजीत सिंह, संजय कुमार नामक पुलिसकर्मी की पिस्टल छीनकर गाड़ी से कूद गया। गाड़ी से कूदकर वो गेहूं के खेतों में भागा। पुलिस के अनुसार इसके बाद उसने पिस्टल से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। सरबजीत की चलाई एक गोली शुभम सैनी नामक पुलिस कर्मी के बाएं हाथ पर लगी। इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में तरसेम सिंह हत्याकांड के मुख्य आरोपी सरबजीत सिंह के दोनों घुटनों में गोली लग गई और वह घायल हो गया। घायल सरबजीत सिंह को लेकर पुलिस काशीपुर के राजकीय चिकित्सालय पहुंची जहां उसका उपचार किया गया। वहीं गाड़ी पलटने से नानकमत्ता थाने के थानाध्यक्ष उमेश कुमार और पुलिसकर्मी धनराज शाह के साथ अन्य पुलिस कर्मियों को भी चोट आई है।

## सहकारी समिति के सचिव पर लाखों रुपए गबन का आरोप

- डीएम ने दिए जांच के आदेश

**पौड़ी गढ़वाल,** 27 मार्च (देशबन्धु)। कोट विकासखंड के अंतर्गत सहकारी समिति के सचिव पर ग्रामीणों ने लाखों रुपए के गबन का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव ने लाभार्थियों से धनराशि लेकर समिति में जमा नहीं की और उन्हें फर्जी रसीदें दी। इस मामले में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मिलकर सचिव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। दरअसल, ग्रामीणों ने स्वरोजगार के लिए सहकारी समिति से ऋण लिया था। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने समय पर ऋण की राशि सचिव को जमा भी की। लेकिन सचिव ने उन्हें फर्जी रसीदें थमा दी और उनकी धनराशि समिति में जमा ही नहीं की। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव ने लाखों रुपए का गबन किया है। उनकी की मांग है कि सचिव के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और ग्रामीणों की जमा की गई धनराशि भी उन्हें वापस दिलाई जाए। साथ ही सहकारी समिति में वित्तीय अनियमितताओं की जांच की जाए। शिकायतकर्ता रोहित भट्ट ने बताया कि, सहकारी समिति में देवप्रयाग से सबदरखाल तक के ग्रामीणों ने रोजगार के लिए योजना का लाभ लिया है। लाभार्थी समिति के सचिव को ऋण की किस्त लगातार जमा कर रहे थे। लेकिन सचिव किस्तों की राशि को समिति में जमा नहीं कर रहा है। जिससे ऋण की राशि घटने के बजाय उनका ब्याज बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अब त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने वाले हैं। जिसके चलते कई लाभार्थी बकायदार होने के चलते निर्वाचन के लिए अपात्र हो जाएंगे।

# प्रादेशिकी

## ट्रक पलटने से चालक की मौत, हेल्पर गंभीर

**फर्रुखाबाद,** 27 मार्च (देशबन्धु)। गाटर लदा अनियंत्रित ट्रक अचानक खड्ड में पलट गया। जिससे चालक और हेल्पर ट्रक में ही दब गए। पुलिस ने जेसीबी की मदद से गाटर हटाकर पहले हेल्पर और उसके बाद चालक को बाहर निकाला। दोनों को सीएचसी में भर्ती किया गया। जहां चालक को चिकित्सक नें मृत घोषित कर दिया जबकि हेल्पर को लोहिया अस्पताल रिफर किया गया। थाना क्षेत्र के राजेपुर से बदायूं की तरफ जा रहा गाटर लदा हुआ ट्रक गुरुवार सुबह लगभग 5 बजे अमृतपुर थानें के निकट पलट गया जिससे ट्रक चालक 32 वर्षीय पुष्पेन्द्र पुत्र हरीशचन्द्र , हेल्पर 20 वर्षीय विनय पुत्र रतन निवासी गण डलना शिकारपुर बुलंदशहर ट्रक में ही दब गए। सूचना पर थानाध्यक्ष मीनू शाक्या फोर्स के साथ मौके पर पंहुची और जेसीबी की मदद से गाटर हटवाकर बमुश्किल चालक व हेल्पर को बाहर निकाला।

# उत्तर प्रदेश के पुलिस महकमे में 28,138 पदों पर होगी भर्ती




- अप्रैल-मई में मांगे जाएंगे आवेदन
- बीते आठ वर्षों में हुई 2.14 लाख से अधिक भर्तियां
- 34,832 महिलाएं भी हुई पुलिस में शामिल

**लखनऊ,** 27 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में पुलिस बल को सुदृढ़ करने के लिए नए वित्तीय वर्ष में पुलिस भर्ती की प्रक्रिया जारी रहेगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा अप्रैल और मई माह में नई भर्ती प्रक्रिया के शुरू करने का एलान किया है। बोर्ड ने अप्रैल और मई में 28,138 पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करेगा। बोर्ड द्वारा इस वर्ष मार्च माह में लगातार साठ हजार से अधिक आरक्षियों एवं रेडियो संवर्ग के चौदह सौ से अधिक पदों पर भर्तियां पूरी की हैं। यह पुलिस भर्तियों को स्ट्रीमलाइन करने एवं भर्ती कैलेंडर को ससमय करने की दिशा में यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड का सुचिंतित एवं सुनियोजित प्रयास है। साथ ही योगी सरकार 8 सालों में करीब साढ़े आठ लाख लोगों को सरकारी नौकरी दे चुकी है। प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप पुलिस में रोजगार के समस्त उपलब्ध अवसर अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराने के लिए भर्ती बोर्ड कृत संकल्पित है।

बीते आठ वर्षों में बोर्ड द्वारा विभिन्न पदों पर लगभग दो लाख चौदह हजार (2,14,468) से अधिक भर्तियां पूर्ण कर चुका है। जिनमें चौतीस हजार से अधिक महिलाओं (34,832) की तथा लगभग एक लाख उन्यासी हजार (1,79,636) पुरुषों को भर्ती किया गया है। जिनमें उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस स्तर के 12,144 पद, प्लाटून कमांडर के 780 पद, आरक्षी नागरिक पुलिस के 1,48,222 पद, आरक्षी पीएसी के 42,539 पदों पर भर्ती करने के साथ-साथ आरक्षी स्तर के कुशल खिलाड़ियों के 516 पदों की भर्ती भी की गई, जिसमें 178 महिला खिलाड़ियों की भर्ती पूर्ण कराई गई। पुलिस भर्ती बोर्ड ने उत्तर प्रदेश शासन के रोडमैप के अनुरूप आगामी भर्ती प्रक्रिया की रूपरेखा तैयार कर ली है। बोर्ड अप्रैल 2025 के अंतिम सप्ताह या मई 2025 के प्रथम सप्ताह से अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू करेगा।

इस भर्ती प्रक्रिया में उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) के 4,242 पद, प्लाटून कमांडर (पीएसी) के 135 पद, प्लाटून कमांडर (विशिष्ट बल) के 60 पद और जनपद बंदायू, लखनऊ व गोरखपुर के लिए महिला पीसी के 106 पद शामिल हैं, जिसके तहत कुल 4,543 पदों पर उप निरीक्षक स्तर की भर्ती की जाएगी। इसके अतिरिक्त, आरक्षी स्तर पर भी विभिन्न पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया उसी समय शुरू होगी। इसमें आरक्षी पीएसी, आरक्षी विशिष्ट बल और महिला आरक्षी पीएसी के 15,904 पद, आरक्षी (नागरिक पुलिस) के 3,245 पद, आरक्षी घुड़सवार पुलिस के 71 पद और जेल वार्डन के 2,833 पद शामिल हैं, जिसके तहत आरक्षी स्तर पर कुल 22,053 पदों पर भर्ती होगी।

### रेडियो सहायक परिचालक पदों पर भी होगी भर्ती

साथ ही, रेडियो सहायक परिचालक के 44 पद और कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए के 1,153 पदों पर भी भर्ती प्रक्रिया में अग्रिम कार्यवाही अप्रैल-मई 2025 में शुरू की जाएगी। इस प्रकार निकट भविष्य में कुल अठाईस हजार से अधिक पदों हेतु विभिन्न पदों पर भर्ती की कार्यवाही इस वर्ष प्रारम्भ की जाएगी। कुशल खिलाड़ी के अन्तर्गत उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के 91 पदों व आरक्षी नागरिक पुलिस 372 एवं आरक्षी पीएसी 174 पदों के लिए भी कार्यवाही प्रचलित है। बताया गया कि इसमें अप्रैल माह, 2025 के तीसरे सप्ताह से अभिलेखों की संवीक्षा एवं खेल कौशल परीक्षण की प्रकिया प्रारम्भ की जाएगी। सभी भर्तियों के संबंध में शीघ्र ही उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट व सोशिल मीडिया पर शीघ्र ही अग्रिम सूचना दी जाएगी।

## जिलाधिकारी व एसएसपी ने अलविदा जुमा व ईद के पर्व को लेकर की बैठक

**मेरठ,** 27 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी डा. वी.के.सिंह तथा एसएसपी विपिन ताडा द्वारा अलविदा नमाज व ईद के संबंध में बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि ईद-उल-फितर प्रेम और भाईचारे का त्योहार है। उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति यह त्योहार आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाया जाए। बैठक में शहरकाजी, नायब एवं अन्य प्रबुद्धजनों द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये तथा स्थानीय स्तर पर ईद के दृष्टिगत संभावित समस्याओ से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि ईद को शांतिपूर्ण, सकुशल संपन्न कराना हम सभी का दायित्व है।

उन्होंने कहा कि शहरकाजी, नायब व अन्य प्रबुद्धजन भी अपने स्तर पर लोगो को जागरूक करें तथा शांति एवं भाईचारे के साथ ईद मनाए। बैठक में प्रबुद्धजनों द्वारा अलविदा जुमा तथा ईद की नमाज के दृष्टिगत मेरठ शहर सहित पूरे जनपद में समस्त ईदगाहों, मस्जिद पर प्रकाश की व्यवस्था, सड़क, साफ-सफाई, पेयजल, ट्रैफिक व्यवस्था से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त व्यवस्थाओं को सुचारू एवं ससमय संपन्न कराना सुनिश्चित करे तथा इस संबंध में थाने स्तर पर भी प्रबुद्धजन व गणमान्य के साथ बैठक कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह, नगर मजिस्ट्रेट नवीन कुमार श्रीवास्तव, समस्त एसडीएम, अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, समस्त सीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी, शहरकाजी, नायब एवं अन्य प्रबुद्धजन आदि उपस्थित रहे।

## उप्र सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित

### कार्यक्रम में प्रदर्शनी का किया गया आयोजन



**किठौर,**27 मार्च (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज माछरा ब्लॉक मे ब्लॉक अधिकारी अजय कुमार की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पूर्व विधायक किठौर सतवीर त्यागी, ब्लॉक प्रमुख अशोक त्यागी पूर्व ब्लाक प्रमुख देवेंद्र गुर्जर द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने भाजपा की 8 वर्ष की कार्यशैली को गिनता और उनके द्वारा किए गए कार्य को भी बताया गया इस अवसर पर लोकगायक द्वारा लोक गायन की प्रस्तुति दी गई तथा अन्त्योदय से सर्वोदय, समस्त पेंशन राशन आदि से संबंधित योजनाओं गोष्ठी एवं संवाद किया गया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख देवेंद्र गुर्जर द्वारा द्वारा केंद्र सरकार के 10 वर्ष तथा प्रदेश सरकार के आठ वर्ष की उपलब्धियों तथा जनहित में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं-परियोजनाओं कार्यों पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से ब्लॉक अधिकारी के अलावा कर्मचारियों व भाजपा के कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा। वही इस प्रोग्राम में एक एक समय आपसी बहस बाजी एक दूसरे पर तंज किए गए जब ऐडीओ कोऑपरेटिव दिनेश कुमार ने संचालन करते समय देवेंद्र गुर्जर का प्रमाण पत्र बांटने के लिए नाम नहीं लिया तो उसे समय भाजपा कार्यकर्ताओं वह नेताओं में खूब गरमा गरम बहस हुई।

## सार संक्षेप

### मार्ग दुर्घटना में बैंक मित्र ने तोड़ा दम

**फर्रुखाबाद।** बाइक सवार बैक मित्र अज्ञात वाहन की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे देर रात उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया गया। थाना अमृतपुर के ग्राम गहलार निवासी 35 वर्षीय राजीव यादव पुत्र भूरे आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में बैंक मित्र के पद पर कार्यरत था। बीती रात वह फर्रुखाबाद किसी कार्य से गया था जहां से वह बाइक से घर आ रहा था उसी दौरान राजपुर के निकट किसी अज्ञात वाहन नें राजीव के जोरदार टक्कर मार दी, जिससे राजिव गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन पहले लोहिया अस्पताल लेकर पंहुचे और उनके बाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया। देर रात फिर राजीव को लेकर लोहिया अस्पताल पंहुचे जहां राजीव को मृत घोषित कर दिया गया।

### चौधरी चरण सिंह विवि में लगी प्रदर्शनी

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विवि में 25 से 27 मार्च 2025 तक जल जीवन मिशन की उपलब्धियों और प्रगति को प्रदर्शित करने के लिए तीन दिवसीय प्रदर्शनी आयोजित की गई, जो राज्य सरकार के आठ वर्ष व केंद्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य लोगों को जल जीवन मिशन की उपलब्धियों, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, पाइपलाइन विस्तार, जल गुणवत्ता परीक्षण और जल संरक्षण की आधुनिक तकनीकों के बारे में जागरूक करना था। जल जीवन मिशन का विशेष स्टॉल लगाया गया, जहां नागरिकों, सरकारी अधिकारियों, समाजसेवियों व स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

### हस्तिनापुर में शराब ठेके का किया विरोध

**मवाना।** हस्तिनापुर कस्बे के सी ब्लॉक एवं शकुंतला कॉलोनी के बीच स्थित शराब के ठेके का कस्बावासियों ने जोरदार विरोध किया। महिलाओं और स्थानीय लोगों ने ठेके के बाहर नारेबाजी करते हुए इसे बंद करने की मांग उठाई। स्थानीय लोगों ने गुरुद्वारा भाई धर्म सिंह के लेटर हेड पर एसडीएम मवाना दीपक माथुर को ज्ञापन सौंपते हुए ठेके को स्थानांतरित या हटाने की मांग की। गुरुद्वारा पदाधिकारियों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार किसी भी धार्मिक स्थल से 400 मीटर की दूरी पर ही शराब का ठेका खोला जा सकता है, लेकिन वाल्मीकि मंदिर और गुरुद्वारा भाई धर्म सिंह से मात्र 50 मीटर की दूरी पर ठेकेदार नीतीश पुत्र जयवीर चौधरी अंग्रेजी व देशी शराब का ठेका खोलने जा रहा है।

### ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

**मेरठ।** जिलाधिकारी डा. वीके सिंह द्वारा आईटीआई साकेत तथा कंकरखेडा स्थित मार्शल पिच में ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां कंट्रोल रूम, सीसीटीवी आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके साथ अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यापति राजपाल सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व प्रमुख राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सिपाही को खींचकर लाठी-डंडों से पीटा

**फर्रुखाबाद,** 27 मार्च (देशबन्धु)। झगड़े की सूचना पर गई पीआरबी पर हमला बोलकर लाठी-डंडों से पिटाई कर दी गई जिससे एक सिपाही के गंभीर चोट आईं। पुलिस मौके से जान बचाकर थाने आई। पीड़ित पुलिस कर्मी की तहरीर पर चार नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस रिस्पांस व्हीकल (पीआरवी) में सिपाही शुभम कुमार व गौरव कुमार की डियूटी थी।

**चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज**

बीती रात दस बजे सोनी देवी पत्नी सोनू निवासी मदनपुर ने पीआरबी को सूचना दी कि उसके विरोधी पक्ष के लोग गाली-गलौज कर रहें हैं। सूचना पर पीआरबी मौके पर पंहुची। पीआरवी के सिपाही शुभम व गौरव सूचना देनें वाली महिला सोनी से बात कर रहें थे। आरोप है कि उसी दौरान पीड़िता के विरोधी अमर सिंह उर्फ राजू पुत्र रघुनाथ, टिकेन्द्र सिंह पुत्र बलवीर, कनिश पुत्र बलवीर, श्याम सिंह उर्फ कन्हैया निवासी रघुनाथ सिंह निवासी मदनपुर नें दोनों पुलिस कर्मियों के साथ गाली-गलौज करने लगे। पुलिस कर्मियों की वर्दी खीचकर लाठी डंडों से पिटाई कर दी गई। जिससे सिपाही शुभम के सिर, कमर व कंधे में काफी चोट बताई गई है। दोबारा आने पर आरोपियों नें जान से मारने की धमकी दी। पुलिस कर्मी मौके से किसी तरह जान बचाकर सरकारी गाड़ी से थाने पहुंचे मामले की विवेचना दारोगा रमेश सिंह को दी गई है।

## कृषि विवि में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित



**मेरठ,** 27 मार्च (देशबन्धु)। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के डायरेक्टर आफ ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट द्वारा गुरुवार को एसएमएल लिमिटेड कंपनी बॉम्बे के द्वारा केंपस प्लेसमेंट ड्राइव चलाया गया यह कार्यक्रम कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के.के. सिंह के दिशा निर्देशन में कराया जा रहा है एसएमएल कंपनी मुंबई के द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मृदा संरक्षण और मृदा की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के लिए भारत सरकार के दिशा-निर्देश में छात्रों का इंटर्नशिप प्रोग्राम हेतु 6 छात्रों का चयन किया गया।

**छह छात्रों का हुआ चयन**

पश्चिम उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड के कंपनी के मार्केटिंग मैनेजर दीपक जादौन ने बताया की कंपनी द्वारा अपने आरंभिक दिनों से ही फर्टिलाइजर फंगीसाइड इंसेंटिसाइड और हरबसाइड जैसे उत्पादों के निर्माण पर और उनकी गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित किया है मार्केटिंग मैनेजर जादौन ने बताया कि समय के साथ कंपनी ने अनुसंधान और विकास में निवेश बढ़ाया जिससे वह उन्नत और पर्यावरण अनुकूल कृषि समाधानों की पेशकश किसानों के साथ कर सकें और उनको इको फ्रेंडली खेती करने हेतु आगे ला सके उन्होंने कहा कि कंपनी के उत्पादन न केवल मिट्टी की सेहत में सुधार करते हैं बल्कि फसल की गुणवत्ता और पोषक तत्वों को भी बनाए रखते हैं। निदेशक ट्रेंनिंग प्लेसमेंट प्रोफेसर आर एस सेंगर ने कहा कि इस तरह से छात्र-छात्राएं जब कंपनियों में इंटर्नशिप के लिए जाते हैं तो उनको रोजगार मिलने में और आसानी होती है।

## राजकिशोर शुक्ल को किया गया सम्मानित



**फर्रुखाबाद,** 27 मार्च (देशबन्धु)। यूपी में मुख्यमंत्री योगी सरकार के कार्यकाल आठ वर्ष पूरे होने पर जगह-जगह उत्सव मनाया गया। सुरक्षा व सुशासन के आठ वर्ष पूरे होने पर उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने तमाम कार्यक्रम में भाग लेकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी अपर जिलाधिकारी बीएसए ने प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि फतेहगढ में आयोजित कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी।

## योगी सरकार के कुशासन वाली सरकार को कांग्रेस ने घेरा

### उप्र सरकार में युवाओं के भविष्य को बताया अंधकारमय



**मेरठ,** 27 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के आठ साल के कुशासन को लेकर मेरठ मंडल मे मेरठ के कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व विधान परिषद के सदस्य एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी हरेन्द्र अग्रवाल ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया। उन्होंने योगी सरकार के कुशासन वली सरकार को घेरा।

उन्होंने कहा कि योगी सरकार में युवाओं का भविष्य अंधकारमय है। इस सरकार में किसान मजदूर बदहाल है। प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त की जगह भ्रष्टाचार युक्त बनाया। प्रदेश में आपसी सद्भाव बिगाड़ कर नफरत का माहौल बनाने को लेकर। उत्तम प्रदेश की जगह अपराध प्रदेश बनाए जाने को लेकर। प्रदेश सरकार संविधान और आरक्षण विरोधी क्यो करने पर तुली है। स्वास्थ सेवाए इतनी बेहाल क्यों हैं। प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी चरमराई हुई है। इस अवसर पर गौरव भाटी (जिलाध्यक्ष मेरठ), रंजन शर्मा (महानगर अध्यक्ष मेरठ), कपिल पाल मेरठ, दीपक भाटी चोटीवाला (अध्यक्ष गौतमबुधनगर), लव कश्यप (अध्यक्ष बागपत), मुदस्सिर जमा खान, अरुण कौशिक, दीपक मिश्रा, दीपक शर्मा, अजय शर्मा, शबी खान, अजय त्यागी, हरिकिशन वर्मा, मतन सिंह टेडा, यशपाल चौधरी आदि मौजूद रहे।

## छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद,** 27 मार्च (देशबन्धु)। जीएनएम की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच पड़ताल की। जनपद मैनपुरी के भोगांव पडुआ निवासी 20 वर्षीय समीक्षा पुत्री सुदेश कुमार बीते लगभग दो सालों से कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम खटा निवासी अपने नाना राम भरोसे के घर पर रहकर बघार से जीएनएम का कोर्स कर रही थी। बीती रात समीक्षा घर पर अकेली थी। परिजन खेत पर चले गए थे। जब नाना रामभरोसे आदि परिजन खेत से घर लौटे तो खटखटानें के बाद भी दरबाजा नहीं खुला जिसके बाद समीक्षा के मामा सुरजीत ने कुर्सी पर खड़े होकर देखा तो छत के कूड़े में साड़ी के सहारे समीक्षा फांसी के फंदे पर झूल रही थी। सूचना मिलने पर कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला, फिल्ड यूनिट की टीम आदि मौके पर पंहुची। पुलिस नें दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया और शव को कब्जे में ले लिया। मृतका दो भाइयों में सबसे बड़ी थी। सूचना मिलने पर मृतका की मां रेनू देवी आदि परिज मौके पर आ गए। उनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

## रुद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के विद्यार्थियों किया गया सम्मानित



**मेरठ,** 27 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज चौधरी चरण सिंह विश्विद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षाग्रह में आयोजित जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र की ओर से आत्मनिर्भर भारत ओडीओपी ष्युवा एवं रोजगार गोष्ठी एवं संवादष् कार्यक्रम में रुद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूकंस (विनायक विद्यापीठ, मोदीपुरम, रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मवाना एव शांति निकेतन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, मोहिउद्दीनपुर) के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें मुख्य अतिथि माननीय राज्य मंत्री जल शक्ति दिनेश खटीक रहे उन्होंने प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिक्ेट देकर सम्मानित किया ओर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.अनुप्रिता शर्मा, डॉ. उर्मिला मॉरल एवं डॉ रीना बंसल ने विद्यार्थियों को बधाई दी और भविष्य में और अच्छी मेहनत कर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में रूद्र ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की ओर से विनायक विद्यापीठ से ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीण शर्मा, साइंस विभाग अध्यक्ष विमलेश सिंह वाणिज्य विभाग अध्यक्ष रवीना, रुद्र इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मवाना से एकेडमिक कोऑर्डिनेटर संजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** *मेरठ पब्लिक स्कूल मेन विंग में सत्र 2025-26 का शुभारंभ*

# अभिभावकों को नवीनतम शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना रहा उद्देश्य

**मेरठ, 27 मार्च (देशबन्धु)। मेरठ पब्लिक स्कूल (मेन विंग) में 27 मार्च 2025 को नवीन शैक्षणिक सत्र के आरंभ के अवसर पर अभिभावकों के लिए एक विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय की कार्यप्रणाली, शिक्षा प्रणाली, तकनीकी सुविधाओं एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु अपनाई जाने वाली नवीनतम शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना था। इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जो ज्ञान, शिक्षा और प्रकाश का प्रतीक है।**

इसके पश्चात विद्यालय प्रबंधन द्वारा उपस्थित सभी अभिभावकों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अभिभावकों को विद्यालय के समग्र शिक्षण दृष्टिकोण और विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास की प्रक्रिया को समझाने के लिए एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस फिल्म में विद्यालय की आधुनिक एवं नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों को प्रदर्शित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को सफल और उज्जवल भविष्य के लिए प्रशिक्षित करने की रूपरेखा स्पष्ट की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. अलका श्रीवास्तव गौड़ ने विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से अभिभावकों को संबोधित किया। उन्होंने विद्यालय के लक्ष्य और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि मेरठ पब्लिक स्कूल में केवल अकादमिक उत्कृष्टता पर ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के नैतिक, मानसिक, सामाजिक एवं शारीरिक विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। आज के डिजिटल युग को ध्यान में रखते हुए अभिभावकों को विद्यालय के तकनीकी पहलुओं से परिचित कराया गया। विद्यालय की आधिकारिक एप्लीकेशन एनटैब और गूगल क्लासरूम की जानकारी दी गई, जिसके माध्यम से विद्यार्थी आसानी से असाइनमेंट और होमवर्क प्राप्त कर सकते हैं।



- अभिभावक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का किया गया आयोजन
- विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास की प्रक्रिया को समझाया

अभिभावकों को यह भी बताया गया कि इन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से वे अध्यापकों के साथ संवाद कर सकते हैं, पठन सामग्री एवं संसाधनों तक पहुंच प्राप्त कर सकते हैं, तथा अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर पूर्ण रूप से निगरानी रख सकते हैं।

### पल्लवपुरम मे ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित



मेरठ। एम.पी.एस.की पल्लवपुरम शाखा में विद्यालय में दाखिला लेने वाले सभी नए विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य अभिभावकों व विद्यार्थियों को विद्यालय के अध्यापकों व विद्यालय की शैक्षिक व परीक्षा नीतियों से परिचित कराना था। सभी अभिभावकों व विद्यार्थियों का तिलक लगा कर विद्यालय में स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या मुक्ति मिनोचा द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बेनेसे शिक्षा प्रणाली एवं डिजिटलाइजेशन के विषय में जानकारी देते हुए उसके महत्व को साझा किया। सर्वप्रथम अभिभावकों के समक्ष छात्र के विद्यालय में प्रवेश से लेकर अंतिम दिवस तक की गतिविधियों को एक वीडियो के माध्यम से दर्शाया गया। साथ ही विद्यालय की ऑनलाइन एप के बारे प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या मुक्ति मिनोचा जी द्वारा सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया।

## मशहूर संगीतकार रमेश जुले साइबर ठगी के शिकार

**मुंबई।** मशहूर शास्त्रीय संगीतकार रमेश जुले के साथ बड़ा साइबर फ्रॉड हुआ है। खुद को सीबीआई अधिकारी बताने वाले एक अज्ञात शख्स ने वीडियो कॉल के जरिए उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर लिया और करीब एक करोड़ दो लाख 60 हजार रुपए की ठगी कर ली। इस मामले में मुंबई नॉर्थ साइबर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नॉर्थ साइबर पुलिस के अनुसार, मंगलवार को रमेश जुले को एक वीडियो कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया। कॉल के दौरान उसने डीपी में सीबीआई का लोगो लगाया था, जिससे संगीतकार को मामला विश्वसनीय लगा और वह जाल में फंस गए। फर्जी सीबीआई अधिकारी ने रमेश जुले को बताया कि उन्हें डिजिटल अरेस्ट किया जा रहा है।

## सावित्रीबाई फुले का किरदार पर्दे पर निभाना बड़ी जिम्मेदारी थी : पत्रलेखा



**मुंबई,** 27 मार्च (एजेंसियां)। अभिनेत्री पत्रलेखा की अपकमिंग बायोपिक 'फुले' का ट्रेलर हाल ही में लॉन्च हुआ। फिल्म में अभिनेत्री सावित्रीबाई फुले की भूमिका में हैं। अभिनेत्री ने बताया कि पर्दे पर सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाना, उनके लिए एक बड़ी जिम्मेदारी थी और उनका यह सफर भावनाओं से भरा रहा। इसे एक परिवर्तनकारी और बेहद प्रेरणादायक अनुभव बताते हुए, पत्रलेखा ने कहा कि समाज सुधारक की भूमिका निभाना उनके लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी थी, उन्होंने उनके संघर्ष, ताकत और विरासत को पर्दे पर दिखाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि जब मुझे इस भूमिका के लिए संपर्क किया गया, मेरे विचार स्पष्ट थे। जब मैंने पहली बार अनंत सर से बात की, तो उन्होंने मुझे स्क्रिप्ट भेजी, जो काफी बड़ी थी। मुझे याद है कि मैंने उन्हें फोन करके कहा था, सर, यह स्क्रिप्ट बहुत बड़ी है। मेरे पास पढ़ने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन उन्होंने मुझे आश्वस्त करते हुए कहा कि यह सिर्फ पहला ड्राफ्ट है और वे इसे और बेहतर बनाएंगे। डेढ़ साल बाद, मुझे अंतिम स्क्रिप्ट मिली और यह खूबसूरती से लिखी गई थी। मैं मना नहीं कर सकी। मुझे बस इतना पता था कि मुझे इसका हिस्सा बनना है। पत्रलेखा ने सावित्रीबाई फुले के रूप में चुने जाने पर अपनी शुरुआती प्रतिक्रिया के बारे में भी बताया, उन्होंने स्वीकार किया कि वह इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उत्साहित और चिंतित दोनों थीं। अभिनेत्री ने बताया कि ईमानदारी से कहूं तो मैं तुरंत ही इस किरदार की ओर आकर्षित हो गई। यह सिर्फ एक ऐतिहासिक शख्सियत का किरदार निभाने के बारे में नहीं था, यह साहस की कहानी के बारे में था। जब अनंत सर और मैंने पहली बार बात की, तो मैं ऐसे महत्वपूर्ण व्यक्ति का किरदार निभाने को लेकर चिंतित थी, लेकिन उन्होंने मेरी मदद की। उन्होंने कहा कि अपनी चिंताओं को छोड़ो और बस करो। उस आश्वासन ने मुझे बहुत आत्मविश्वास दिया। बेशक यह चुनौतीपूर्ण था, लेकिन एक बार जब मैं सेट पर गई, तो घबराहट गायब हो गई।

# बस मुट्ठी भर पीकन नट्स रखेगा दिल का ख्याल

**रोज 2 औंस से कई समस्याओं पर लगेगी लगाम**

**12 हफ्ते के अध्ययन में 138 वयस्कों को किया शामिल**





**नई दिल्ली,** 27 मार्च (एजेंसियां)। दिखने में ये अखरोट जैसा होता है। इसका शेल बाहर से गोल्डन ब्राउन होता है और अंदर से यह नट्स बेज रंग के होते हैं। अन्य नट्स के मुकाबले इसमें 70 प्रतिशत अधिक फैट होता है। भारत में इसे भिदुरकाष्ठ फल भी कहा जाता है, जो मुख्य रूप से जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में उगाए जाते हैं। एक शोध में दावा किया गया है कि रोज 2 औंस यानी एक मुट्ठी पीकन नट्स खाने से कई समस्याओं पर लगाम लगाई जा सकती है।

ये अमेरिका का बेहद लोकप्रिय क्रंची न्यूट्रिशनल वैल्यू से भरपूर स्नैक है। खासतौर पर नॉर्थ अमेरिका और मेक्सिको में लोग इसे अपनी डाइट में प्रमुखता से शामिल करते हैं। अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशन में प्रकाशित एक हालिया स्टडी में पाया गया कि अपने पसंदीदा नाश्ते की जगह इस लोकप्रिय अखरोट का मुट्ठी भर सेवन आपके दिल का ख्याल रखता है, क्योंकि इसमें एंटीऑक्सीडेंट, मोनोअनसैचुरेटेड फैट्स और फाइबर भरपूर मात्रा में होते हैं - ये सभी दिल की बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं।

12 हफ्ते के अध्ययन में 138 वयस्कों को शामिल किया गया। इनमें वे लोग शामिल थे जिनके शरीर में एक रिस्क फैक्टर तो था ही। या तो वे हाई बीपी, हाई कोलेस्ट्रॉल, हाई शुगर लेवल या हाई बीएमआई से जूझ रहे थे। प्रतिभागियों में से आधे ने वैसा ही खाया जैसा वे रोज खाते थे, जबकि बाकी को प्रतिदिन 2 औंस पीकन खाने का निर्देश दिया गया था। अध्ययन की फंडिंग अमेरिकन पेकन काउंसिल ने की थी।

इसमें पाया गया कि जो लोग पीकन खाने वाले समूह में थे, उनके हार्ट संबंधी समस्याओं में काफी कमी आई। हालांकि इसे लेकर एक चेतावनी भी है। अध्ययन में यह नहीं पाया गया कि पीकन खाने से वैस्कुलर हेल्थ (संवहनी स्वास्थ्य) पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है - जिसका अर्थ है कि इसके सेवन से यह नहीं पता चलता कि आपकी रक्त वाहिकाएं अच्छे से काम करती हैं, हालांकि शोधकर्ताओं ने उम्मीद की थी कि ब्लड वेसल्स पर भी इसका असर पड़ेगा।

पीकन खाने वाले समूह के प्रतिभागियों ने भी औसतन 1.5 पाउंड वजन बढ़ाया - संभवत: इसलिए क्योंकि पीकन में प्रति औंस लगभग 200 कैलोरी होती है।

हृदय स्वास्थ्य पर प्रभाव के अलावा, अध्ययन में पाया गया कि ये नट्स खाने वाले प्रतिभागियों के आहार की समग्र गुणवत्ता में 17 फीसदी की वृद्धि हुई। जिससे इस विश्वास को बल मिलता है कि पीकन स्वस्थ आहार का हिस्सा हो सकता है, खासकर अगर यह कम स्वस्थ स्नैक्स का विकल्प हो। यह अध्ययन पिछले शोधों से भी मेल खाता है, जैसे कि 2021 का एक अध्ययन जिसमें पाया गया कि आठ सप्ताह तक प्रतिदिन 68 ग्राम पीकन का सेवन करने से प्रतिभागियों में कुल कोलेस्ट्रॉल में लगभग 5 प्रतिशत की कमी आई और 'खराब' एलडीएल कोलेस्ट्रॉल में 6.4 प्रतिशत से 9.5 प्रतिशत की कमी आई।

## रोजाना 30 मिनट पैदल चलने से होंगे स्वास्थ्य को बड़े फायदे



**नई दिल्ली,** 27 मार्च (एजेंसियां)। आज की तारीख में हर दूसरा व्यक्ति तकनीक पर इस कदर आश्रित हो चुका है कि वह शारीरिक गतिविधियों से कोसों दूर होता जा रहा है। ऐसी स्थिति में शरीर के साथ-साथ लोगों को मानसिक समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। चिकित्सक आमतौर पर लोगों को पैदल चलने के लिए प्रेरित करते हैं, लेकिन अफसोस, लोग थोड़ी दूर जाने के लिए भी वाहनों को ही ज्यादा तरजीह देते हैं। डॉ. सी.के. बिरला अस्पताल के डॉ. तुषार तायल ने बताया कि पैदल चलने से किस तरह के स्वास्थ्य संबंधी फायदे हो सकते हैं। उनका कहना है कि जिन लोगों को पैदल चलने की आदत नहीं है, उन्हें कम से कम 30 मिनट रोजाना पैदल चलने की आदत डाल लेनी चाहिए। इससे न सिर्फ शारीरिक, बल्कि मानसिक फायदा भी होगा।

डॉक्टर बताते हैं कि प्रतिदिन पैदल चलने से हृदय संबंधी समस्याओं से निजात मिलेगी। यह हृदय को मजबूत करने के साथ ही ब्लड प्रेशर को भी नियंत्रित रखेगा। नियमित रूप से पैदल चलने से वजन भी नियंत्रित रहेगा, क्योंकि आमतौर पर ऐसी स्थिति देखने को मिलती है कि अधिक वजन से दूसरी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। ऐसी स्थिति में आपके शरीर में कोई दूसरी समस्याएं पैदा न हो, इसके लिए नियमित रूप से पैदल चलना अनिवार्य हो जाता है। चिकित्सकीय दृष्टि से भी इस बात की पुष्टि हुई है कि पैदल चलने से वजन नियंत्रित रहता है।

डॉ. तायल ने बताया कि पैदल चलना ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में सहायक है, जिससे टाइप-2 डायबिटीज का खतरा कम हो जाता है। यह ऑस्टियोपोरोसिस और आर्थराइटिस जैसी समस्याओं को कम करने में मदद करता है।

उन्होंने बताया कि प्रतिदिन पैदल चलने से रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है, जिससे आप अन्य बीमारियों का सामना मजबूती से कर पाते हैं, क्योंकि आमतौर पर यह देखने को मिला है कि कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों को कोई भी बीमारी आसानी से अपनी चपेट में ले लेती है।

अब कई बार लोगों के जेहन में यह सवाल आता है कि किसी भी व्यक्ति को एक दिन में कितना पैदल चलना चाहिए। डॉ. तायल के अनुसार, किसी भी व्यक्ति के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वह प्रतिदिन 30 मिनट तक पैदल चले। इससे उसके शरीर के साथ-साथ मानसिक स्थिति को भी बड़ा फायदा पहुंचेगा। साथ ही अगर कोई अपने बढ़ते वजन से परेशान है, तो उसके लिए यह जरूरी हो जाता है कि वह एक दिन में कम से कम 40 से 50 मिनट तक पैदल चले। इससे उसे बड़ा फायदा पहुंचेगा।

पैदल चलने का किसी व्यक्ति की उम्र से बड़ा कनेक्शन है। डॉक्टर बताते हैं कि बच्चे और किशोर (6-18 साल) को दिन में कम से कम 60 मिनट पैदल चलना या अन्य शारीरिक गतिविधि करना फायदेमंद है। वयस्क (18-50 साल) को रोजाना 7,000 से 10,000 कदम चलना आदर्श माना जाता है। वरिष्ठ नागरिक (50 वर्ष से अधिक) को रोजाना 5,000 से 7,000 कदम या लगभग 30-45 मिनट हल्की चाल में चलना चाहिए।

पैदल चलने से कई तरह के स्वास्थ्य संबंधी फायदे होते हैं। इससे तनाव कम होता है। एंडोर्फिन (खुशी का हार्मोन) रिलीज होता है, जो मूड को बेहतर बनाता है। यह मस्तिष्क में रक्त संचार को बढ़ाता है, जिससे याददाश्त और एकाग्रता में सुधार होता है। इसके साथ ही, दौड़ने और चलने की आपस में अगर तुलना की जाए, तो दोनों के बीच कई तरह के फर्क देखने को मिलते हैं। डॉ. तायल के मुताबिक, दौड़ना पैदल चलने की तुलना में अधिक कैलोरी बर्न करता है, जिससे वजन कम करने में तेजी आती है। पैदल चलना जोड़ों (जॉइंट्स) पर कम दबाव डालता है, जबकि दौड़ने से घुटनों और टखनों पर अधिक भार पड़ता है।

## जिला जेल में बंदियों के लिए नशा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन



**ग्रेटर नोएडा,** 27 मार्च (देशबन्धु)। हग्स लाइफ हॉलिस्टिक नशा मुक्ति केन्द्र ने विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतम बुद्ध नगर, सचिव, अपर जिला जज ऋचा उपाध्याय की अध्यक्षता में नशे की लत से पीड़ित जिला कारागार लुकसर में आयोजित तीन सौ बन्दियों को नशे की लत के बाद होने वाले दुष्परिणामों से बचाव का ढाई घण्टे का कार्यक्रम, जो कि सर्वप्रथम लवलिट पीर ने लुकसर जेल में आयोजित हुआ है, देते हुए नशा उन्मूलन की दिशा में प्रेरित किया। कार्यक्रम में संस्थान अध्यक्ष लवलिट पीर ने जेल प्रशासन व बन्दियों और मौजूद सभी को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई, जिनके साथ जिलाधिकारी मनीष वर्मा, जेल प्रशासन के अधीक्षक बृजेश कुमार, जेलर संजय कुमार साही एवं राजीव कुमार, डिप्टी जेलर शिशिर कुशवाहा व राम प्रकाश शुक्ला एवं मनोज कुमार, जेल चिकित्सक विवेक पाल, व फार्मा फार्मासिस्ट संजय सिंह, मुख्य चिकित्सक अधिकारी नरेन्द्र कुमार, मनोरोग विशेषज्ञ एवं मनोचिकित्सक डॉ. सतीश कुमार ने बच्चे से बड़े तक हर उम्र में नशे की लत से लेकर नशे की बीमारी से ग्रस्त तथा नशा छोड़ने पर विड्रॉवल सिम्पटम्स से लेकर नशे की लत से जुड़े हर पहलू पर मौजूद सभी को उपयोगी जानकारी दी व कविता सुना कर सभी के दिल में स्थान बनाया और सुगम मार्गदर्शन दिया। समाज सेविका रचना वशिष्ठ ने ने मोटिवेशनल स्पीकर राकेश मस्सी, जिनका जीवन धारा के नाम से नामचीन नशा मुक्ति केन्द्र भी देहली एनसीआर में है एवं राजीव कुमार ने 300 के करीब नशे की समस्या से चिन्हित बन्दियों के जीवन शैली व आचार विचार से ऐसा अदभुत जुड़ाव बनाया की सभी मंत्रमुग्ध अपने दोपहर का भोजन तक त्याग कर कार्यक्रम के प्रवाह में एकाग्रता से जुड़े रहे व कार्यक्रम को अति रुचिकर बनाया।

## 'पाजी' सनी देओल संग कैमरे में कैद हुए रवि किशन



**मुंबई,** 27 मार्च (एजेंसियां)। अभिनेता रवि किशन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया, जिसमें वह सुपरस्टार सनी देओल के साथ कैमरे के लिए पोज देते नजर आए। किशन ने बताया कि इस पोस्ट को कैप्शन की जरूरत नहीं है। रवि ने इंस्टाग्राम पर सनी देओल के साथ दो तस्वीरें शेयर कीं। तस्वीरें वैनिटी वैन में क्लिक की गई लगती हैं। तस्वीर में दोनों कलाकार एक साथ पोज देते नजर आए। तस्वीरों को शेयर करते हुए रवि ने कैप्शन में लिखा कि इस तस्वीर के लिए कैप्शन की जरूरत नहीं है। रवि किशन और सनी देओल साहित्यकार काशीनाथ सिंह की किताब 'काशी का अस्सी' पर बनी फिल्म 'मोहल्ला अस्सी' में साथ काम कर चुके हैं। फिल्म साल 2018 में रिलीज हुई थी, जिसमें सनी देओल के किरदार का नाम 'धर्मनाथ पांडेय' और रवि किशन के किरदार का नाम 'कन्नी गुरु' है।

## मेडिकल के विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरुक



**ग्रेटर नोएडा,**27 मार्च (देशबन्धु)। गवर्नमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज गुरुवार को साइबर अपराधों पर आधारित एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में मेडिकल छात्रों और फैकल्टी सदस्यों को डिजिटल दुनिया में बढ़ते खतरों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के संयोजक फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. अमित शर्मा थे। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के निदेशक डॉ. राकेश गुप्ता ने शुभकामनाओं के साथ की गई। उन्होंने साइबर अपराधों को आज के युग की गंभीर चुनौती बताते हुए ऐसे जागरूकता सत्रों की आवश्यकता पर बल दिया। सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित थे डॉ. गौरव कुमार, जो गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में कंप्यूटर विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर हैं। उन्होंने अपने व्यावहारिक अनुभव और प्रशिक्षण के माध्यम से छात्रों को साइबर अपराधों की कार्यप्रणाली और उनके प्रभावों से अवगत कराया। सत्र के दौरान डॉ. गौरव ने डिजिटल अरेस्ट स्कैम, व्हाट्सएप इंटरनेशनल कॉल फ्रॉड, फर्जी जॉब ऑफर, सोशल मीडिया पर फेक प्रोफाइल, सेक्सटॉर्शन, और साइबर बुलीइंग जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने बताया कि आजकल अपराधी मनोवैज्ञानिक तरीकों से लोगों को डराकर पैसे वसूलने, ब्लैकमेल करने और निजी जानकारियां चुराने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। छात्रों को डिजिटल सुरक्षा के लिए ह्वाट्अप लॉक और प्राइवेसी सेटिंग्स जैसे तकनीकी उपाय अपनाने की सलाह दी गई। इसके साथ ही उन्होंने साइबर अपराध की स्थिति में 1930 हेल्पलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया को भी समझाया।

## धमकियों से नहीं डरता, सब ईश्वर पर छोड़ दिया है : सलमान



**मुंबई,** 27 मार्च (एजेंसियां)। अभिनेता सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'सिकंदर' ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। इस बीच मीडिया से बातचीत के दौरान अभिनेता ने भारी सुरक्षा के साथ घूमने-फिरने से होने वाली परेशानी पर प्रतिक्रिया दी। सलमान ने कहा कि वह धमकियों से नहीं डरते, क्योंकि उन्होंने सब कुछ ईश्वर पर छोड़ दिया है। सलमान खान जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के निशाने पर हैं, जो 1990 के दशक में सुपरस्टार के काले हिरण के शिकार का बदला लेना चाहता है। 'सिकंदर' की रिलीज से पहले सलमान खान ने मुंबई के बांद्रा इलाके में एक फाइव स्टार होटल में मीडिया से बात की और बताया कि भारी सुरक्षा के साथ बाहर आना- जाना परेशानियों का सबब बन जाता है। अभिनेता ने यह भी कहा कि वह धमकियों से नहीं डरते हैं और उन्होंने अपनी सुरक्षा की देखभाल भगवान पर छोड़ दी है। खान ने मीडिया से कहा कि भगवान, अल्लाह सब बराबर हैं। जितनी उम्र लिखी है, उतनी लिखी है। इतने सारे लोगों के साथ घूमना एक समस्या बन जाती है। मैं किसी धमकी से नहीं डरता, सब ईश्वर पर छोड़ दिया है। हम साथ-साथ हैं की शूटिंग के दौरान काले हिरण शिकार मामले में संलिप्तता के लिए बिश्नोई ने सलमान को जान से मारने की धमकी दी थी।

## विश्व रंग मंच दिवस : पल्लवी जोशी ने बताई थिएटर कलाकारों की मुश्किलें



■ निमरत कौर बोलीं, 'मुझे मिला साहस'

**मुंबई,** 27 मार्च (एजेंसियां)। विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर गुरुवार को फिल्म जगत के कई सितारों ने थिएटर से सीखे अपने अनुभवों को प्रशंसकों के साथ साझा किया। फिल्म निर्माता-अभिनेत्री पल्लवी जोशी ने रंगमंच के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया। वहीं, अभिनेत्री निमरत कौर पुरानी यादों में खो गईं और कहा कि उन्होंने रंगमंच से 'बहुत कुछ सीखा है'।

पल्लवी जोशी ने बताया कि महाराष्ट्र में थिएटर इसलिए बचा हुआ है क्योंकि टिकट खरीदना अब भी सस्ता है। उन्होंने कहा कि थिएटर का पूरा गणित बहुत अलग है। महाराष्ट्र में थिएटर इसलिए बचा हुआ है क्योंकि टिकट की कीमतें कम होती हैं, तो कलेक्शन कम होता है, जिसका मतलब है कि अभिनेताओं के पैसे और निर्माताओं के मुनाफे का मार्जिन भी कम होता है। यह दुखद है।

जोशी ने बताया कि थिएटर में अनगिनत असाधारण प्रतिभाशाली कलाकार हैं, जिन्हें बहुत कम भुगतान किया जाता है। किसी भी नाटक में उनका काम शानदार और अमूल्य है, फिर भी शायद ही उन्हें काम के मुताबिक मेहनताना मिलता है। बड़े सितारे फिर भी कुछ पैसे कमाने में कामयाब हो जाते हैं, लेकिन बाकी लोगों को अभी भी गुजारा करने के लिए नौकरी पर निर्भर रहना पड़ता है और थिएटर को एक शौक के रूप में लेना पड़ता है। दूसरी तरफ, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर थिएटर के दिनों की तस्वीरें शेयर करते हुए निमरत कौर ने रंगमंच के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि थिएटर उनका पसंदीदा क्षेत्र रहा है। उन्होंने लिखा कि एक कलाकार के तौर पर मैं जिस दौर की ऋणी हूं, उस दौर की कुछ झलकियां। यहां मुझे सबक मिला, असफलताएं मिलीं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि इनके बीच एक बार फिर से शुरू करने के लिए उठ खड़े होने का साहस मिला।

कौर ने अभिनय के रास्ते में आने वाली चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने लिखा कि थिएटर मुझे आंतरिक रूप से गाइड करने वाला, साहस देने वाला पसंदीदा खेल का मैदान था, है और हमेशा रहेगा। यहां मैंने एक ही समय में सवाल करना, रचना करना, साहसी होना सीखा।

ब्रिटिश कलाकार ऑगस्टो बोअल की एक पंक्ति 'थिएटर खुद को देखने की कला है', का जिक्र करते हुए निमरत ने लिखा कि यह उक्ति मंच के जादू के लिए यह हमेशा प्रेरित करता रहे। विश्व रंगमंच दिवस की शुभकामनाएं।

शेयर की गई तस्वीरों में कौर कई नाटकों का मंचन करती दिखाई दीं। वह कई तरह के अलग-अलग किरदारों में डूबी नजर आईं। उन्होंने बताया कि कैसे मंच ने उनके कलात्मक सफर को आकार दिया।

# अविकसित क्षेत्र से बदलकर अंतरराष्ट्रीय राजनीति का प्रमुख किरदार बना आर्कटिक क्षेत्र

**बर्फीला सिंहासन : आर्कटिक की दौड़ में कौन विजेता होगा?**

**मास्को,** 27 मार्च (देशबन्धु)। आर्कटिक क्षेत्र तेजी से एक दूरस्थ और अविकसित क्षेत्र से बदलकर अंतरराष्ट्रीय राजनीति का एक प्रमुख किरदार बनता जा रहा है। वैश्विक तापमान वृद्धि के कारण नए व्यापार मार्ग तैयार हो रहे हैं और विशाल प्राकृतिक संसाधनों तक पहुंच की सुविधा बन रही है। आर्कटिक क्षेत्र को उन प्रमुख शक्तियों के लिए आकर्षक बना रही है जिनके पास मजबूत आर्थिक और सैन्य क्षमताएं हैं। हालांकि, इन अवसरों के साथ ही, आर्कटिक एक भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का मंच भी बन रहा है, जहां पारंपरिक शासन तंत्र अपनी प्रभावशीलता खो रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय सहयोग राजनीतिक असहमति में बदल रहा है। कुछ समय पहले तक, आर्कटिक काउंसिल, जिसे पर्यावरणीय और सतत विकास प्रयासों के समन्वय के लिए स्थापित किया गया था, संवाद के लिए मुख्य मंच के रूप में कार्य कर रही था। हालांकि, 2022 से, इसका कार्य प्रभाव काफी हद तक ठप हो गया है, क्योंकि सात पश्चिमी देशों ने रूस के साथ सहयोग निलंबित कर दिया-जो लगभग आधे आर्कटिक क्षेत्र को नियंत्रित करता है। परिणामस्वरूप, इस क्षेत्र को एक प्रभावी शासन तंत्र के बिना छोड़ दिया गया है, जिससे विभिन्न वैश्विक खिलाड़ियों की नई रणनीतिक पहल को बढ़ावा मिल रहा है।

### संयुक्त राज्य अमेरिका का आर्कटिक में बढ़ता प्रभाव

संयुक्त राज्य अमेरिका आर्कटिक को एक रणनीतिक हित का क्षेत्र मानते हुए यहां अपनी सैन्य और आर्थिक उपस्थिति को मजबूत कर रहा है। अमेरिकी राजनीतिक विमर्श में ग्रीनलैंड पर बढ़ते नियंत्रण का विचार फिर से उभर रहा है-जो प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर एक द्वीप है। जनवरी 2025 में, नव-निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड को संयुक्त राज्य अमेरिका में शामिल करने के अपने इरादे की घोषणा की, यह तर्क देते हुए कि इससे अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित होगी। डेनमार्क की बार-बार अस्वीकृति के बावजूद, ट्रंप ने विश्वास व्यक्त किया कि यह कदम अंततः पूरा होगा। साथ ही, ट्रंप ने कनाडा से संयुक्त राज्य अमेरिका का 51वां राज्य बनने का आह्वान किया, इसके पीछे ट्रंप ने तर्क दिया कि ऐसा करने से आर्थिक स्थिरता मिलेगी और बाहरी खतरों से सुरक्षा होगी। हालांकि, कनाडाई अधिकारियों ने इस विचार को यह कहते हुए सख्ती से खारिज कर दिया कि देश 'कभी भी संयुक्त राज्य अमेरिका का हिस्सा नहीं बनेगा।' इन बयानों ने न केवल कनाडा और डेनमार्क में, बल्कि यूरोपीय नेताओं के बीच भी तीखी प्रतिक्रिया उत्पन्न की, जिन्होंने ट्रंप की टिप्पणियों पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

### नई वास्तविकताओं को स्वीकारते हुए रूस की आर्कटिक रणनीति

इन भू-राजनीतिक बदलावों के जवाब में, मॉस्को अपनी आर्कटिक रणनीति को पुन: समायोजित कर रहा है, जिसमें क्षेत्रीय विकास में आत्मनिर्भरता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के वैकल्पिक प्रारूपों को प्राथमिकता दी जा रही है। रूस आर्कटिक को एक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में देखता है जिसमें अपार आर्थिक संभावनाएं हैं। हाल के वर्षों में, मॉस्को ने नार्दन सी रूट (एनएसआर) का विस्तार करने और अपने प्राकृतिक संसाधनों के विकास के लिए बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में सक्रिय रूप से निवेश किया है।

हालाँकि, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अंतरराष्ट्रीय सहयोग तंत्र की कमजोरी के बीच, रूस आर्कटिक में जुड़ाव के नए रास्ते तलाश रहा है। एक प्रमुख पहल आगामी अंतरराष्ट्रीय आर्कटिक फोरम, 'आर्कटिक - संवाद का क्षेत्र 2025' है, जो 26-27 मार्च, 2025 को मुरमांस्क में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में 50 देशों से 2,500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें चीन और भारत से आने वाले प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हैं-जो एशियाई भागीदारों के साथ संबंध मजबूत करने के रूस के इरादे का स्पष्ट संकेत है।

### आर्कटिक में बदलता वैश्विक प्रभाव


आर्कटिक की स्थिति अंतरराष्ट्रीय संबंधों में व्यापक बदलावों को दर्शाती है। ग्रीनलैंड पर कब्जा करने और कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने के ट्रंप के साहसी बयानों ने क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है और यूरोपीय सहयोगियों और वैश्विक राजनयिक हलकों से कड़ी आलोचना प्राप्त की है। इस बीच, रूस अपनी स्वतंत्र आर्कटिक विकास रणनीति को मजबूत कर रहा है और नए शासन तंत्र स्थापित करने के लिए काम कर रहा है, विशेष रूप से एशियाई देशों के साथ घनिष्ठ सहयोग बढ़ाकर। मॉस्को की आर्कटिक में सफलता इस पर निर्भर करेगी कि वह आर्थिक महत्वाकांक्षाओं, कूटनीतिक चालबाजियों और सैन्य-रणनीतिक स्थिति को बढ़ती प्रतिस्पर्धा और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बीच कैसे संतुलित करता है। पश्चिमी आर्कटिक राष्ट्रों-जैसे नॉर्वे, डेनमार्क और आइसलैंड-के लिए यह महत्वपूर्ण होगा कि वे विकास पर करीबी नजर रखें और यह सुनिश्चित करें कि वे क्षेत्र के भविष्य के शासन को आकार देने में सक्रिय रूप से शामिल रहें।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 3.23 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 2.68 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.88 प्रतिशत |
| एलटी | 1.76 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिम्को | 1.40 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 5.56 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.41 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.95 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.82 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.40 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 87,970 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 99,734 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 87. 33 | 87.40 |
| पौंड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5450-5550 |
| दाल चना | 6450-6550 |
| मसूर काली | 7400-7500 |
| उड़द दाल | 8800-8900 |
| मूंग दाल | 9400-9500 |
| अरहर दाल | 8300-8400 |

## दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चाय निर्यातक बना भारत

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय चाय बोर्ड द्वारा जारी लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार भारत ने 2024 में 255 मिलियन किलोग्राम चाय निर्यात किया। इसके साथ ही श्रीलंका को पछाड़ भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चाय निर्यातक देश बन गया है। इसी क्रम में केन्या ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है।

भू-राजनीतिक तनावों के कारण वैश्विक बाजार में अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का चाय निर्यात 2024 में 255 मिलियन किलोग्राम पर पहुंच गया, जो 10 साल का उच्चतम स्तर है। 2024 में देश के निर्यात में 2023 में दर्ज 231.69 मिलियन किलोग्राम के इसी आंकड़े से 10 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि हुई। भारत के निर्यात का मूल्य 2023 के 6,161 करोड़ रुपए से 15 प्रतिशत बढ़कर 2024 में 7,111 करोड़ रुपए हो गया। उन्होंने कहा कि इराक को भेजे जाने वाले शिपमेंट में जोरदार वृद्धि हुई है, जो चाय निर्यात का 20 प्रतिशत है। इसी के साथ व्यापारियों को इस वित्त वर्ष में पश्चिम एशियाई देश को 40-50 मिलियन किलोग्राम चाय भेजने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि भारतीय निर्यातक, जिन्होंने श्रीलंका की फसल कम होने पर




- **भारत ने 2024 में 255 मिलियन किलोग्राम किया चाय निर्यात**
- **भारत 25 से अधिक देशों को करता है चाय निर्यात**

पश्चिम एशिया के कई बाजारों में प्रवेश किया, वे वहां शिपमेंट की मात्रा को बनाए रखने में कामयाब रहे। भारत 25 से अधिक देशों को चाय निर्यात करता है, जिसमें यूएई, इराक, ईरान, रूस, अमेरिका और यूके इसके प्रमुख बाजार हैं। भारत दुनिया के शीर्ष पांच चाय निर्यातकों में से एक है, जो कुल विश्व निर्यात का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा है। भारत की असम, दार्जिलिंग और नीलगिरी चाय दुनिया में सबसे बेहतरीन चाय में से एक मानी जाती है।

भारत से निर्यात की जाने वाली अधिकांश चाय काली चाय (ब्लैक टी) है, जो कुल निर्यात का लगभग 96 प्रतिशत हिस्सा बनाती है। अन्य किस्मों में नियमित चाय (रेगुलर टी), ग्रीन टी, हर्बल चाय, मसाला चाय और नींबू चाय (लेमन टी) शामिल हैं। भारत ने चाय उत्पादन को बढ़ावा देने, भारतीय चाय के लिए एक विशिष्ट ब्रांड बनाने और चाय उद्योग से जुड़े परिवारों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। असम घाटी और कछार असम के दो चाय उत्पादक क्षेत्र हैं। पश्चिम बंगाल में, दोआर्स, तराई और दार्जिलिंग तीन प्रमुख चाय उत्पादक क्षेत्र हैं।

## भारत का निर्यात 800 अरब डॉलर को पार करने की राह पर



**नई दिल्ली।** विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत के निर्यात में वृद्धि देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि निर्यातकों को मौजूदा वैश्विक व्यापार परिदृश्य को देखते हुए समझदारी से काम लेना चाहिए। उनके अनुसार, मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य भारत के निर्यात और मैन्युफैक्चरिंग को लेकर प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के रूप में देश के लिए एक सुनहरा अवसर पेश करता है। सारंगी ने एक कार्यक्रम में कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात पिछले वर्ष के 778 अरब डॉलर से बढ़कर इस वर्ष 800 अरब डॉलर को पार कर जाएगा। सोर्सएक्स इंडिया 2025 कार्यक्रम में सारंगी ने कहा कि हालांकि हम हाल के महीनों में निर्यात में अस्थायी गिरावट देख रहे हैं, लेकिन दीर्घावधि में, हमारी निर्यातक कम्युनिटी हमें यह विश्वास दिला रही है कि उन्हें मिलने वाले ऑर्डर पूछताछ की संख्या काफी सकारात्मक है और इससे मुझे विश्वास है कि हमारे निर्यात हमारे मौजूदा स्तरों की तुलना में बढ़ेंगे।

## ब्रोकरेज फर्मों पर एक ही गलती के लिए बार-बार नहीं लगेगा जुर्माना

**मुंबई,** 27 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) एक नए पेनल्टी सिस्टम पर काम कर रहा है, जो ब्रोकरेज फर्मों को एक ही उल्लंघन के लिए कई बार जुर्माना भरने से सुरक्षा प्रदान करेगा।

पिछले एक साल से चर्चा में रहे इस प्रस्ताव का उद्देश्य अलग-अलग स्टॉक एक्सचेंजों को एक ही चूक के लिए अलग-अलग दंड लगाने से रोकना है। एनडीटीवी प्रॉफिट की रिपोर्ट के अनुसार, सेबी इस नियम को लागू करने के लिए स्टॉक एक्सचेंजों के साथ बातचीत कर रहा है, जिससे ब्रोकरों पर वित्तीय बोझ कम करने में मदद मिलेगी।

फिलहाल, ब्रोकरेज फर्मों को एक ही विनियामक उल्लंघन के लिए कई एक्सचेंजों से दंड का सामना करना पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, अगर कोई ब्रोकर समय पर तकनीकी गड़बड़ी की रिपोर्ट करने में विफल रहता है, क्लाइंट फंड का निपटान नहीं करता है, या निवेशकों की शिकायतों का समाधान करने में विफल रहता है, तो सभी स्टॉक एक्सचेंज अलग-अलग जुर्माना लगा सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे ब्रोकरों पर भारी जुर्माना बोझ पड़ता है। सेबी अब दंड



- **नए पेनाल्टी सिस्टम पर काम कर रहा सेबी**

को सुव्यवस्थित करने और ब्रोकरों के लिए व्यापार करने में आसानी के लिए एक रूपरेखा पर काम कर रहा है।

हालांकि, एनडीटीवी प्रॉफिट के अनुसार, इस नए सिस्टम को कब लागू किया जाएगा, इसके लिए अभी कोई निश्चित समयसीमा नहीं है। इस बीच, बाजार नियामक ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए डिस्क्लोजर की सीमा को 25,000 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपए करने को मंजूरी दे दी। इस सप्ताह की शुरुआत में मुंबई में आयोजित सेबी बोर्ड की बैठक के बाद इस निर्णय की घोषणा की गई। नियामक ने कहा कि नकद इक्विटी बाजार में ट्रेडिंग वॉल्यूम में तेज वृद्धि के कारण संशोधन जरूरी था क्योंकि पिछली सीमा वित्त वर्ष 2022-23 में निर्धारित की गई थी।

## देश की 2.18 लाख ग्राम पंचायतों में भारतनेट लिंक उपलब्ध : बघेल

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (एजेंसियां)। देश की कुल 2.68 लाख ग्राम पंचायतों में से 2.18 लाख ग्राम पंचायतों को भारतनेट परियोजना के तहत हाई-स्पीड इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार कर लिया गया है। यह जानकारी सरकार द्वारा संसद में दी गई। केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री, एसपी सिंह बघेल ने राज्य सभा में लिखित जवाब में कहा कि भारतनेट प्रोजेक्ट को डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशंस (डीओटी) द्वारा चरणबद्ध तरीके से देश की सभी ग्राम पंचायतों में लागू किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सभी राज्य अपने पास उपलब्ध संसाधनों के आधार पर ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना (एमएमपी) को क्रियान्वित करने का प्रयास कर रहे




हैं। डीओटी की ओर से कहा गया कि सरकार की योजना भारतनेट प्रोजेक्ट मार्च 2027 तक पूरा करने की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारतनेट के तहत बनाए गए इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन, लीज्ड लाइन, डार्क फाइबर और मोबाइल टावरों तक बैकहॉल जैसी ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करने के लिए किया जा सकता है।

## इनोवेशन 'विकसित भारत' सपने की ओर बढ़ने की कुंजी : गोयल

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इनोवेशन देश के विकसित भारत सपने की ओर बढ़ने की कुंजी है। इसी के साथ ट्रेडमार्क सर्च और बौद्धिक संपदा (आईपी) प्रवर्तन में मॉडर्न टेक्नोलॉजी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स की जरूरत बनी हुई है।

केंद्रीय मंत्री ने इनोवेटर्स और व्यवसायों के हितों की रक्षा के लिए मजबूत कॉपीराइट सुरक्षा उपायों के महत्व पर भी जोर दिया। 'राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पुरस्कार 2024' कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने विधायी परिवर्तनों, प्रशासनिक सुधारों और इनोवेशन और रिसर्च को बढ़ावा देने के



> **इनोवेशन हमेशा से हमारे डीएनए में रहा है, हमें बहुत गर्व है कि 'शून्य' की उत्पत्ति भारत से हुई : पीयूष गोयल**

उद्देश्य से नई पहलों के जरिए आईपी इकोसिस्टम को मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि इनोवेशन हमेशा से हमारे डीएनए में रहा है। हमें बहुत गर्व है कि 'शून्य' की उत्पत्ति भारत से हुई है। शतरंज को भी अब एक खेल के रूप में पहचाना जा रहा है, जिसकी उत्पत्ति हमारी प्राचीन परंपरा चतुरंग से हुई है। इनोवेशन देश के विकसित भारत बनने की यात्रा को परिभाषित करेगा। रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने जोर देकर कहा कि कोई भी देश इनोवेशन, नए विचारों, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन प्रगति पर ध्यान केंद्रित किए बिना विकसित होने का दावा नहीं कर सकता। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि हमारे अमृत काल में जैसा कि हम भारत को एक लचीली अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।


## दिग्गज कंपनियों में लिवाली से बाजार में तेजी

**मुंबई,** 27 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वाहनों के आयात पर 25 फीसदी तक का टैरिफ लगाने से वाहन निर्माता कंपनियों की साढ़े पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट के बावजूद बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, एसबीआई और रिलायंस समेत बीस दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ।

- **सेंसेक्स 317.93 अंक की छलांग लगाकर 77,606.43 पर रहा**
- **निफ्टी 105.10 अंक मजबूत होकर 23591.95 पर बंद**

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 317.93 अंक की छलांग लगाकर 77,606.43 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 105.10 अंक मजबूत होकर 23591.95 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। इससे मिडकैप 0.46 प्रतिशत चढ़कर 41,817.03 अंक और स्मॉलकैप 0.90 प्रतिशत उछलकर 46,803.65 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4132 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2349 में गिरावट जबकि 1699 में तेजी रही वहीं 84 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2978 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1537 में बिकवाली जबकि 1382 में लिवाली हुई वहीं 59 के भाव स्थिर रहे।




विश्लेषकों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजारों ने पूरे दिन सकारात्मक रुख बनाए रखा, जिसका मुख्य कारण निरंतर विदेशी फंड प्रवाह और ब्लू-चिप शेयरों की खरीद रहा। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ऑटो आयात पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ से ऑटोमोबाइल सेक्टर को झटका लगा, जिससे इस क्षेत्र के शेयरों में दबाव देखा गया। इसके साथ ही, फार्मा उद्योग में भी कुछ चिंताएं बढ़ी हैं। इसके बावजूद, बाजार ने लचीलापन दिखाया, जो कि मुद्रास्फीति में गिरावट और ब्याज दरों में नरमी के संकेतों से प्रेरित था। विश्लेषकों का मानना है कि वित्त वर्ष 2026 में कंपनियों की आय में दोहरे अंकों की वृद्धि संभव है, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति और मजबूत होगी। अब निवेशकों की नजरें अमेरिका-भारत व्यापार बैठक पर टिकी हैं, जो बुधवार से शुरू हुई है। इस बैठक से द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर अधिक स्पष्टता मिलने की उम्मीद है, जिससे दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को मजबूती मिल सकती है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.50, जर्मनी का डैक्स 0.57 और जापान का निक्केई 0.60 प्रतिशत गिर गया। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 0.41 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.15 प्रतिशत की बढ़त रही।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 201 अंक टूटकर 77,087.39 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 77,082.51 अंक के निचले स्तर पर आ गया। अंत में पिछले दिवस के 77,288.50 अंक के मुकाबले 0.41 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 77,606.43 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में बजाज फिनसर्व 3.23, इंडसइंड बैंक 2.68, एनटीपीसी 1.88, एलटी 1.76, अल्ट्रासिम्को 1.40, अडानी पोर्ट्स 1.38, बजाज फाइनेंस 1.37, पावरग्रिड 1.22, जोमैटो 1.21, एसबीआई 1.19, एचडीएफसी बैंक 1.07, टाइटन 0.93, टेक महिंद्रा 0.53, एशियन पेंट 0.52, आईटीसी 0.43, इंफोसिस 0.34, एक्सिस बैंक 0.26 और आईसीआईसीआई बैंक 0.10 प्रतिशत शामिल रही।

## ल्यूमिनस व एसबीआई की साझेदारी से सौर ऊर्जा वित्तपोषण को मिलेगी नई गति

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (एजेंसियां)। पावर बैकअप और सौर ऊर्जा समाधान प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज ने पूरे भारत में सौर ऊर्जा वित्तपोषण को बढ़ावा देने के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ साझेदारी की है।




इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत एसबीआई अपने 22 हजार से अधिक शाखाओं के नेटवर्क के माध्यम से नागरिकों को सौर वित्तपोषण की आसान पहुंच उपलब्ध कराएगा। ल्यूमिनस का उद्देश्य इस साझेदारी के जरिए सौर ऊर्जा अपनाने की प्रक्रिया को सरल बनाना है, जिसमें वित्तपोषण से लेकर स्थापना तक की पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया जाएगा। एसबीआई ने ल्यूमिनस को अपने समर्पित सौर ऋण पोर्टल में एक अनुशंसित भागीदार के रूप में शामिल किया है, जिससे उपभोक्ताओं को आसान और पारदर्शी वित्तीय समाधान मिल सकें।

यह लंबी अवधि की साझेदारी विभिन्न वित्तपोषण विकल्पों को कवर करती है, जिसमें सौर समाधान वित्त और आपूर्ति श्रृंखला वित्त शामिल हैं। यह गठबंधन एमएसएमई, कॉर्पोरेट, संस्थागत, वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए सौर ऊर्जा को अपनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। इस समझौते के तहत पात्र ग्राहकों को 10 करोड़ रुपए तक का ऋण दिया जाएगा, जिससे सौर ऊर्जा अपनाने में आने वाली वित्तीय बाधाएं कम होंगी।

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 116 रिंगिट उबलकर 4704 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.11 सेंट की तेजी के साथ 42.75 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5450-5550, दाल चना 6450-6550, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300-8400 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और **चावल :** 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। **चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

**खाद्य तेल :** सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## अमेजन, फ्लिपकार्ट के गोदामों में मिले नकली आईएसआई लेबल वाले सामान

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (एजेंसियां)। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय से गुरुवार को जारी एक बयान के अनुसार, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बेचे जा रहे घटिया सामान के खिलाफ कार्रवाई के तहत अमेजन और फ्लिपकार्ट के गोदामों से ऐसे सामान जब्त किए हैं, जिन पर अनिवार्य आईएसआई मार्क नहीं था या जिन पर नकली आईएसआई लेबल लगे थे।

बयान में कहा गया है कि बीआईएस ने 19 मार्च को दिल्ली के मोहन को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित अमेजन सेलर्स प्राइवेट लिमिटेड के गोदामों में तलाशी और जब्ती अभियान चलाया। यह अभियान 15 घंटे से अधिक समय तक चला और बिना आईएसआई मार्क वाले और नकली आईएसआई लेबल वाले 3,500 से अधिक प्रोडक्ट जब्त किए गए। जब्त किए गए उत्पादों में



- **बिना आईएसआई मार्क वाले व नकली आईएसआई लेबल वाले 3,500 से अधिक प्रोडक्ट जब्त**

गीजर, फूड मिक्सर और दूसरे बिजली के उपकरण शामिल थे, जिनका कुल अनुमानित मूल्य लगभग 70 लाख रुपए है। दिल्ली के त्रिनगर में स्थित फ्लिपकार्ट की सहायक कंपनी इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड पर की गई दूसरी छापेमारी में, डिस्पैच के लिए पैक किए गए ऐसे स्पोर्ट्स फुटवियर के स्टॉक का पता लगाया गया, जिनमें आईएसआई मार्क और मैन्युफैक्चरिंग डेट नहीं थी।

बयान के अनुसार, इस ऑपरेशन के दौरान लगभग 6 लाख रुपए मूल्य के लगभग 590 जोड़ी स्पोर्ट्स फुटवियर जब्त किए गए। पिछले एक महीने में, बीआईएस टीम ने देश के अलग-अलग हिस्सों में इसी तरह की कार्रवाई की है। इस दौरान दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, लखनऊ और श्रीपेरंबदूर में अलग-अलग घटिया वस्तुओं को जब्त किया गया है। वर्तमान में, विभिन्न नियामकों और केंद्र के संबंधित मंत्रालयों द्वारा अनिवार्य प्रमाणन के लिए 769 उत्पाद अधिसूचित हैं। बीआईएस से वैलिड लाइसेंस या अनुपालन प्रमाणपत्र के बिना इन उत्पादों का निर्माण, आयात, वितरण, बिक्री, किराए पर लेना, लीज पर देना, भंडारण करना या बिक्री के लिए प्रदर्शित करना प्रतिबंधित है।

## सार संक्षेप

### शालीमार पेंट्स ने मुंबई इंडियंस के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** पेंट निर्माण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी शालीमार पेंट्स ने क्रिकेट प्रेमियों के बीच बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए इस आईपीएल सीजन के लिए मुंबई इंडियंस (एमआई) के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने गुरुवार को बयान जारी कर बताया कि इस साझेदारी का उद्देश्य अपने ब्रांड की पहुंच को और व्यापक बनाना है, खासकर टियर 2 और टियर 3 शहरों में, जहां क्रिकेट प्रेमियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। कंपनी के अनुसार यह साझेदारी भारतीय क्रिकेट की जबरदस्त लोकप्रियता को भुनाने और अपने उत्पादों को अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम है। शालीमार पेंट्स के निदेशक कुलदीप रैना ने कहा कि हम मुंबई इंडियंस के आधिकारिक पेंट पार्टनर बनकर उत्साहित हैं।

### इंफोसिस ने एलकेक्यू यूरोप के साथ किया करार

**बेंगलुरु।** वैश्विक सूचना-प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा प्रदाता कंपनी इंफोसिस ने यूरोप के प्रमुख ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट पार्ट्स वितरक एलकेक्यू यूरोप के साथ साझेदारी की घोषणा की है। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि इस भागीदारी के तहत एलकेक्यू यूरोप अब इंफोसिस कोबाल्ट की मदद से अपने 18 देशों में मानव संसाधन (एचआर) प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करेगा। इंफोसिस कोबाल्ट ने एलकेक्यू यूरोप को एक एकीकृत, क्लाउड-आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म अपनाने में सहायता दी है। एलकेक्यू यूरोप के उपाध्यक्ष (एचआर) डेविड ब्रुकफील्ड ने कहा कि इंफोसिस के साथ यह साझेदारी हमारी प्रक्रियाओं को सरल और एकसमान बनाने का अहम कदम है, जिससे ग्राहकों को तेज और बेहतर सेवा मिलेगी। यह प्लेटफॉर्म हमारी एचआर प्रक्रियाओं को एकीकृत कर दक्षता और अनुपालन को बढ़ाएगा। साथ ही एक मजबूत संगठनात्मक संस्कृति को प्रोत्साहित करेगा।

### श्रद्धा कपूर बनीं न्यूट्रोजीना की नई ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई।** स्किनकेयर ब्रांड न्यूट्रोजीना ने अपनी नई ब्रांड फिलोसॉफी 'ब्यूटी टू ए साइंस' को लांच करते हुए अभिनेत्री श्रद्धा कपूर को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाने का ऐलान किया। कंपनी ने यहां आयोजित 'ब्यूटी विद नो कॉम्प्रोमाइज' कार्यक्रम में अपने नवीनतम इनोवेशन - हाइड्रो बूस्ट सनस्क्रीन, एसपीएफ 50 को लॉन्च किया। इस कार्यक्रम में श्रद्धा कपूर की मौजूदगी में 'ब्यूटी विद नो कॉम्प्रोमाइज' पर विशेषज्ञों की एक पैनल चर्चा हुई। चर्चा में उपभोक्ताओं द्वारा रोजमर्रा की स्किनकेयर में किए जाने वाले समझौतों पर चर्चा की गई और सोशल ट्रेंड्स के मुकाबले विज्ञान-आधारित फॉर्मुलेशन, प्रभावशीलता, और डर्मेटोलॉजिस्ट-समर्थित समाधानों को प्राथमिकता देने के महत्व को रेखांकित किया गया। मनोज गाडगिल ने कहा कि न्यूट्रोजीना में हमारा उद्देश्य स्किनकेयर को सभी के लिए सुलभ बनाना और उपभोक्ताओं को सोच-समझकर निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाना है।

# खेल जगत

## इंग्लैंड दौरे से बाहर रह सकते हैं रोहित शर्मा



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की समाप्ति के बाद भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड दौरे पर जाना है। इस दौरे पर भारत को मेजबान टीम के खिलाफ पांच टेस्ट मैच खेलने हैं। अब इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक कप्तान रोहित इस टेस्ट सीरीज से बाहर रह सकते हैं इंडिया टुडे को सूत्रों ने बताया कि रोहित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन के बाद इंग्लैंड दौरे का हिस्सा नहीं बनना चाहते हैं। हालांकि, सूत्रों ने यह भी कहा कि विराट कोहली के टेस्ट टीम में अपनी जगह बरकरार रखने की पूरी संभावना है. कोहली भी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके थे।

# नूर, अश्विन व जडेजा के सहारे आरसीबी पर लगाम कसेगी चेन्नई सुपर किंग्स

■ आरसीबी के स्पिनर क्रुणाल व सुयश सीएसके के मध्यक्रम पर लगाम लगा सकते हैं



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। अपने अफगानी लेग स्पिनर नूर अहमद, ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा की स्पिन त्रिमूर्ति के स्पिन के जाल के बूते चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) अपने घर चेन्नै में 18 वीं आईपीएल में अपने दूसरे मैच में शुक्रवार को पहले मैच में अर्धशतक जड़ आरसीबी को केकेआर पर सात विकेट से जीत दिलाने वाले फिल साल्ट और विराट कोहली की सलामी जोड़ी पर लगाम लगा उसकी जीत का सिलसिला तोड़ लगातार दूसरी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। विराट कोहली और साल्ट ने जिस विश्वास से केकेआर के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की खतरनाक स्पिन जोड़ी और हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा और स्पेंसर जॉनसन की स्विंग व रफ्तार का सामना किया उससे इन दोनों के सीएसके के नूर, अश्विन और जडेजा की स्पिन त्रिमूर्ति से भी बेहतर ढंग से निपट आरसीबी के जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने की पूरी उम्मीद की जा सकती है। साल्ट, विराट, देवदत्त पड्डीकल ,कप्तान रजत पाटीदार व लियाम लिविंगस्टोन मैच की जरूरत के मुताबिक गियर बदल कर सीएसके की स्पिन त्रिमूर्ति के स्पिन के जाल को तोड़ आरसीबी को बड़े स्कोर तक पहुंचाने का दम रखते हैं। जितेश शर्मा, टिम डेविड और क्रुणाल पांड्या में भी मैच रनों की रफ्तार को बढ़ा कर आरसीबी को बड़ा स्कोर खड़ा करने और उसके पास पहुंचाने की कूवत हैं। अपने पहले आईपीएल खिताब की बाट जोह रही आरसीबी ने दमदार अंदाज में मौजूदा चैंपियन केकेआर पर उसके घर में सात विकेट से जीत दर्ज कर दिखाया इस बार वह अपनी अधूरी हसरत को पूरी करने को बेताब हैं। रचिन रवींद्र और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के अर्द्धशतकों से पांच बार की चैंपियन सीएसके ने अपने घर चेन्नै में पांच बार चैंपियन रही मुंबई इंडियंस को अंतिम ओवर में पांच गेंद के बाकी रहते चार विकेट से हरा मौजूदा संस्करण में अपने अभियान का बढ़िया आगाज किया। चेन्नई सुपर किंग्स का मंत्र ही स्पिन टू विन है। सीएसके की पहले मैच में जीत में उसके अफगानिस्तानी लेग स्पिनर नूर अहमद (4/18), ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन (1/31) और रवींद्र जडेजा की स्पिन त्रिमूर्ति द्वारा बांटे पांच विकेट और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद(3/29) के बूते मजबूत मुंबई इंडियंस को 20 ओवर में 9 विकेट प 155 रन से रोका। सीएसके पास चौथे स्पिनर के रूप में बाएं हाथ के रचिन रवींद्र भी हैं। मुंबई इंडियंस के नवोदित केरल के अनजाने स्पिनर अपनी पहली आईपीएल खेल रहे बाएं हाथ के स्पिनर विगनेश पुतुर ने जिस तरह मात्र 32 रन देकर चेन्नै सुपर किंग्स को चार विकेट से जीत के लिए जिस तरह आखिरी ओवर तक संघर्ष कराया उससे पहले मैच में ऋतुराज गायकवाड़ (53 रन), शिवम दुबे(9 रन) और दीपक हुड्डा (3 रन) को सस्ते में आउट कर उसके शीर्ष व मध्यक्रम को बिखेरा उससे आरसीबी के बाएं हाथ के अनुभवी स्पिनर क्रुणाल पांडया (3/29), लेग स्पिनर सुयश शर्मा (1/47) व लियाम लिविंगस्टोन की केकेआर के खिलाफ कामयाब रही स्पिन त्रिमूर्ति अपने सबसे कंजूस ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड (2/22), बाएं हाथ के यश दयाल(1/ 25) और रसिक सलाम (1/36) के बूते सीएसके की मजबूत बल्लेबाजी पर लगाम लगा सकती है। **शुक्रवार : सीएसके वी आरसीबी, चेन्नई ( शाम साढ़े सात बजे से )**

### ' नूर बतौर स्पिनर हमारे एक्स फैक्टर'

'मेरे आउट होते ही स्थिति संभवत: तनावपूर्ण रही होगी। ऐसे मैच होते हैं जो बेहद करीबी और संघर्षपूर्ण हो जाते हैं लेकिन मैं खुश हूं कि हमारी टीम यह तनावपूर्ण मैच जीतने में कामयाब रही। मेरा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना हमारी सीएसके टीम की जरूरत है। इससे हमारी नई टीम को संतुलन मिलता है। राहुल त्रिपाठी शीर्ष पर आक्रामक बल्लेबाजी कर सकते हैं । मैं जरूरत के मुताबिक दोनों तरह खेल सकता हूं। हमारे स्पिनर कसौटी पर खरे उतरे। हम अपने स्पिनरों जुगलबंदी कर गेंदबाजी करते देखना चाहते हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद दो बरस से बढ़िया गेंदबाजी कर रहे है। नूर बतौर स्पिनर हमारे एक्स फैक्टर है और अच्छा है वह हमारी टीम में है। धोनी पहले की तरह जवां हैं वह इस साल वह नेट में ज्यादा छक्के जड़ रहे हैं : **ऋतुराज गायकवाड़, कप्तान सीएसके**

### 'आने वाले दिन भी कप्तान के रूप में बढ़िया रहेंगे'

'आरसीबी के कप्तान के रूप में केकेआर के खिलाफ आईपीएल में यह पहला मैच था और मेरे लिए दिन अच्छा रहा। उम्मीद करता हूं की कप्तान के रूप में आने वाले दिन भी मेरे लिए इसी तरह बढ़िया रहेंगे। जहां तक लेग स्पिनर सुयश को पारी में केकेआर के रसेल के खिलाफ उनका चौथा व आखिरी ओवर कराने की बात है तो हम तब रसेल का विकेट निकालना चाहते थे और ऐसे में उनका रन देना कोई मायने नहीं रखता क्योंकि वह हमारे स्ट्राइक बॉलर है। हमारी जीत का श्रेय हमारे स्पिनर क्रुणाल और सुयश को है उन्होंने संकल्प और जिगरा दिखाया। विराट कोहली मेरी कप्तानी में खेले और मेरे लिए यह गर्व की बात है। विराट बहुत समर्थन देते हैं और मेरे लिए श्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक विराट से सीखना वाकई एक बड़ा मौका था : **रजत पाटीदार, कप्तान आरसीबी**

# आईपीएल 2025: द्रविड़ को व्हीलचेयर पर देखकर फैंस हुए दुखी





**नई दिल्ली,** 27 मार्च (देशबन्धु)। राहुल द्रविड़ की कोचिंग में राजस्थान रॉयल्स की आईपीएल 2025 की शुरुआत खराब रही है। पहले दो मैचों में दो हार के साथ आरआर -1.882 के नेट रन-रेट के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे है। आईपीएल 2025 से पहले द्रविड़ को एक क्लब चैरिटी मैच में खेलते समय पैर में चोट लग गई थी और वह अपने बाएं पैर पर बैंडेज के साथ आरआर कैंप में पहुंचे। यह दिग्गज खिलाड़ी फिलहाल बिना बैसाखी के नहीं चल पा रहा है और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आरआर की हालिया हार के बाद वह व्हील चेयर में मैदान के चारों ओर घूमते हुए नजर आए।व्हीलचेयर पर द्रविड़ की तस्वीर और वीडियो वायरल हो गया है। सोशल मीडिया यूजर्स इस पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं और दुख व्यक्त कर रहे हैं।

■ आईपीएल 2025 से पहले द्रविड़ को एक क्लब चैरिटी मैच में खेलते समय पैर में चोट लग गई थी

आईपीएल 2025 से पहले आरआर ने सोशल मीडिया पर एक फोटो साझा की थी, जिसमें उन्होंने लिखा था, %मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को बंगलूरू में क्रिकेट खेलते समय चोट लग गई। वह फिलहाल रिहैब में हैं और जल्द जयपुर में हमारे साथ जुड़ेंगे। इसके बाद उनकी सबसे पहली तस्वीर बैसाखी के सहारे चलते हुए आई थी। फैंस इसे देखकर चौंक गए थे। अभी भी फैंस उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। द्रविड़ की कोचिंग में भारत ने पिछले साल टी20 विश्व कप अपने नाम किया था। द्रविड़ राजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप्तान रह चुके हैं और 2011 से 2015 तक फ्रेंचाइजी के साथ पांच सत्र बिताए थे। उन्होंने 2014 में रॉयल्स के साथ अपने कोचिंग करियर की शुरुआत की थी। द्रविड़ ने इस साल की शुरुआत में मैदान पर वापसी की थी और 22 फरवरी को नासूर मेमोरियल शील्ड में केएससीए ग्रुप 1, डिवीजन 3 लीग मैच में अपने छोटे बेटे अन्वय के साथ खेलकर फैंस का दिल जीता था।



## भारत को एएफसी महिला एशियाई कप क्वालीफायर ग्रुप-बी में मिली जगह




**कुआलालंपुर,** 27 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय सीनियर महिला टीम को एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर ग्रुप बी में रखा गया है जहां उसका मुकाबला थाईलैंड, मंगोलिया, तिमोर लेस्ते और इराक के साथ होगा।मलेशिया के एएफसी हाउस में गुरुवार को निकाले गए ड्रा के अनुसार थाईलैंड में 23 जून से 05 जुलाई के बीच होने वाले क्वालीफायर मुकाबले में भारत को ग्रुप बी में रखा गया है। मैच 23 जून से पांच जुलाई के बीच केंद्रीकृत एकल राउंड रॉबिन प्रारूप में होंगे। प्रत्येक ग्रुप विजेता टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी। जोकि एक से 26 मार्च 2026 तक ऑस्ट्रेलिया के तीन शहरों में खेला जाएगा। छह मार्च 2025 को प्रकाशित फीफा महिला विश्व रैंकिंग के आधार पर टीमों को पांच भागों में विभाजित किया गया है। महाद्वीप की शीर्ष प्रतियोगिता के 21वें सत्र के लिए आठ स्थान दांव पर लगे हैं जिसके लिए 34 टीम प्रतिस्पर्धा करेंगी। गत चैंपियन चीन, उप विजेता दक्षिण कोरिया और तीसरे स्थान पर रहने वाले जापान को टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश मिला है। एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 की शीर्ष छह टीमें फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# जिम्बाब्वे त्रिकोणीय टी-20, टेस्ट श्रृंखला की करेगा मेजबानी



**हरारे,** 27 मार्च (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे जुलाई से अगस्त तक दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के साथ होने वाली त्रिकोणीय टी-20 तथा इन दोनों टीमों के साथ दो-दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला की मेजबानी करेगा। बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले से होगी। इसके बाद दोनों टीमें 14 जुलाई से शुरू होने वाली टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड से जुड़ेंगी। इस सीरीज में प्रत्येक टीम दो-दो बार एक-दूसरे से भिड़ेगी। शीर्ष दो टीमें के बीच 26 जुलाई को फाइनल खेला जाएगा। जिम्बाब्वे फिर से लाल गेंद वाले क्रिकेट की ओर लौटेगा। वह बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में न्यूजीलैंड के साथ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगा। यह 2016 के बाद से पहली बार होगा जब दोनों टीमें सबसे लंबे प्रारूप में आमने-सामने होंगी। जिम्बाब्वे क्रिकेट के प्रबंध निदेशक गिवमोर माकोनी ने कहा कि यह वर्षों के बाद हमारा सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र है और यह हमारे खिलाड़ियों के लिए दुनिया की दो क्रिकेट महाशक्तियों के खिलाफ खुद को परखने का एक अवसर है। टेस्ट क्रिकेट और रोमांचक टी-20 त्रिकोणीय सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड की मेजबानी करना जिम्बाब्वे में खेल के विकास के लिए एक शानदार अवसर है।

■ इस सीरीज में प्रत्येक टीम दो-दो बार एक-दूसरे से भिड़ेगी

### जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका

- पहला टेस्ट, 28 जून से दो जुलाई - जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका, क्वींस स्पोर्ट्स क्लब
- दूसरा टेस्ट, छह-10 जुलाई - जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका, क्वींस स्पोर्ट्स क्लब
- त्रिकोणीय टी-20 श्रृंखला
- पहला टी-20, 14 जुलाई - जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका, हरारे स्पोर्ट्स क्लब
- दूसरा टी-20, 16 जुलाई-दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड, हरारे स्पोर्ट्स क्लब
- तीसरा टी-20, 18 जुलाई - जिम्बाब्वे बनाम न्यूजीलैंड, हरारे स्पोर्ट्स क्लब
- चौथा टी-20, 20 जुलाई - जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका, हरारे स्पोर्ट्स क्लब
- पांचवां टी-20, 22 जुलाई-न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका, हरारे स्पोर्ट्स क्लब
- छठा टी-20, 24 जुलाई - जिम्बाब्वे बनाम न्यूजीलैंड, हरारे स्पोर्ट्स क्लब
- फाइनल, 26 जुलाई-नंबर 1 बनाम नंबर 2, हरारे स्पोर्ट्स क्लब
- टेस्ट मैच जिम्बाब्वे बनाम न्यूजीलैंड
- पहला टेस्ट, 30 जुलाई से तीन अगस्त - जिम्बाब्वे बनाम न्यू न्यूजीलैंड, क्वींस स्पोर्ट्स क्लब
- दूसरा टेस्ट, सात से 11 अगस्त - जिम्बाब्वे बनाम न्यूजीलैंड, क्वींस स्पोर्ट्स क्लब

# चोटिल लैथम पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से हुए बाहर

■ लैथम की गैरमौजूदगी में माइकल ब्रेसवेल टीम की कमान संभालेंगे




**वेलिंग्टन,** 27 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय सीरीज से पहले न्यूजीलैंड को बड़ा झटका लगा है टीम के कप्तान टॉम लैथम चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हो गये है। लैथम को इस सप्ताह दाहिने हाथ में चोट लगी थी। प्रशिक्षण के दौरान लैथम के हाथ में फ्रैक्चर हुआ था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि एक्स-रे रिपोर्ट में गंभीर चोट की पुष्टि हुई है। लैथम की गैरमौजूदगी में माइकल ब्रेसवेल टीम की कमान संभालेंगे जबकि हेनरी निकोल्स को टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि सीरीज की पूर्व संध्या पर कप्तान टॉम लेथम का चोटिल होना निश्चित रूप से निराशाजनक है और हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले माइकल के साथ टीम सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने कहा कि हमें इस दौरे में लचीलापन रूख रखना होगा क्योंकि कई खिलाड़ी अलग-अलग कारणों से उपलब्ध नहीं थे। इससे अन्य खिलाड़ियों को अवसर मिले और पहली बार रीस मारियू को टीम में शामिल करना अच्छा लगा, साथ ही हेनरी का स्वागत भी हुआ। उन्होंने कहा कि तीन महीने की चोट के बाद वापसी करने के बाद से हेनरी अच्छी फॉर्म में हैं और उनके आने से टीम में बहुमूल्य कौशल और अनुभव जुड़ेगा। गौरतलब है कि न्यूजीलैंड पाकिस्तान के साथ होने वाले एकदिवसीय सीरीज की मेजवानी कर रहा है।

## नितेश ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

**अम्मान,** 27 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय पहलवान नितेश ने एशियाई कुश्ती चैंपियनिशप के 97 किलोग्राम ग्रीको रोमन वर्ग में अमानबेर्दी अगामम्मेदोव को हराकर कांस्य पदक जीता। इस चैंपियनशिप में भारत का यह दूसरा पदक है। जॉर्डन के अम्मान में बुधवार को खेले गये मुकाबले में 22 साल के नितेश ने तुर्कमेनिस्तान के अमानबेर्दी अगामम्मेदोव को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 9-0 से हराकर भारत के लिए दूसरा पदक पक्का किया। इससे पहले नितेश ने कजाकिस्तान के इलियास को 9-0 से हराया था, लेकिन सेमीफाइनल में ईरान के ओलंपिक चैंपियन मोहम्मदहादी सरावी से उन्हें 0-9 से हार का सामना करना पड़ा।

## गत चैम्पियन मीनाक्षी और अनामिका 8वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के फाइनल में

**ग्रेटर नोएडा,** 26 मार्च (एजेंसियां)। गत चैंपियन मीनाक्षी और अनामिका हुड्डा ने विपरीत अंदाज में जीत के साथ 8वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है । मौजूदा मिनिमम वेट (45-48 किग्रा) चैंपियन मीनाक्षी (एआईपी) अजेय रहीं। उन्होंने दिल्ली की संजना को तीसरे राउंड में आरएससी जीत के साथ हराकर फाइनल में जगह बनाई। इस बीच, लाइट फ्लाईवेट (48-51 किग्रा) खिताबधारी अनामिका हुड्डा (आरएसपीबी) को अब तक की सबसे कठिन परीक्षा का सामना करना पड़ा। उन्होंने तमिलनाडु की कलैवानी एस को 4-3 के स्प्लिट डिसीजन से हराया। मीनाक्षी अब सिक्किम की यासिका राय से भिड़ेंगी, जबकि अनामिका का सामना हरियाणा की तमन्ना से होगा। उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के सहयोग से भारतीय मुक्केबाजी महासंघ द्वारा आयोजित यह चैंपियनशिप 20 से 27 मार्च,

■ तमिलनाडु की कलैवानी एस को 4-3 के स्प्लिट डिसीजन से हराया



2025 तक उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हो रही है। सप्ताह भर चलने वाले इस टूर्नामेंट में 24 राज्य इकाइयों के 180 मुक्केबाज दस भार श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जो विश्व मुक्केबाजी तकनीकी और प्रतियोगिता नियमों का पालन करता है।

## सार संक्षेप

### जोशना, अनाहत स्क्वैश इंडियन ओपन 2025 के सेमीफाइनल में

**मुंबई।** भारतीय दिग्गज खिलाड़ी जोशना चिनप्पा और अनाहत सिंह ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए स्क्वैश इंडियन ओपन 2025 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। बॉम्बे जिमखाना के आउटडोर ग्लास कोर्ट पर जोशना चिनप्पा ने शीर्ष वरीयता प्राप्त आकांक्षा सालुंखे के खिलाफ पांच मैचों के कड़े मुकाबले में अपने अनुभव का जबरदस्त प्रदर्शन किया। पूर्व एशियाई चैंपियन जोशना ने 56 मिनट तक चले मुकाबले में सालुंखे को 3-2 (12-10, 13-11, 9-11, 9-11, 11-5) से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं दूसरी ओर, 17 वर्षीय अनाहत सिंह ने मिस्र के नादियन एल्हममी के खिलाफ संयम का परिचय देते हुए 1-2 से पिछड़ने के बाद वापसी की और कड़े मुकाबले में 3-2 (11-6, 12-14, 8-11, 11-6, 11-9) से जीत हासिल की। इस बीच, पुरुषों के ड्रॉ में भारत के अभय सिंह ने मलेशिया के अमीशनराज चंद्रन को सीधे सेटों में (11-5, 11-8, 11-7) में हराकर अंतिम चार में अपनी जगह पक्की कर ली। वीर चोटरानी हालांकि, मिस्र के करीम एल टॉर्की से 0-3 (4-11, 8-11, 5-11) से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

### रिजर्व बैंक और कस्टम की आसान जीत

**नई दिल्ली।** पंकज नेगी के दो शानदार गोलों की मदद से भारतीय रिजर्व बैंक ने गुरुवार को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय को 5-2 से हरा कर डीएसए सांस्थानिक लीग में बड़ी जीत के साथ शुरुआत की। वहीं एक अन्य मुकाबले में कस्टम एंड सेंट्रल एक्साइस ने ईएसआईसी को 3-1 से हराया। विनोद नगर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आज यहां दिन के पहले मुकाबले में भारतीय रिजर्व बैंक के लिए पंकज नेगी ने दो, कृतेश हुड्डा,अभिषेक और के पी कबुई ने एक-एक गोल किये। मुकाबले के दौरान बैंक के गोलकीपर कुलदीप हुड्डा ने कई मौकों पर दर्शनीय बचाव किए। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की टीम के लिए बिजेन्दर और लोकेश ने एक-एक गोल दागे। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में कस्टम एंड सेंट्रल एक्साइस ने महिप अधिकारी, सायक और कृष्णा के गोलों से ई एस आई सी पर 3-1 की जीत के साथ अभियान शुरू किया। पराजित टीम की ओर से पवन जोशी ने गोल दागा।

### प्रदीप जून और साहिस्ता ने पावरलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीते

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता बुधवार को प्रदीप जून और साहिस्ता ने स्वर्ण पदक जीते। केआईपीजी 2025 के सातवें दिन आज हरियाणा के प्रदीप जून ने 107 प्लस किलोग्राम वर्ग में 194 किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता। आज पदक तालिका के अनुसार हरियाणा 31 स्वर्ण पदक जीतकर शीर्ष पर था। तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश क्रमशः 26 और 22 पदकों के साथ दूसरे स्थान और तीसरे स्थान पर थे।

# आईपीएल 2025 : 15 खिलाड़ियों ने लगाई हॉफ सेंचुरी




आइपीएल 2025

**नई दिल्ली,** 27 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में गेंदबाजों पर कहर बन कर टूट रहे हैं बल्लेबाज। एक दो मैच को छोड़ दिया जाए तो सारे मैच हाई स्कोरिंग रहे हैं। इस टूर्नामेंट में अब तक अलग-अलग टीमों से कुल 15 खिलाड़ियों ने हाफ सेंचुरी लगाई। इसमें 8 भारतीय बल्लेबाज हैं, तो वहीं 7 विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं। टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में हाफ सेंचुरी लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में राजस्थान रॉयल्स के विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और संजू सैमसन, पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर, गुजरात टाइटंस के लिए साई सुदर्शन, कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे, दिल्ली कैपिटल्स के लिए आशुतोष शर्मा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली, चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ हैं। चलिए विस्तार से जानते हैं इन खिलाड़ियों के बारे में। राजस्थान रॉयल्स के विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने अपने पहले मैच में ही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हाफ सेंचुरी लगाई थी। इस टूर्नामेंट में ध्रुव जुरेल ने 2 मैच में कुल 103 रन बनाए, 70 सर्वाधिक स्कोर रहा है। कोलकाता नाइट राइडर्स के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 97 रनों की शानदार पारी खेली। इस टूर्नामेंट में उन्होंने इसी के साथ अपनी पहली हाफ सेंचुरी भी लगाई। 2 मैच में क्विंटन डी कॉक के नाम कुल 101 रन है। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में हाफ सेंचुरी जड़ी। उनके नाम 97 रनों का सर्वाधिक स्कोर है। राजस्थान रॉयल्स के लिए संजू सैमसन ने हाफ सेंचुरी जड़ी है। 2 मैच में उनके नाम 79 रन हैं। सर्वाधिक स्कोर 66 रहा है। लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन ने अपने पहले मैच में दिल्ली के खिलाफ शानदार 75 रनों की पारी खेली। गुजरात टाइटंस के लिए साई सुदर्शन ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 74 रनों की शानदार पारी खेली। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले मैच में पहली हाफ सेंचुरी लगाई। रहाणे ने दो मैच में 74 रन बनाए। 56 उनका सर्वाधिक स्कोर रहा है। लखनऊ सुपर जायंट्स के सलामी बल्लेबाज मिशेल मार्श ने अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ ताबड़तोड़ 72 रनों की पारी खेली। सर्वाधिक स्कोर उनका 72 रहा है। सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 67 रनों की पारी खेली। 67 उनका सर्वाधिक स्कोर रहा। दिल्ली कैपिटल्स के लिए आशुतोष शर्मा ने पहले मैच में 66 रनों की पारी खेली। उनका सर्वाधिक स्कोर 66 रहा। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र ने 65 रनों की पारी खेली। उनका सर्वाधिक स्कोर 65 रहा।

## क्लब विश्वकप जीतने वाली टीम को मिलेंगे 10.70 अरब रुपए : फीफा

**जिनेवा,** 27 मार्च (एजेंसियां)। विश्व फुटबॉल की शासी संस्था फीफा इस वर्ष जून-जुलाई में होने वाले पहले क्लब विश्वकप के लिए लगभग 85.66 अरब रूपये की पुरस्कार राशि की घोषणा की है जिसमें से टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को लगभग 10.70 अरब रूपये मिलेंगे। फीफा ने बताया कि इस वर्ष 14 जून से 13 जुलाई तक अमेरिका में आयोजित पहले फीफा क्लब विश्वकप में 32 टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट के लिए लगभग 85.66 अरब रूपये की पुरस्कार राशि दिये जाने की घोषणा की है। इस राशि में से चैंपियन बनने वाली टीम को लगभग 10.70 अरब रुपये मिलेंगे। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा क्लब विश्व कप का वितरण मॉडल क्लब फुटबॉल के शिखर को दर्शाता है और सात मैचों के ग्रुप चरण और प्लेऑफ प्रारूप वाले फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि है। जिसमें विजेता टीम के लिए संभावित पुरस्कार राशि 10.70 अरब रूपये है। उन्होंने कहा कि 525 डॉलर का हिस्सा सभी भाग लेने वाली टीमों के बीच वितरित किया जाएगा, जबकि शेष 475 मिलियन डॉलर टूर्नामेंट के प्रदर्शन के आधार पर वितरित किए जाएंगे।